www.navpradesh.com
दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, बुधवार, 15 अप्रैल 2026 कृष्ण पक्ष-त्रयोदशी, विक्रम संवत -2083 / वर्ष-12 अंक- 03 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

भारत सरकार
CBC 22201/13/0011/2627
अब नेतृत्व की बारी है,
नारी शक्ति वंदन
की ज़िम्मेदारी है
#NariShaktiVandan
देश की बेटियों को लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33% आरक्षण की गारंटी

15.8+ करोड़ घरों तक पहुंच रहा नल से स्वच्छ जल
12.1+ करोड़ शौचालयों से गरिमापूर्ण जीवन सुनिश्चित

नारी शक्ति की भागीदारी से मजबूत होगा लोकतंत्रः साय

■ **मुख्यमंत्री साय ने सांसदों, विधायकों और महिला संगठनों को लिखा पत्र**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन को लेकर छत्तीसगढ़ के सभी लोकसभा एवं राज्यसभा सांसदों, विधानसभा सदस्यों तथा महिला संगठनों को पत्र लिखकर सक्रिय सहभागिता निभाने का आग्रह किया है। उन्होंने 16 अप्रैल को संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर प्रस्तावित चर्चा को देश के लोकतांत्रिक इतिहास का एक महत्वपूर्ण और निर्णायक क्षण बताते हुए कहा है कि यह मातृशक्ति को लोकतांत्रिक संस्थाओं में ■ शेष पृष्ठ 8 पर

अब नारी शक्ति के प्रतिनिधित्व को नई ऊंचाई देने का समय : मुख्यमंत्री साय

मुख्यमंत्री श्री साय ने महिला संगठनों को लिखे अपने पत्र में महिला संगठनों के निरंतर प्रयासों और योगदान की सराहना करते हुए कहा है कि महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में उनकी सक्रिय भूमिका ने समाज में सकारात्मक परिवर्तन की मजबूत नींव रखी है। उन्होंने उल्लेख किया कि 16 अप्रैल को संसद में होने वाली चर्चा केवल एक विधायी प्रक्रिया नहीं, बल्कि देश की आधी आबादी को उनके अधिकारों से पूर्ण रूप से सशक्त करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। साथ ही यह लोकतंत्र को और अधिक समावेशी एवं संवेदनशील बनाने का अवसर है।

सशक्त भारत की ओर एक ऐतिहासिक कदमः लक्ष्मी

रायपुर/नवप्रदेश। भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 एक मील का पत्थर है। यह केवल एक संवैधानिक संशोधन नहीं, बल्कि देश की करोड़ों महिलाओं के आत्मविश्वास, अधिकार और नेतृत्व क्षमता को नई दिशा देने वाला ऐतिहासिक निर्णय है।

माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में यह ऐतिहासिक ■ शेष पृष्ठ 8 पर

नारी शक्ति वंदन अधिनियमः आत्मविश्वास, अधिकार और नेतृत्व क्षमता को नई दिशा देगा

प्रधानमंत्री जन-धन योजना, मुद्रा योजना, उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन और जल जीवन मिशन जैसी पहलों ने महिलाओं के जीवन को सरल, सुरक्षित और सम्मानजनक बनाया है। आज महिलाएं बैंकिंग प्रणाली से जुड़कर आर्थिक निर्णय ले रही हैं, उद्यमिता की ओर अग्रसर हो रही हैं और आत्मनिर्भरता की नई मिसाल कायम कर रही हैं। शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में भी बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे वे भविष्य की सशक्त नेतृत्वकर्ता बन सकें। नारी शक्ति वंदन अधिनियम इन सभी प्रयासों को एक नई ऊंचाई प्रदान करेगा। जब महिलाएं संसद और विधानसभाओं में अधिक संख्या में पहुंचेंगी, तो वे अपने अनुभव, संवेदनशीलता और जमीनी समझ के साथ समाज के हर वर्ग के हितों का बेहतर प्रतिनिधित्व करेंगी। इससे नीतियां अधिक जन-केंद्रित और न्यायसंगत बनेंगी।

आज बेबाक

समझ में नहीं आता कि अमेरिका के उपराष्ट्रपति और ईरानी संसद के अध्यक्ष जैसे बड़े ओहदे दार आखिर गलबहिया करने क्या सोचकर आतंकिस्तान गए थे? इतने बड़े लोगों को इतनी छोटी सी बात समझ में नहीं आई की कोटे पर मूजरा होता है। जहां पैसा फेका जाता है और तमाशा देखा जाता है। अब दलाल के चक्कर में पड़कर जोरा बाई के कोठे पर मुजरा देखने की जगह शादी करने जाओंगे तो मुंह लटकार वापस आओगे। बहरहाल भिखारीस्तान के पीएम शाहबाज शरीफ की टेंशन बढ़ गई है। वो भिखारी उस सात सितारा होटल का बिल कैसे चुकाएगा? किसके आगे हाथ फैलाएगा।

डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल के ड्रेसर का 5000 रिश्वत लेते वीडियो वायरल, सस्पेंड

जशपुर/नवप्रदेश। जशपुर जिला अस्पताल के ड्रेसर किशोर कुमार चौहान के रिश्वत लेने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें वो 5 हजार रुपए लेकर गिनते नजर आ रहा है। 2 हजार और देने की बात कह रहा है। वीडियो सामने आने के बाद ड्रेसर को सस्पेंड कर दिया गया है। सरकारी कर्मचारी ने इलाज के बाद पैसा रिम्बर्समेंट के लिए आवेदन दिया था। जिसे पास करने के एवज में रिश्वत मांगी गई। वीडियो में दोनों 45 हजार रुपए इलाज में खर्च और आईवीएफ के बारे में बातचीत करते नजर आ रहे हैं। ड्रेसर यह भी कह रहा कि जिसके साइन से पैसा निकल रहा है, उसको पैसा नहीं देना चाह रहे हो तुम। हम चाहते तो बिल को रायपुर भेज देते। लेकिन रायपुर से पास नहीं होता, क्योंकि आईवीएफ का पैसा नहीं मिलता है।

वेदांता पावर प्लांट हादसाः गंभीर मरीज रायगढ़ के अस्पताल में भर्ती, पुलिस व प्रशासन की टीम मौजूद

बॉयलर फटा, 10 मौतें

सक्ती/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में स्थित वेदांता पावर प्लांट में मंगलवार दोपहर एक हृदय विदारक हादसा हो गया। प्लांट के भीतर अचानक बॉयलर फटने से हुए जोरदार धमाके की चपेट में आने से 10 श्रमिकों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 25 से अधिक मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए हैं। प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर राहत कार्य में जुटी है। हादसे के बाद हड़कंप मच गया है।

मिली जानकारी के अनुसार सक्ती जिले के सिंघीतराई स्थित वेदांता पावर प्लांट में हर रोज की तरह सामान्य काम चल रहा था। इस दौरान अचानक दोपहर करीब 2 बजे बॉयलर में ब्लास्ट हो गया। धमाका इतना जोरदार था कि आसपास काम कर रहे मजदूरों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। पुलिस के अनुसार शुरुआती जांच में हादसे की वजह ट्यूब का फटना माना जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही ■ शेष पृष्ठ 8 पर

रायगढ़ के अस्पतालों में अलर्ट, प्रशासन अलर्ट

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक वेदांता पावर प्लांट में विस्फोट में घायल हुए 18 लोगों को रायगढ़ के जिंदल फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गंभीर रूप से घायल 5 मजदूरों की मौत होने की खबर है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, कई घायलों की स्थिति बेहद नाजुक बनी हुई है। प्रशासन ने अस्पताल प्रबंधन को हाई अलर्ट पर रखा है, ताकि घायलों को समय पर चिकित्सा मिल सके।

हताहत सभी सब-कॉन्ट्रैक्टर एनजीएसएल के कर्मचारी

पावर प्लांट के प्रवक्ता ने कहा कि '14 अप्रैल 2026 की दोपहर हमारे पावर प्लांट के बॉयलर यूनिट में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई, जिसमें हमारे सब-कॉन्ट्रैक्टर एनजीएसएल के कर्मचारी शामिल थे, जो इस यूनिट का संचालन और रखरखाव करते हैं। हमारी तत्काल प्राथमिकता सभी प्रभावित लोगों को सर्वोत्तम संभव चिकित्सा सहायता और उपचार सुनिश्चित करना है। हम घायलों को पूर्ण सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

दोषियों पर सख्त कार्रवाईः साय

सक्ती जिले में सिंघीतराई स्थित 'वेदांता पावर प्लांट' में बॉयलर फटने से हुई भीषण दुर्घटना की सूचना अत्यंत दु:खद एवं पीड़ादायक है। इस दुर्घटना में कुछ श्रमिकों के निधन और घायल होने का समाचार अत्यंत व्यथित करने वाला है। मेरी गहरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। जिला प्रशासन मौके पर मौजूद है, राहत एवं बचाव कार्य तेजी से जारी है। घायलों के बेहतर उपचार के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। घटना की गहन और निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाएगी। इसमें जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

- विष्णु देव साय, मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने की कलेक्टर और एसपी से बात

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने वेदांता थर्मल पावर प्लांट में हुए हादसे पर शोक और गंभीर चिंता व्यक्त की है। हादसे की खबर मिलते ही उन्होंने जिले के कलेक्टर और एसपी से फोन पर चर्चा की और पूरी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में प्रभावित परिवारों का साथ देना सरकार और प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए।

श्रमिकों की सुरक्षा सर्वोपरिः महंत

डॉ. चरणदास महंत ने इस घटना को अत्यंत गंभीर बताते हुए कहा कि उद्योगों के विकास के साथ-साथ श्रमिकों की सुरक्षा सर्वोपरि होनी चाहिए। हादसे के बाद क्षेत्र में उपजे तनाव को देखते हुए उन्होंने प्रशासन को स्थिति पर पैनी नजर रखने और कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रभावितों को आश्वासन दिया है कि वह व्यक्तिगत रूप से इस पूरे मामले की निगरानी कर रहे हैं और न्याय सुनिश्चित करेंगे।

मुआवजा और घायलों को मिले बेहतर उपचारः भूपेश बघेल

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि सक्ती स्थित वेदांता पावर प्लांट में हुई बॉयलर ब्लास्ट की सूचना अत्यंत पीड़ादायक है। इस भीषण हादसे में अब तक 4 मजदूरों की मौत तथा दर्जनों मजदूरों के बुरी तरह घायल होने की खबर है। ईश्वर दिवंगत जनों को शांति एवं शोकाकुल परिजनों को संबल प्रदान करें। शासन-प्रशासन से पीड़ितों के लिए उचित मुआवजे के साथ ही सभी घायलों के यथोचित उपचार की व्यवस्था की जाए।

पीएम मोदी ने की ट्रम्प से 40 मिनट तक बात

■ **ईरान-अमेरिका सीजफायर के बाद पहली बातचीत, 20 दिन में दूसरी बातचीत**

नई दिल्ली/ए.। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के बीच करीब 40 मिनट तक फोन पर बातचीत हुई। एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक अमेरिका-ईरान सीजफायर के बाद दोनों नेताओं के बीच पहली बातचीत थी। आधिकारिक जानकारी के मुताबिक, दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया की स्थिति और शांति बहाल करने की जरूरत पर बात की थी। फोन कॉल के दौरान पीएम मोदी ने ट्रम्प से कहा, 'भारत के लोग आपको पसंद करते हैं।'

भारत-अमेरिका के रिश्ते मजबूतः अमेरिकी राजदूतः भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने कहा है कि भारत और अमेरिका के रिश्ते मजबूत हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच सहयोग लगातार बढ़ रहा है और कई अहम मुद्दों पर साथ मिलकर काम किया जा रहा है।

ट्रम्प-मोदी के बीच 20 दिन में दूसरी बातचीतः इससे पहले पीएम मोदी और ट्रम्प के बीच 24 मार्च को फोन पर बात हुई थी। उस बातचीत में दोनों नेताओं ने मिडिल ईस्ट के हालात पर बात की थी।

बिहार में अब बीजेपी राज, सम्राट को ताज

■ **नीतीश कुमार ने बिहार के मुख्यमंत्री पद से दिया इस्तीफा, आज शपथग्रहण**

पटना (ए.)। सम्राट चौधरी बिहार के नए मुख्यमंत्री होंगे। उन्हें पहले बीजेपी फिर एनडीए विधायक दल का नेता चुन लिया गया है। थोड़ी देर में वे राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे। इस्तीफे के बाद उन्होंने कहा, मैंने नीतीश जी से राजनीति सीखी है। उनके साथ मैंने काम किया है। उनके समृद्ध बिहार को और आगे ले जाना है। सम्राट चौधरी का 15 अप्रैल को लोकभवन में शपथग्रहण समारोह होगा। इसके ■ शेष पृष्ठ 8 पर

26 लाख के गांजा के साथ 6 तस्कर पकड़ाए

जगदलपुर/नवप्रदेश। जगदलपुर में पुलिस ने 54 किलो गांजा के साथ 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी गांजा को राजस्थान ले जाने के लिए सप्लाई की तैयारी में थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से करीब 54 किलो गांजा बरामद किया गया है, जिसकी कीमत लगभग 26.97 लाख रुपए है। साथ ही 6 मोबाइल फोन और कैश बरामद की गई है। मामला बोधघाट थाना क्षेत्र का है।

खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड में फिर फूटा भ्रष्टाचार

100 की साड़ी, 500 में सप्लाईः खादी ग्रामोद्योग ने खेला भ्रष्टाचार का खेल

■ **पहले भी गड़बड़ी और अनियमितताओं के लिए सुर्खियों में रहा है खादी ग्रामोद्योग**

रायपुर/ नवप्रदेश)। पिछले कुछ अरसे से गड़बड़ी, कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार के मामलों में लगातार सुर्खियां बटोर रहे खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड में एक बार फिर भ्रष्टाचार फूडा है। बोर्ड की कारगुजारियों के कारण न सिर्फ महिला एवं बाल विकास विभाग बल्कि पूरे राज्य सरकार पर आंच आ रही है। खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा कुल 1 लाख 94 हजार 5 सौ साड़ियों की सप्लाई में गड़बड़ी की गई है।

साड़ियों की सप्लाई के बाद आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने पूरे प्रदेश में घटिया गुणवत्ता की साड़ियां सप्लाई होने की शिकायत की है। साड़ियों की साइज महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा निर्धारित साइज से कम है। पानी में साड़ी भिगोने पर पूरा रंग उतर रहा है। साड़ियों की क्वालिटी बेहद घटिया बताई जा रही है। इसके कारण पूरे प्रदेश में महिला एवं बाल विकास विभाग की किरकिरी हो रही है। गौरतलब है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए साड़ियों की सप्लायर को इन साड़ियों की एवज में कुल 9 करोड़ 72 लाख रुपए का भुगतान किया जाना ■ शेष पृष्ठ 8 पर

खादी ग्रामोद्योग की गलती, निशाने पर महिला बाल विकास

साड़ी खरीदी में भ्रष्टाचार के आरोप महिला एवं बाल विकास विभाग पर लग रहे हैं। इस मामले को लेकर महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े और विभागीय अफसरों के खिलाफ पूरे प्रदेश में महिला कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। सच ये है कि घटिया साड़ियों की सप्लाई के मामले में खादी ग्रामोद्योग बोर्ड में भ्रष्टाचार किया गया है।

ये शिकायतें मिली

महिला एवं बाल विकास विभाग ने 5.5 मीटर से 6.3 मीटर लंबी साड़ियों की सप्लाई करने के आदेश दिये थे। लेकिन, खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग के सप्लायर ने केवल 5 मीटर लंबी साड़ी की सप्लाई की। साड़ियों की क्वालिटी एकदम घटिया है। एक बार की धुलाई में ही साड़ियों का रंग उतर गया। धुलने के बाद साड़ी सिकुड़ गई है। साड़ी इतनी पतली है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने इसे पहनने से इनकार कर दिया है।

साड़ियां बदलने के निर्देश भुगतान भी रोका गया

महिला एवं बाल विकास विभाग ने पूरे प्रदेश में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भेजी गई साड़ियों को वापस मंगाया है। सभी को निर्धारित साइज और बेहतर क्वालिटी की साड़ियां सप्लाई करने के निर्देश दिये गए हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग की संचालक ने जांच के लिये कमेटी गठित कर दी है। फिलहाल भुगतान पर रोक लगा दी गई है। खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग को गुणवत्ता सुधारने के कड़े निर्देश भी दिये गए हैं।

नक्सलवाद का अंत : पुलिस जवानों की शहादत, कई ग्रामीण घायल हुए, आगजनी में तबाह हुआ था मलैदा और लक्षणा का रेस्टहाऊस

गोलियों की आवाज और दहशत में बीते तीन दशक, अब नक्सलमुक्त होकर मुस्कुराया जिला

सोमेश लहरे

खैरागढ़/नवप्रदेश। तीन दशक से अधिक समय तक नक्सली हिंसा और दहशत की चपेट में रहा खैरागढ़ जिला अब पूरी तरह नक्सल मुक्त हो गया है। 1990 के दशक से लगातार नक्सली गतिविधियों का केंद्र रहे इस जिले के गातापार जंगल, साल्हेवारा, बकरकट्टा, ईटार और देवरी जैसे इलाकों में अब नक्सलियों का साया पूरी तरह समाप्त हो गया है। इन क्षेत्रों में लंबे समय तक विकास कार्य ठप रहे थे। मलैदा गांव के ग्रामीणों पर हर घर से नक्सली ■ शेष पृष्ठ 8 पर

खैरागढ़ जिले को आधिकारिक रूप से नक्सल मुक्त घोषित कर दिया गया है। यह घोषणा न केवल सुरक्षा बलों की सफलता है, बल्कि स्थानीय ग्रामीणों के लिए भी राहत की खबर है। अब इन क्षेत्रों में विकास कार्य तेजी से शुरू हो सकेंगे।

- लक्ष्य शर्मा, एसपी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई

80 से ज्यादा नक्सली घटनाएं दर्ज

जिले के पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, वर्ष 2001 से 2026 तक कुल 72 से अधिक नक्सली घटनाएं दर्ज की गईं। इनमें हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट, विस्फोटक, आगजनी, लूट और डकैती जैसी गंभीर वारदातें शामिल हैं। इस दौरान कई जवान शहीद हुए और कई घायल भी हुए। वर्ष 2003 में गातापार थाना क्षेत्र के चंगुदा घाटी स्थित कुकरापाट मंदिर के पास नक्सलियों से मुठभेड़ में प्रधान आरक्षक मधुशंकर बोराडे शहीद हो गए थे, जबकि आरक्षक राजेंद्र चक्रवर्ती गंभीर रूप से घायल हुए थे।

नक्सलियों ने मलैदा और लक्षणा के रेस्ट हाउस जलाया था

छत्तीसगढ़ बनने से पहले नक्सलियों का इस क्षेत्र में खासा दबदबा था। वर्ष 1992-93 में सरकार के खिलाफ विरोध जताते हुए नक्सलियों ने मलैदा का प्रसिद्ध रेस्ट हाउस जला दिया था, जहां विभागीय अधिकारी और जनप्रतिनिधि ठहरते थे। इसके बाद लक्षणा में भी रेस्ट हाउस के साथ दो ट्रकों को आग के हवाले कर दिया गया। इसी दौरान वन विभाग के सबसे बड़े बांस उत्पादन डिपो चंगुर्दा में आग लगाकर लाखों रुपये के बांस को राख कर दिया गया था।

गांव चलो, बस्ती चलो अभियान

धमधा/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी द्वारा स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे देशव्यापी 'गांव चलो, बस्ती चलो' अभियान के अंतर्गत धमधा भाजपा मंडल में व्यापक जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष लोकेंद्र ब्रह्मभट्ट के नेतृत्व में संपन्न हुआ। अभियान के तहत कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने ग्राम हीरेतरा, राजपुर एवं बिरझापुर में घर-घर जाकर केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचाई। इस दौरान साजा विधायक ईश्वर साहू ने कार्यकर्ताओं के साथ विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से मुलाकात कर उनके अनुभव भी जाने। विधायक ने प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि एवं हर घर नल-जल योजना जैसी प्रमुख योजनाओं के बारे में ग्रामीणों से चर्चा की तथा उनके जीवन में आए बदलाव की जानकारी ली।

अभियान के दौरान क्षेत्र के वरिष्ठ एवं पुराने भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मान भी किया गया। विधायक ईश्वर साहू, मंडल अध्यक्ष लोकेंद्र ब्रह्मभट्ट एवं नगर पंचायत अध्यक्ष श्वेता अग्रवाल द्वारा उन्हें श्रीफल एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही ग्राम हीरेतरा, राजपुर एवं बिरझापुर के विभिन्न क्षेत्रों एवं मंदिर परिसरों में कार्यकर्ताओं द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिससे स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया। विधायक ईश्वर साहू ने इस अवसर पर ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनीं और उनके त्वरित समाधान के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। मंडल अध्यक्ष लोकेंद्र ब्रह्मभट्ट ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना और जनता से सीधा संवाद स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता अंत्योदय की भावना के साथ समाज सेवा के लिए समर्पित है।

कार्यक्रम में मंडल महामंत्री बनउं वर्मा, छगन साहू, मंडल उपाध्यक्ष कोमल मरकाम, मनीषा ताम्रकार, मनोज साहू, महिला मोर्चा अध्यक्ष श्वेता शर्मा, किसान मोर्चा अध्यक्ष बलदाऊ पाल, पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष हर्ष साहू, स्ज्ञ मोर्चा अध्यक्ष नरोत्तम मंडावी, युवा मोर्चा अध्यक्ष जितेंद्र साहू, स्ष्ट मोर्चा अध्यक्ष छत्रपाल चंदेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेश चंद्र साहू, युवा मोर्चा जिला महामंत्री आरुणि दानी, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष धर्मपाल वर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

गैस सिलेंडर नहीं मिला, रिकॉर्ड में दिखा डिलीवरी

■ **नंदई के गरीब परिवार की परेशानी बढ़ी**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शहर के नंदई क्षेत्र में रहने वाले एक गरीब परिवार को गैस सिलेंडर नहीं मिलने के बावजूद रिकॉर्ड में डिलीवरी दिखाए जाने का मामला सामने आया है, जिससे प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

नंदई निवासी श्री हुकुम जी, जो पेशे से हमाल हैं, ने अपनी गंभीर समस्या साझा करते हुए बताया कि उनके घर में उनकी माता जानकी बाई के नाम से गैस कार्ड बना हुआ है। उन्होंने 31 तारीख को गैस सिलेंडर के लिए बुकिंग कराई थी, जिसके लिए ओटीपी भी जनरेट हुआ था, लेकिन आज तक उन्हें सिलेंडर प्राप्त नहीं हुआ। हैरानी की बात यह है कि उनके गैस कार्ड में वर्ष 2028 और 2029 तक की मैनुअल एंट्री दर्ज कर दी गई है, जो पूरे मामले को संदिग्ध बनाती है। वहीं गैस एजेंसी का दावा है कि 5 तारीख को सिलेंडर की डिलीवरी कर दी गई है और अब अगली बुकिंग 25 दिन बाद ही संभव होगी।

वास्तविक स्थिति यह है कि हुकुम जी का परिवार आज भी गैस सिलेंडर के अभाव में लकड़ी के चूल्हे पर खाना बनाने को मजबूर है। कई दिनों से गैस के बिना गुजर-बसर कर रहा यह परिवार बेहद कठिन परिस्थितियों का सामना कर रहा है।

मामले की जानकारी मिलने पर संबंधित जनप्रतिनिधि स्वयं पीड़ित के घर पहुंचे और परिवार से मुलाकात कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित विभाग और जिम्मेदार अधिकारियों को फोन के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई है। अब देखना होगा कि इस गंभीर मामले में प्रशासन क्या कार्रवाई करता है और क्या गरीब आदिवासी परिवार को न्याय मिल पाता है या नहीं।

न्यूज गैलरी

महासमुंद में मनाया विश्व होम्योपैथिक दिवस, महात्मा हैनीमैन को किया नमन

महासमुंद / नवप्रदेश। होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के जनक महात्मा हैनीमैन की जयंती 10 अप्रैल को विश्व होम्योपैथिक दिवस के रूप में शहर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर वरिष्ठ होम्योपैथ डॉ. एम.एल. गोलदार के क्लीनिक में शहर के होम्योपैथिक चिकित्सकों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित हुआ।कार्यक्रम में डॉ. सुखलाल साहू, डॉ. अभिषेक साहू, डॉ. लोमश आनंद, डॉ. मीनाक्षी कश्यप, डॉ. अनिल अग्रवाल, चंद्रशेखर साहू एवं विष्णु प्रसाद मिश्रा सहित अन्य चिकित्सकों ने महात्मा हैनीमैन के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।इस दौरान डॉ. एम.एल. गोलदार ने महात्मा हैनीमैन के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनका जन्म 10 अप्रैल 1755 को जर्मनी में हुआ था। उन्होंने एमडी की पढ़ाई के बाद पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को छोड़कर एक नई उपचार प्रणाली विकसित की, जिसे होम्योपैथी नाम दिया गया। इस पद्धति से उन्होंने कई जटिल और असाध्य रोगों का सफल उपचार किया।डॉ. मीनाक्षी कश्यप ने कहा कि होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति आज लोगों के बीच तेजी से विश्वास कायम कर रही है। इसमें रोगी के धैर्य और नियमित उपचार से बेहतर परिणाम मिलते हैं तथा दवाइयों के दुष्प्रभाव भी नगण्य होते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित चिकित्सकों ने होम्योपैथी के महत्व और इसके व्यापक प्रचार-प्रसार पर भी जोर दिया।

आप की बैठक में संगठन विस्तार और सदस्यता अभियान पर जोर

महासमुंद / नवप्रदेश। संगठन विस्तार को लेकर रविवार को आम आदमी पार्टी (आप) महासमुंद विधानसभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जोन प्रभारी भूपेंद्र चंद्राकर, प्रदेश सह सचिव संजय यादव एवं जिलाध्यक्ष राकेश झाबक विशेष रूप से उपस्थित रहे।बैठक को संबोधित करते हुए जोन प्रभारी भूपेंद्र चंद्राकर ने कहा कि पार्टी इस बार छत्तीसगढ़ के हर जिले में पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ेगी। इसके लिए प्रदेशभर में सदस्यता अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। जिलाध्यक्ष राकेश झाबक ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए प्रत्येक ब्लॉक में ब्लॉक अध्यक्ष की नियुक्ति कर गांव-गांव तक पहुंच बनानी होगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ बचाओ यात्रा के दौरान दिल्ली की शिक्षा और स्वास्थ्य मॉडल की जानकारी देकर लोगों को पार्टी के प्रति जागरूक किया जाएगा।प्रदेश सह सचिव संजय यादव ने कहा कि आने वाले समय में शिक्षा के स्तर में सुधार के उद्देश्य से कॉलेजों में भी यूथ विंग का विस्तार किया जाएगा। जिला महासचिव मधुराम यादव ने बताया कि आम आदमी पार्टी जिले में पहले से ही मजबूत स्थिति में है और आगामी सभी चुनावों में अपने प्रत्याशी उतारने के लिए तैयार है। बैठक में तुलुराम ध्रुव, अजीम खान, अगेश्वर यादव, पूनाराम निषाद, मोहन साहू, मेघा चंद्राकर, सीता दीवान, भागवत साहू, अजय टोंद्रे, हेमलाल साहू, राजेश तिवारी और लुकेश्वर सेन सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मंडी उपनिरीक्षक भर्ती तैयारी को धार देने नवकिरण अकादमी में अंतिम मेगा टेस्ट आयोजित



महासमुंद / नवप्रदेश। नवकिरण अकादमी में मंडी उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा 2026 की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए चार टेस्ट सीरीज के अंतर्गत चौथा एवं अंतिम मेगा टेस्ट सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।जिला समन्वयक डी. बसंत साव ने जानकारी देते हुए बताया कि मेगा टेस्ट-04 को मंडी उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा के संपूर्ण पाठ्यक्रम को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया था। इसमें कुल 100 अंकों के 100 प्रश्न शामिल थे, जिनमें हिंदी, अंग्रेजी, गणित, रीजनिंग, भारतीय इतिहास, भूगोल, भारतीय संविधान, अर्थव्यवस्था, सामान्य विज्ञान, समसामयिक घटनाएं, छत्तीसगढ़ सामान्य ज्ञान तथा कंप्यूटर जैसे महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया गया।उन्होंने बताया कि इस तरह का समग्र प्रश्नपत्र अभ्यर्थियों को वास्तविक परीक्षा जैसा अनुभव प्रदान करता है। टेस्ट सीरीज का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में नियमित अभ्यास की आदत विकसित करना, समय प्रबंधन में सुधार लाना तथा परीक्षा के प्रति आत्मविश्वास बढ़ाना है।

महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

धरसीवां / कूंरा/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा बूथ कमेंटी गठन के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित किया गया जिसमें बूथ कमेटी गठन एवं पंचायत कमेटी गठन को लेकर चर्चा की गई ब्लॉक अध्यक्ष आशीष वर्मा एवं सभी मंडल अध्यक्षगण ने बूथ गठन के संबंध में जिला प्रभारी विनोद चंद्राकर एवं जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे को जानकारी दी, जिला अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेताओ ने सभी कार्यकर्ताओं को एक जूट और संगठन में ईमानदारी से काम करने के निर्देश दिए ।

नारी शक्ति अधिनियम के तहत देशभर में होंगे कार्यक्रम

'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' महिला सशक्तिकरण की दिशा में निर्णायक कदम

धमतरी/नवप्रदेश। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पारित होने पर देशभर में उत्सव मनाने की तैयारी है। इसी कड़ी में धमतरी जिले में भी वृहद कार्यक्रम आयोजित होगा। इसे लेकर सोमवार को महासमुंद लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी,भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू,किसान मोर्चा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पिंकी शिवराज शाह ने जिला कार्यालय में बैठक ली और तैयारियों की समीक्षा की। सांसद रूप कुमारी चौधरी ने कहा, यह अधिनियम महिलाओं के लिए ऐतिहासिक सौगात है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारत की महिलाओं के लिए सिर्फ अवसरों के द्वार नहीं खोलता, बल्कि सत्ता के केंद्र को अधिक समावेशी बनाता है। वर्षों से नीति निर्माण में महिलाओं की आवाज़ सीमित रही है। यह अधिनियम उस स्थिति को बदलते हुए महिलाओं को निर्णय लेने की

प्रक्रिया में उनका उचित स्थान सुनिश्चित करता है। इससे शासन अधिक संतुलित, संवेदनशील और जन-आकांक्षाओं के अनुरूप बनेगा। वहीं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधायक रंजना साहू ने कहा महिला नेतृत्व अपने साथ जमीनी अनुभव और दृष्टिकोण लेकर आता है, चाहे वह स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा या आर्थिक सशक्तिकरण का विषय हो। उनकी बढ़ती भागीदारी न केवल नीतियों को प्रभावित करेगी, बल्कि देशभर की लाखों बेटियों को आगे बढ़ने और नेतृत्व करने की प्रेरणा भी देगी।यह केवल एक कानून नहीं, बल्कि एक सामाजिक परिवर्तन की शुरुआत है। जब महिलाएं आगे बढ़ती हैं, तो भारत और अधिक मजबूत, न्यायसंगत और प्रतिनिधिक बनता है।धमतरी में होने वाले कार्यक्रम में मातृशक्ति की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। किसान मोर्चा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पिंकी शाह ने कहा 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक और निर्णायक कदम है।

अर्चना चौबे को इस कार्यक्रम के प्रभारी एवं प्रेमलता नागवंशी को इस कार्यक्रम की सह प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है,इस दौरान महिला मोर्चा अध्यक्ष अनिता यादव,जिला पंचायत सदस्य मोनिका देवांगन, जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव, महिला मोर्चा जिला महामंत्री प्रियंका सिन्हा, कविता यादव मंडल अध्यक्ष पूजा कुंजाम, संगीता जगताप, दमयंती गजेंद्र, आशा लोधी, रितिका यादव, विभा चंद्राकर, हिमानी साहू, भारती साहू, चंद्रभागा साहू, सुशीला तिवारी, अनीतासोनकर, रीता बंजारे आदि उपस्थित रहे।

कुंभकार समाज का वार्षिक अधिवेशन में अभयलाल कुंभकार बने जिलाध्यक्ष

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कुंभकार समाज जिला महासमुंद का वार्षिक अधिवेशन गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री एवं आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष नंदकुमार चक्रधारी ने की। अधिवेशन में मंडल अध्यक्ष आरंग देवनाथ साहू, वरिष्ठ पदाधिकारी कृष्ण कुमार भारद्वाज, गणेशराम साहू, आरंग नगर पालिका अध्यक्ष संदीप जैन, जनपद सदस्य लीला लच्छन निषाद, पारागांव सरपंच अंजू शशिकांत बंजारे, उपसरपंच राधेलाल निषाद, सरपंच खुशबू राहुल प्रजापति सहित समाज के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे। इसके साथ ही कुंभकार समाज छत्तीसगढ़ के महामंत्री हेमलाल कौशिक, उपाध्यक्ष आत्माराम प्रजापति, निर्वाचन अधिकारी रतनलाल चक्रधर, वरिष्ठ सलाहकार कैलाश प्रजापति, बीपी चक्रधर, दौवाराम कुंभकार, लखन लाल कुंभकार, प्रवक्ता अखिलेश प्रजापति, कार्यालय प्रभारी रूपेश कुमार चक्रधारी, प्रदेश मीडिया प्रभारी लुमेश चक्रधारी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

जन्मदिन समारोह में शामिल हुए महापौर

धमतरी/नवप्रदेश। नगर के अनेक समाज जन, विभिन्न सामाजिक संस्था, समिति, वरिष्ठ नागरिक सहित मॉर्निंग ग्रुप के सदस्यों द्वारा आज इनडोर स्टेडियम में महापौर की उपस्थिति में समाजसेवी गणेश राव पवार का 82 वा वर्षगांठ धूमधाम से मनाया गया।

उनका जन्मदिन पूर्णत: सनातनी ढंग से मनाया गया, सर्वप्रथम श्री राम चन्द्र जी के तैल चित्र पर सबकी उपस्थिति में विप्रजन द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कर, पवार जी का पुष्पहार से सभी ने स्वागत किया,उनसे आशीर्वाद प्राप्त कर सभी ने ईश्वर से उनकी शतायु होने की प्रार्थना कर,सभी लोगों ने बारी बारी से महापौर जी का स्वागत किया।

इस अवसर पर योगेश फाउंडेशन के संरक्षक भूपेन्द्र मिश्रा ने कहा कि, संभवत: यह पहला कार्यक्रम व अवसर है जब बिना किसी मांग के हम सभी ने रामू जी को इस आयोजन के अतिथि बनाया गया आज इस शुभ अवसर पर हम नगर के प्रति समर्पण भाव से सरल एवं सहज भाव से मिलनसार व्यक्तित्व के धनी को हम सभी भरपूर आशीर्वाद देते हुए उनसे आग्रह करते है कि, पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने जून,जुलाई में इनडोर स्टेडियम में महापौर के हाथों,नगर के प्रबुद्ध, गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में योगेश फाउंडेशन द्वारा वृहद वृक्षारोपण का कार्य किया जाएगा।

इसी कड़ी में वरिष्ठ नागरिक एवं समाज सेवी शत्रुघ्न प्रसाद पांडे द्वारा भविष्य में लगाए जाने वाले पौधों की देख रेख, सुरक्षा की जवाब दारी सभी लोगों के सहयोग से किए जाने का संकल्प लिया गया।

होप कोचिंग सेंटर की समर क्लासेस शुरू

■ **पढ़ाई के साथ एक्टिविटी और पिकनिक से बच्चों में दिखा उत्साह**

गरियाबंद/नवप्रदेश। शहर के होप कोचिंग सेंटर में समर क्लासेस की शुरुआत हो चुकी है, जहां बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से सर्वांगीण विकास का अवसर दिया जा रहा है।

कोचिंग सेंटर के शिक्षकों द्वारा बच्चों के लिए इंग्लिश क्लासेस, पेंटिंग, आर्ट एवं अन्य एक्टिविटी क्लासेस का आयोजन किया जा रहा है, जिससे बच्चों की प्रतिभा को निखारने में मदद मिल रही है।

रविवार को समर क्लासेस के अंतर्गत सभी बच्चों को साईं मंदिर गार्डन पिकनिक के लिए ले जाया गया। इस दौरान बच्चों के लिए विभिन्न मनोरंजक गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनमें खेल, संगीत, समूह गतिविधियां और आपसी मेल-जोल शामिल रहा। पूरे दिन बच्चों ने जमकर आनंद लिया और सीखने के साथ मनोरंजन का भरपूर अनुभव प्राप्त किया। शिक्षिका ज्योति सचिन ने बताया कि समर क्लासेस का उद्देश्य बच्चों को केवल पढ़ाई तक सीमित रखना नहीं, बल्कि उनके अंदर छिपी प्रतिभाओं को बाहर लाना है। उन्होंने कहा कि इंग्लिश, पेंटिंग, आर्ट जैसी गतिविधियों के माध्यम से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है और वे नई चीजें सीखने के लिए प्रेरित होते हैं।उन्होंने आगे कहा कि पिकनिक जैसे आयोजन बच्चों के मानसिक और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इससे बच्चों में आपसी मेल-जोल बढ़ता है और वे पढ़ाई के साथ-साथ मनोरंजन का भी आनंद लेते हैं।

'वार्ड चलो अभियान' में जुटे कार्यकर्ता, योजनाओं की दी गई जानकारी

महासमुंद। भाजपा के स्थापना दिवस से प्रारंभ हुए 'वार्ड चलो अभियान' के तहत शहर के वार्ड-01, 14 एवं 16 का संयुक्त कार्यक्रम शंकरनगर स्थित गौरा चौक में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों की सक्रिय भागीदारी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रलय थिटे, शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश मीडिया प्रभारी एमआर विश्वनाथन, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी

एवं शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका उपस्थित रहे। इसके अलावा जोन प्रभारी एवं वरिष्ठ शहर उपाध्यक्ष झनकराम साहू, जोन संयोजक राकेश श्रीवास्तव, महिला मोर्चा की पूर्व जिलाध्यक्ष सुधा साहू, बूथ प्रभारी दुर्गा सार्वा, पलास यादव, हेमलता केशरवानी सहित कई पदाधिकारी मंचासीन रहे।

हमर शीतला माता रानी सागर तालाब की 100 वर्ष बाद हो रही सफाई

धरसीवां / कूंरा । नगरपंचायत कुंवरगढ़ कूंरा तालाबों के नाम से प्रसिद्ध है यहां के बुजुर्गों के बताए अनुसार 6 कोरी 6 तालाब बताए जाते है और इन तालाबों के सुरक्षित रहते कुंवरगढ़ कूंरा के लोगो को कभी भी पेय जल पानी एवं निस्तार व्यवस्था की दिक्कत नहीं होने की बात नगर के बुजुर्गों ने मीडिया से बात चित में कही पर उन लोगों ने यह भी गुहार लगाई कि हमारे नगर के समस्त 6 कोरी 6 आगर तालाब जो दू की आवाज बनी हुई है उसे बचा के रखने के लिए नगर के चारों दिशा में बसे तालाब को हर वर्ष कम से कम 2 तालाबों की

सफाई कर सभी तालाबों की संरक्षित करने की बात कही गई है । इसी बात को लेकर कुंवरगढ़ के नागरिकों के द्वारा अपना बहुमू ल्य मत देकर नगरपंचायत अध्यक्ष गोविंद साहू एवं उपाध्यक्ष राजा भैया के सहित समस्त पार्षदों के ऊपर बागडोर सौंपा गया है । वहीं नगर प्रमुख अध्यक्ष गोविंद साहू , उपाध्यक्ष राजा भैया सहित समस्त पार्षदगणों ने जो नगर के प्रमुख तालाबों की सफाई का बीड़ा उठाया है उनके लिए नगर के सभी नागरिकजनों में काफी उत्साह देखा जा रहा है ।

साथ ही जिस रानी सागर तालाब की सफाई हो रहा है उनमें साहू समाज एवं नागरिकों के सहयोग द्वारा कम से कम दो करोड़ की लागत से बीच तालाब के अंदर माता शीतला जी की मंदिर निर्माण कर मूर्ति स्थापित करेंगे , तो वहीं नगर के सतनाम समाज द्वारा जो उनके पूर्वजों से तालाब के बीच में खड़ा किए खंबे जो टूट गया था उनका आज सोमवार को तालाब के बीचों बीच नया जयत खम्भ खड़ा किए जाएंगे।

अभियान चलाकर दी जा रही केन्द्र और राज्य की योजनाओं की जानकारी

हर भारतीय की सेवा करना भाजपा का संकल्प : अंजय

धरसींवा / कूंरा/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के गांव चलो अभियान के अंतर्गत धरसींवा एवं तिल्दा मंडल में व्यापक जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान धरसींवा मंडल के ग्राम धरसींवा एवं परसतराई तथा तिल्दा मंडल के ग्राम सरोरा और सङ्कू में सघन जनसंपर्क अभियान चलाकर केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और नीतियों की जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचाई गई। कार्यक्रम में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों का सम्मान भी किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय

स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के उपाध्यक्ष अंजय शुक्ला ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का मूल संकल्प देश के अंतिम व्यक्ति तक सेवा और विकास पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का वास्तविक लाभ तभी मिलेगा जब कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों से संवाद स्थापित करेंगे।

इस अवसर पर अंजय शुक्ला ने महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले को स्मरण करते हुए उनके सामाजिक योगदानों पर प्रकाश डाला।

उन्होंने बालिकाओं के लिए प्रथम विद्यालय की स्थापना तथा सत्यशोधक समाज के गठन जैसे ऐतिहासिक कार्यों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों के साथ स्वच्छता अभियान चलाया तथा स्वयं झाड़ू लगाकर साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।

धमधा-देवरी-घोटवानी,पेंड्रावन में कांग्रेस की मंडल बैठक संपन्न

धमधा/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत कांग्रेस कमेटी धमधा में अंतर्गत देवरी ,घोटवानी ,धमधा,पेंड्रावन की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में मंडल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान सभी मंडल पदाधिकारियों का गमछा भेंट कर सम्मान किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना रहा, जिसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत कमेटी एवं बूथ कमेटी तथा नगरीय क्षेत्रों में वार्ड कमेटी और बूथ कमेटी के गठन का निर्णय लिया गया।

नई योजना का प्रस्ताव शासन को भेजा, 20 करोड़ से संवरेगी 4 तालाबों की बदहाली

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर में नगर निगम चार तालाबों के सौंदर्यीकरण और पर्यावरण संरक्षण के लिए 20 करोड़ रुपये की नई योजना का प्रस्ताव शासन को भेज रहा है। यह कदम ऐसे समय में उठाया जा रहा है जब शहर के कई तालाब, जिन पर पहले करोड़ों रुपये खर्च किए जा चुके हैं, अभी भी बदहाल स्थिति में हैं।

शहर के तारबाहर वार्ड स्थित घनी आबादी वाला डीपूपारा तालाब करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद गंदा और बदहाल है। इसी तरह, जरहाभाठा के जतिया तालाब से दुर्गंध आती है, जिससे सुबह-शाम सैर के लिए आने वाले लोग परेशान होते हैं। तारबाहर निवासी दिलीप नारायण ने डीपूपारा तालाब की दुर्दशा के लिए सीधे मेयर और नगर निगम को जिम्मेदार ठहराया है। उनका

कहना है कि यदि निगम स्टाफ तालाब की व्यवस्थाओं की देखरेख करता, तो करोड़ों खर्च कर लगाई गई आकर्षक लाइटें और अन्य सुविधाएं आज बदहाल नहीं होतीं।

पानी स्वच्छ करने बॉयोटेक्नॉलाजी का इस्तेमाल होगा

नगर निगम के अधीक्षण अभियंता साहू ने बताया कि तालाबों में नालों की निकासी करने के पूर्व पानी की सफाई के लिए बॉयोटेक्नॉलाजी का इस्तेमाल किया जाएगा। तालाब में योगा, जिम तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़- पौधे लगाए जाएंगे, ताकि तालाब का परिसर पूरी तरह इको फ्रेंडली बन जाए।

स्वसहायता समूहों को देखरेख का जिम्मा: अपर आयुक्त

नगर निगम के अपर आयुक्त खजांची कुम्हार ने स्वीकार किया है कि तालाबों के सुधार या अन्य निर्माण पर खर्च की गई राशि के बाद उनके रखरखाव की जिम्मेदारी प्रशासन की होती है। उन्होंने बताया कि नई योजना में तालाबों के पुनर्विकास कार्य के बाद उनकी देखरेख का जिम्मा स्वसहायता समूहों को दिया जाएगा, ताकि व्यवस्थाएं सुचारु रूप से बनी रहें। इसी वार्ड के राजेश रजक ने बताया कि महापौर पूजा विधानी ने तालाब के सुधार का आश्वासन दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि विकास कार्यों के लिए फंड तो आ जाते हैं, लेकिन खर्च होने के बाद उनके रखरखाव पर ध्यान नहीं दिया जाता, जिससे निगम की जाती हैं।

तालाब अब इको फ्रेंडली बनेंगे

बिलासपुर स्मार्ट सिटी के जीएम(टेक्निकल) एसपी साहू का कहना है कि अमृत मिशन 2.0 के अंतर्गत पर्यावरण को केंद्र में रख कर तालाबों के पुनरोद्धार की योजना बनाई गई है। इसके लिए करीब 20 करोड़ का प्रस्ताव शासन को स्वीकृति के लिए भेजा गया है, राज्य से प्रस्ताव केंद्र सरकार को जाएगा और पूरी राशि केंद्र से प्राप्त होगी। इन तालाबों का सौंदर्यीकरण होगा जिसमें जोरा तालाब सरकंडा 8.05, हरसागर तालाब, बहतराई 5.35, मां शारदा तालाब तिफरा 2.65, महामाया तालाब सकरी 3.75 करोड़ से सौंदर्यीकरण होगा ।

न्यूज गैलरी

दुष्कर्म की कोशिश आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। रात्रि दो बजे घर में घुसकर चाकू अड़ाकर दुष्कर्म की कोशिश करने व जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को बिल्हा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। पुलिस के अनुसार प्रार्थीया ने 13 अप्रैल को थाने में लिखित आवेदन प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज करायी कि 26 मार्च की रात्रि करीबन 2 बजे मुकेश ढीमर घर अन्दर घुसकर चॉकू अडाकर बेईज्जत करने के नियत से हाथ बाह पकड़कर बलात्कार करने एवं जान से मारने की धमकी दिये जाने के रिपोर्ट पर अपराध पंजीबध्द कर थाना प्रभारी द्वारा हालात से उमनि, एसएसपी रजनेश सिंह को अवगत कराकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह एवं नगर पुलिस अधीक्षक चकरभाठा डी.आर. टण्डन से मार्गदर्शन पाकर टीम गठित कर आरोपी मुकेश कुमार ढीमर का पतासाजी कर थाना लाकर पर पूछताछ किया जो प्रार्थीया के साथ अपराध घटित करना स्वीकार किये जाने पर आरोपी को 14 अप्रैल को गिरफ्तार कर गिरफ्तारी की सूचना से परिजन को अवगत कराकर न्यायालय न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

36 लीटर महुआ शराब सहित एक आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। घर की बाड़ी में शराब की अवैध बिक्री करने वाले आरोपी को चकरभाठा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 36 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त किया है। जब्त शराब की कीमत 72 सौ बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार थाना चकरभाठा पुलिस को ग्राम पेट्रोलिंग के दौरान 14 अप्रैल को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि सरिता वर्मा नामक महिला ग्राम सेवार स्थित अपने घर के बाड़ी में अधिक मात्रा में हाथ भट्ठी से निर्मित अवैध कच्ची महुआ शराब रखी हैं, बिक्री कर रही हैं प्राप्त सूचना पुष्टि व अग्रिम कार्रवाई करने पुलिस द्वारा मुखबिर के बताए स्थान पर जाकर गवाहों के साथ घेराबंदी कर रेड कार्रवाई किया गया आरोपिया सरिता वर्मा के बाड़ी से एक पीले रंग के प्लास्टिक बोरी में 12 नग सफेद पारदर्शी पन्नी में भरा प्रत्येक में 03-03 लीटर भरा कुल 36 लीटर हाथ भट्ठी से निर्मित कच्ची महुवा शराब भरा मिला जिसे बरामद किया गया।

जिले में जनगणना 2027 का पहला चरण शुरू

कल से स्व-गणना, 1 मई से घर-घर सर्वे, हर मकानों की होगी गिनती

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में जनगणना 2027 के प्रथम चरण की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और इसे लेकर प्रशासन ने आमजन से सक्रिय भागीदारी की अपील की है। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी संजय अग्रवाल ने कहा है कि यह प्रक्रिया केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि भविष्य के विकास की मजबूत नींव है।

उन्होंने जानकारी दी कि पहले चरण के तहत 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक स्व-गणना की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इस दौरान नागरिक ऑनलाइन माध्यम से स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। स्व-गणना करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को एक यूनिक आईडी प्राप्त होगी, जिसे बाद में प्रगणक के साथ साझा करना होगा। इसके बाद 1 मई से 30 मई 2026 तक घर-घर सर्वे का कार्य किया जाएगा, जिसमें प्रगणक प्रत्येक मकान पर जाकर आवश्यक जानकारी एकत्रित करेंगे। इस चरण में मकान सूचीकरण के साथ-साथ हर घर की स्थिति, उपलब्ध सुविधाएं और अन्य महत्वपूर्ण विवरण दर्ज किए जाएंगे। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने स्पष्ट किया कि स्व-गणना पूरी तरह वैकल्पिक है। यदि कोई नागरिक इस प्रक्रिया में भाग नहीं लेता है, तो भी प्रगणक निर्धारित समय पर घर पहुंचकर जानकारी दर्ज करेंगे। उन्होंने जनगणना की गोपनीयता को लेकर भी आश्वस्त किया।

जनगणना के आंकड़े प्रभावी होंगे: कलेक्टर

कलेक्टर ने कहा कि जनगणना से प्राप्त आंकड़े शासन की योजनाओं को अधिक प्रभावी और लक्षित बनाने में मदद करेंगे। सटीक जानकारी के आधार पर ही शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास और बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी योजनाओं की बेहतर रूपरेखा तैयार की जा सकेगी। अंत में उन्होंने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि वे इस महत्वपूर्ण अभियान में सक्रिय सहयोग करें और 'हमारी जनगणना, हमारा विकास' के उद्देश्य को सफल बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। जनभागीदारी से ही विकास की नई तस्वीर साकार होगी।

जनगणना महत्वपूर्ण प्रशासनिक प्रक्रिया, प्रशिक्षण जरूरी: गरिमा

सीपत। भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत प्रस्तावित जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर तहसील सीपत में जनगणना प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में तहसील स्तर पर यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। तहसीलदार एवं जनगणना चार्ज अधिकारी गरिमा सिंह ठाकुर तथा सहायक जनगणना चार्ज अधिकारी एवं नायब तहसीलदार पूनम कन्नौजे के नेतृत्व में 13 अप्रैल 2026 से शासकीय मदनलाल शुक्ल महाविद्यालय सीपत में प्रशिक्षण का प्रथम चरण प्रारंभ हुआ। इस चरण में लगभग 100 शिक्षकों को जनगणना के विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स चंद्रकांत पाण्डेय, शत्रुघ्न धृतलहरे, रोहित घूंटे एवं सुधांशु धर दीवान द्वारा डिजिटल बोर्ड एवं प्रायोगिक माध्यम से जनगणना की प्रक्रिया को सरल और प्रभावी ढंग से समझाया गया। प्रशिक्षण सत्र में प्रगणकों एवं सुपरवाइजर्स को घर-घर जाकर सूचनाएं संकलित करने की तकनीक, डेटा एंट्री एवं अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं की बारीकी से जानकारी दी गई। तहसील सीपत में यह प्रशिक्षण तीन चरणों में संपन्न होगा। पहला चरण 13 से 15 अप्रैल, दूसरा 16 से 18 अप्रैल तथा तीसरा चरण 20 से 22 अप्रैल 2026 के बीच आयोजित किया जाएगा। जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना की जाएगी। इसके अंतर्गत 16 से 30 अप्रैल तक स्व-गणना तथा 1 से 30 मई 2026 तक प्रगणक घर-घर जाकर जानकारी एकत्र करेंगे।

कायस्थ समाज के शपथ ग्रहण में विधायक अटल हुए शामिल

बिलासपुर/नवप्रदेश। सत्र 2026-2028 के लिये नवनिर्वाचित अध्यक्ष आलोक वर्मा सहित महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष वंदना वर्मा एवं युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष जयंत श्रीवास्तव एवं कार्यकारिणी से प्रदीप वर्मा, मदन श्रीवास्तव, विजय किशोर वर्मा, गोर्वधन श्रीवास्तव, के. के. वर्मा, परेश श्रीवास्तव, रजनीश वर्मा राजेश वर्मा, सर्वेश श्रीवास्तव, प्रदीप श्रीवास्तव, शिवशरण श्रीवास्तव, विनोद वर्मा तथा विनीता वर्मा, आकांक्षा श्रीवास्तव, जूही वर्मा, अक्षय सिन्हा, विभा वर्मा, ज्योति सक्सेना, किरण श्रीवास्तव, दीपिका श्रीवास्तव, पद्मजा सिन्हा, सपना श्रीवास्तव, अंकिता प्रिया, चित्रलेखा श्रीवास्तव ने शपथ ग्रहण किया। शपथ ग्रहण पर मुख्य अतिथि के रूप में कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव संस्थापक सदस्य विनोद श्रीवास्तव संरक्षक अनिल व्यास उपस्थित रहे। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि समाज को संगठित करना ही महत्वपूर्ण कार्य है किसी समाज का विकास तभी संभव है जहां सारा समाज संगठित होकर कार्य करें। समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कहा कि यदि हम एक साथ काम करें तो बड़ा से बड़ा काम भी आसान हो जाता है और हमें साथ मिलकर ही काम को करना है रिव्हर व्यू के पास चित्रगुप्त द्वार एवं चित्रगुप्त घाट बनाने का प्रस्ताव भी सभी के सामने रखा एवं कोटा विधायक श्री श्रीवास्तव से सहयोग की आकांक्षा जताई। भीषण गर्मी को देखते हुए शहर के चौक चौराहों पर समाज की ओर से प्याऊ घर संचालित करने का निर्णय भी लिया गया है। उन्होंने सभी से आशा व्यक्त की है कि कायस्थ समाज, बिलासपुर के नवचयनित पदाधिकारीगण एवं कार्यकारिणी समूह, समाज के उत्थान एवं कल्याण की दिशा में दायित्व संपादन की अपनी भूमिका का समुचित निर्वहन करेगें।

रविदासपारा मोहदा में बाबा साहेब अंबेडकर की मनाई गई जयंती

बिल्हा/नवप्रदेश। मोहदा में महान समाजसुधारक, अर्थशास्त्री, लेखक, बोधीसत्व, विश्व के सिम्बल ऑफ नालेज, भारतीय संविधान के निर्माता, प्रथम कानून मंत्री, नारी ,दलित , शोषित , भारतीय समाज को एक नई दिशा देने वाले भारतरत्न डा. बाबा साहेब भीमराम अम्बेडकर की जन्म जयंती का उत्साह इस कदर आज भी है कि भारत के कोने-कोने,छोटे- छोटे कस्बो व मोहल्ले मे मनाया गया। इसी तरतम्य में ग्राम मोहदा के संत रविदास पारा मोहदा में बच्चो व महिलाओ ने श्रद्वा पूर्वक डा. बाबा साहेब की जयंती उत्साह पूर्व मनाई। इस कार्यक्रम में मोहदा 03 के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुकृति देवी करमाकर के द्वारा सब को सम्बोधित करते हुए बाबा साहब के जीवन पर संक्षिप्त वक्ताव्य प्रेरणादायी रही। वही मितानीन गंगोत्री देवी करमाकर के द्वारा आज के समय बाबा साहब के प्रेरणादायी वाक्य- शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला गया। इस कार्यक्रम में दुर्गेश करमाकर, गोवर्धन सोनवानी, गनेशिया बाई, कुलेश्सर, राजीम बाई, खुश, दिप्ती, यूगेश, धनेश्वर, जयकुमार, मनिराम व गरिमा करमाकर तथा बड़ी संख्या में आम जन उपस्थित थे।

ऑनलाइन सिस्टम 2.0 तकनीक से खनिज परिवहन में गड़बड़ी पर लगेगी लगाम

बिलासपुर/नवप्रदेश। राज्य में खनिज परिवहन और भंडारण व्यवस्था को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के लिए खनिज विभाग ने ऑनलाइन सिस्टम 2.0 को सख्ती से लागू कर दिया है। इस नई तकनीक के लागू होने के बाद अब अवैध खनिज परिवहन और चोरी की संभावनाएं लगभग खत्म होने का दावा किया जा रहा है। विभाग के अधिकारियों के अनुसार, इस आधुनिक डिजिटल सिस्टम के जरिए अब खनिज से जुड़े हर पहलू पर रियल टाइम में नजर रखी जा रही है। चाहे खनिज का भंडारण हो या परिवहन हर गतिविधि पूरी तरह ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से जुड़ी हुई है। सबसे खास बात यह है कि अब हर वाहन की मूवमेंट दर्ज हो रही है। वाहन कब निकला, कहां से निकला और कितनी मात्रा में खनिज ले जा रहा है। इन सभी जानकारियों को सिस्टम में दर्ज किया जाता है। इससे किसी भी

प्रकार की गड़बड़ी या हेरफेर तुरंत पकड़ में आ जाती है। विभाग ने यह भी साफ कर दिया है कि बिना वैध दस्तावेजों के खनिज परिवहन अब संभव नहीं है। यदि कोई वाहन तय रूट या समय से अलग चलता है, तो सिस्टम तुरंत अलर्ट जारी करता है और मौके पर ही कार्रवाई की जाती है। इसके साथ ही, सभी अधिकृत भंडारण स्थलों को भी ऑनलाइन सिस्टम से जोड़ दिया गया है। इससे स्टॉक की निगरानी आसान और पारदर्शी हो गई है। अवैध भंडारण और कालाबाजारी पर भी इससे प्रभावी रोक लगी है। अधिकारियों का कहना है कि ऑनलाइन सिस्टम 2.0 लागू होने के बाद से अवैध गतिविधियों में काफी कमी आई है और व्यवस्था पहले से अधिक मजबूत हुई है। विभाग भविष्य में इस सिस्टम को और बेहतर बनाने की दिशा में लगातार काम कर रहा है, ताकि खनिज संसाधनों का सही और नियंत्रित उपयोग सुनिश्चित किया जा सके।

संस्कृति संगम सेवा समिति ने स्वच्छता अभियान चलाया

बिलासपुर/नवप्रदेश। संस्कृति संगम सेवा समिति की अध्यक्ष सुनैना नायर और सचिव श्वेता पटेल के नेतृत्व में वार्ड क्र. 33 स्थित ठाकुर देव मंदिर के सामने सार्वजनिक उद्यान की सफाई की गई। इस अभियान में समिति के सदस्यों के साथ-साथ वार्डवासियों का भी विशेष योगदान रहा। प्रमुख रूप से महेश मुंडा, लव वर्मा, राजेश नायर और मनोज मुंडा ने सक्रिय सहयोग किया। कचरा उठवाने में वार्ड पार्षद रंगा नादम जी एवं नगर निगम का सहयोग रहा। समिति की अध्यक्ष सुनैना नायर ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा है। साफ-सुथरा वातावरण बच्चों के खेलने और स्वस्थ विकास के लिए बहुत जरूरी है। स्वच्छ उद्यान से ही स्वस्थ समाज का निर्माण होता है। भविष्य में भी समिति द्वारा इस तरह के स्वच्छता अभियान नियमित रूप से चलाए जाएंगे। इस पहल से क्षेत्र के लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ी है।

कांग्रेस का वार्ड में संगठन सृजन अभियान

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला शहर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष रविंद्र सिंह ने कहा संगठन सृजन अभियान आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी के लिए मिल का पत्थर साबित होगा । वार्ड से लेकर शहर जिला प्रदेश व देश के विभिन्न कोनों में कार्यकर्ताओं के बीच जाकर संगठन को मजबूती प्रदान करने का काम निश्चित ही सराहनीय है। आने वाले समय में व आगामी चुनाव में हमें इसका सुखद परिणाम परिलक्षित होगा। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर बिलासपुर जिला शहर कांग्रेस कमेटी व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के द्वारा प्रत्येक वार्ड में संगठन सृजन अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में विनोबा नगर वार्ड नंबर 27

का संगठन सृजन अभियान बैठक आहूत की गई थी। जिसमें प्रमुख रूप से बिलासपुर नगर निगम के पूर्व महापौर रामशरण यादव छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी संयुक्त महामंत्री व पर्यवेक्षक पंकज सिंह ब्लॉक अध्यक्ष संतोष गर्ग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव शिवा मिश्रा व बिलासपुर नगर निगम के पूर्व नेता प्रतिपक्ष व पार्षद रविंद्र सिंह ठाकुर शहर उपाध्यक्ष शिवा मुदलियार चंद्रहास शर्मा शहर महामंत्री प्रशांत पांडेय संगीत मोईत्रा हेरि डेनियल संजय दवे संजीव परिहार राहुल दुबे विजय तिवारी राम प्रकाश केशरवानी योगेश पिल्ले कल्पना शेन्डे गुड्डू चंदेल संदीप मिश्रा गुलशन सिंह राजेश साहू छोटू बर्थडे गुड्डू पाठक केशव गोरख अदिति वर्मा राकेश केसरी हनु शर्मा अजय गोस्वामी उदय गंगवानी जावेद खान ऋषि पटेल यश सिंह पप्पू विष्ट आदि उपस्थित थे।

कार्रवाई: इंजन के ऑयल टैंक को नुकसान पहुंचाने की घटना का खुलासा, रेलवे सुरक्षा बल ने आरोपी को पकड़ा

रेलवे लाइन पर लोहे से ट्रेन को क्षति पहुंचाया, आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल क्षेत्राधिकार अंतर्गत रेल का समयबद्ध एवं सुरक्षित परिचालन सुनिश्चित करने हेतु रेलवे सुरक्षा बल निरंतर सतर्क एवं प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में 05 अप्रैल को गाड़ी संख्या 12856 इतवारी-बिलासपुर एक्सप्रेस के इंजन के परमालकसा के मध्य कि.मी. संख्या 891/6 पर एक जुगल प्लेट इंजन के नीचे टकराने से इंजन का ऑयल टैंक क्षतिग्रस्त हो गया था।

घटना की गंभीरता को देखते हुए रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डोंगरगढ़ द्वारा अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध अपराध दर्ज कर मामले की जांच प्रारंभ की गई। यह घटना रेल परिचालन के लिए अत्यंत गंभीर एवं संभावित दुर्घटना का कारण बन सकती थी।

दीप चंद्र आर्य, मंडल सुरक्षा आयुक्त, रेसुब/द.पू.म.रे. नागपुर के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक प्रभारी, रेसुब पोस्ट डोंगरगढ़ के नेतृत्व में टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए अपराध क्रमांक 596/2026 के तहत धारा 153, 174(बी) एवं 147 रेलवे अधिनियम में प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच आगे बढ़ाई गई। जांच के दौरान प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर 12 अप्रैल को ग्राम पर्री नाला में एक घर पर दबिश दी गई। पूछताछ के दौरान एक बालक, गजेन्द्र यादव (उम्र लगभग 15 वर्ष), निवासी पार्रीकला, जिला राजनांदगांव (छत्तीसगढ़) को चिन्हित किया गया। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि उसने रेलवे लाइन के पास पड़े लोहे के टुकड़े को यह सोचकर पटरी पर रख दिया था कि ट्रेन के गुजरने से वह सीधा हो जाएगा। बालक के इस कृत्य के कारण इंजन के ऑयल टैंक को क्षति पहुंची तथा रेल परिचालन प्रभावित हुआ। आरोपी द्वारा अपनी गलती स्वीकार करने के उपरांत विधि अनुसार कार्रवाई करते हुए उसे मामले में सम्मिलित किया गया। रेलवे सुरक्षा बल नागपुर मंडल द्वारा पुनः आमजन एवं रेल यात्रियों से अपील की जाती है कि रेल पटरियों के आसपास किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, वस्तु रखना या संदिग्ध गतिविधि न केवल दंडनीय अपराध है, बल्कि यह गंभीर दुर्घटनाओं का कारण भी बन सकती है। यदि किसी को इस प्रकार की कोई संदिग्ध वस्तु या गतिविधि दिखाई दे, तो तत्काल नजदीकी आरपीएफ पोस्ट अथवा रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 पर सूचना दें। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा यह आश्वासन दिया जाता है कि सूचना देने वाले की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।

सुविचार

किसी का अहसान कितना भी छोटा क्यों न हो उसे कभी नहीं भूलना चाहिए और अपना अहसान चाहे जितना बड़ा हो कभी जताना नहीं चाहिए।

अमेरिका के जाल में फंसा पाक

अमेरिका और ईरान के बीच शांतिवार्ता विफल हो जाने के बाद से पाकिस्तान की पूरी दुनिया में भद पिट गई है। अमेरिका के दबाव में आकर पाकिस्तान ने किसी तरह ईरान को बातचीत की टेबल पर लाने में कामयाबी हासिल कर ली थी और उसने सोचा था कि यदि अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता सफल हो जाती है तो पाकिस्तान के सारे पुराने पाप धुल जाएंगे और पाकिस्तान भारत को पछाड़ कर विश्वगुरु की भूमिका में नजर आएगा। किन्तु उसके सारे सुनहरे सपने चूर-चूर हो गए और यह वार्ता विफल हो जाने से अब पाकिस्तान की टेंशन बढ़ गई है। इधर ईरान उसका दुश्मन बन गया है और इजराइल पहले ही पाकिस्तान को सबक सिखाने की चेतावनी दे चुका है। अमेरिका के दबाव में आकर ही पाकिस्तान ने ईरान के खिलाफ सऊदी अरब में मोर्चा संभालने के लिए अपने तेरह हजार सैनिक तथा 18 लड़ाकू विमान भेज दिए हैं। जिसकी तैनाती सऊदी अरब ने ईरान की सीमा के पास की है। गौरतलब है कि इसके पहले भी पाकिस्तान ने सऊदी अरब में दस हजार सैनिक भेजे थे। दरअसल 2025 में पाकिस्तान ने सऊदी अरब के साथ एक रक्षा समझौता किया था जिसके तहत यदि कोई देश पाकिस्तान पर हमला करता है तो इसे सऊदी अरब अपने खिलाफ हमला मानेगा और जंग में पाकिस्तान का साथ देगा। इसी तरह यदि कोई सऊदी अरब पर आक्रमण करेगा तो इसे पाकिस्तान भी अपने खिलाफ आक्रमण मानकर लड़ाई में सऊदी अरब का साथ देगा। ईरान और अमेरिका के बीच चली जंग में जब ईरान ने अमेरिका परस्त खाड़ी देशों पर भी बमबारी शुरू कर दी तो इसकी चपेट में सऊदी अरब भी आया और ईरान की मिसाइलों से सऊदी अरब को भारी नुकसान उठाना पड़ा। तब सऊदी अरब ने पाकिस्तान को उनके बीच हुए रक्षा समझौते की याद दिलाई लेकिन ईरान के डर से पाकिस्तान ने सऊदी अरब की कोई मदद नहीं की। इससे नाराज होकर सऊदी अरब ने पाकिस्तान को कर्ज के रूप में जो मोटी रकम दे रखी है उसने उसे वापस मांगना शुरू कर दिया। जिसे चुका पाना पाकिस्तान के लिए असंभव की हद तक कठिन काम है। उसके साथ तो यह कहावत लागू हो रही है कि नंगा नहाएगा क्या और निचोड़ेगा क्या? पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पूरी तरह चौपट हो चुकी है। ऐसे में तो उसे और कर्ज की जरूरत है। इस स्थिति में वह किसी का पुराना कर्ज भला कैसे लौटा सकता है। इस बीच अमेरिका और ईरान के बीच समझौता वार्ता विफल हो गई तो सऊदी अरब के दबाव के आगे झुक कर उसे उसकी सैन्य मदद करनी ही पड़ी। नतीजतन अब ईरान से उसने दुश्मनी मोल ले ली है। फिलहाल तो ईरान अभी अमेरिका और इजराइल से दो-दो हाथ करने में लगा हुआ है। लेकिन इससे निपटते ही वह पाकिस्तान की भी खबर लेगा। दरअसल पाकिस्तान की मजबूरी यह है कि वह कर्ज में आकंठ डूबा हुआ है उसके ऊपर 80 लाख करोड़ का कर्जा है जो पाकिस्तान की जीडीपी का 72 प्रतिशत है। पाकिस्तान के प्रत्येक नागरिक के सिर पर 3.35 लाख रुपए का कर्ज है। यही वजह है कि उसने सुपारी लेकर अपने सैनिकों को खाड़ी देशों में भेजना शुरू कर दिया है। उसकी इस हरकत से ईरान किस कदर नाराज है इसका एक उदाहरण कल ही उस समय सामने आया जब तेल लेकर पाकिस्तान जा रहे जहाज को होर्मुज से ईरान ने वापस लौटा दिया। बाद में इस जहाज को ईरान ने भारत के लिए रवाना कर दिया। गौरतलब है कि इसके पहले भी चीन जा रहे 7 जहाज भी भारत भेजे गए थे। यह है भारत की कूटनीतिक सफलता जिसकी नकल करते हुए पाकिस्तान ने होशियारी दिखाने की कोशिश की थी लेकिन अब उसकी परेशानी का सबब बन गई है। यदि ईरान और अमेरिका के बीच जंग होती है जो कि होने की पूरी संभावना है तो निश्चित रूप से अमेरिका ईरान पर हमला करने के लिए पाकिस्तान की जमीन और पाकिस्तान के एयरबेसों का इस्तेमाल करेगा। ऐसी स्थिति में ईरान की मिसाइलों का मुंह भी पाकिस्तान की ओर घूमेगा और पाकिस्तान के लिए गेहूं के साथ घुन पिसाने वाली कहावत अक्षरशः चरितार्थ हो जाएगी। होर्मुज पर कब्जे को लेकर अमेरिका और ईरान के बीच जंग के हालात निर्मित हो चुके हैं और यह जंग यदि लंबी चलती है तो दोनों देशों के बीच मध्यस्थता कराने का ठेका ले चुके पाकिस्तान को भी इस जंग का हिस्सा बनना पड़ेगा और ईरान के खिलाफ सऊदी अरब तथा अमेरिका की ओर से युद्ध लड़ना पड़ेगा। ऐसे में उसे भी ईरान की तोप का भाजन बनना होगा और इसके गंभीर दुष्परिणाम भुगतने पड़ेंगे।

सद्गुरू ब्रोधामृतम्



सदगुरू ऋतेश्वर

◆ उचित समय पर उचित निर्णय लेकर वही कर्म करना चाहिए जो सत्ता पोषक हों, जो आनंद के पोषक हों। मैं तुम्हें प्यार करता हूं तो तुम समझना मैं प्यार के ही योग्य हूं। मेरे गुरूजी के योग्य हूं मैं, गुरूजी मुझसे प्रेम करते है। योग्यता पर अहंकार मत करना, कहना वो कौन-कौन सी चीज है जो मेरे गुरूजी को इतना प्यारा लगता है मुझ में? मैं और वर्धन करूंगा जीवन में इसका। सकारात्मक भाव में लेकर अपने भीतर के सद्गुणों का और विकास करना, जिस कारण से मुझे प्रेम करते हैं वह।

आज का इतिहास

नई दिल्ली। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 15 अप्रैल की महत्वपूर्ण घटनाएं निम्न हैः-1817- अमेरिका में पहला स्कूल बधिर बच्चों के लिए खोला गया। 1820- वुर्टेमबर्ग के राजा विलियम-I ने अपने चचेरे भाई पॉलिन थेरेसे से स्टटगार्ट में शादी की। 1840-किंग्स कॉलेज अस्पताल लंदन में खुला। 1847-लॉरेंस स्कूल सानवार की स्थापना की गयी। 1877-टोक्यो विश्वविद्यालय आधिकारिक तौर पर जापान में स्थापित किया गया। 1892-जनरल इलेक्ट्रिक कंपनी न्यूयॉर्क में स्थापित की गयी। 1895-लोकमान्य तिलक द्वारा रायगढ़ किले में पहला शिव जयंती समारोह शुरू हुआ। 1912- यात्री लाइनर आरएमएस टाइटैनिक एक हिमशैल से टकराने के बाद लगभग दो घंटे और चालीस मिनट में डूब गया, जिसमें 1,500 से अधिक लोग मारे गए। 1922- अमेरिकी सीनेटर जॉन बी केंड्रिक ने एक गुप्त भूमि सौदे की जांच के लिए एक प्रस्ताव पेश किया, जिसके कारण चायदोट डोम घोटाले की खोज हुई। 1922- महान पूडल डॉग रेस्तरां सैन फ्रांसिस्को में बंद किया गया।

भारत की जनगणना 2027: बदलते भारत की नई कहानी

हमारी जनगणना–हमारा विकास' के संकल्प के साथ छत्तीसगढ़ तैयार

क्या आपने कभी सोचा है कि आपके घर की छोटी-सी जानकारी—जैसे पानी, बिजली या परिवार के सदस्यों का विवरण—देश के विकास में कितना बड़ा योगदान दे सकती है? दरअसल, हर नागरिक की दी गई जानकारी मिलकर ही भारत के भविष्य की दिशा तय करती है। इसी कड़ी में वर्ष 2027 की जनगणना एक खास पड़ाव बनने जा रही है। यह केवल एक सरकारी प्रक्रिया नहीं, बल्कि बदलते भारत की एक नई कहानी है—एक ऐसी कहानी जिसमें हर नागरिक की भागीदारी है। इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल अंदाज़ में होगी, जो इसे पहले की सभी जनगणनाओं से अलग और अधिक आधुनिक बनाती है। छत्तीसगढ़ में इस महाअभियान को लेकर तैयारियाँ तेज़ी से पूरी की जा रही हैं। वातावरण ऐसा है मानो कोई बड़ा जनउत्सव आने वाला हो—और वास्तव में, यह एक ऐसा अभियान है जिसमें हर व्यक्ति की भागीदारी बेहद महत्वपूर्ण है।

रमेश जायभाये, उपनिदेशक, पत्र सूचना कार्यालय

कहानी शुरू होती है इतिहास से: भारत में जनगणना की शुरुआत 1872 में हुई थी और 1881 से इसे पूरे देश में व्यवस्थित रूप से लागू किया गया। स्वतंत्रता के बाद 1951 में पहली जनगणना आयोजित हुई, जिसने देश के विकास की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाई। अब वर्ष 2027 की जनगणना इस ऐतिहासिक यात्रा का आधुनिक रूप है। यह न केवल देश की वर्तमान स्थिति का आकलन करेगी, बल्कि भविष्य की योजनाओं की नींव भी तैयार करेगी। छत्तीसगढ़ में यह प्रक्रिया दो चरणों में पूरी होगी–पहला चरण अप्रैल-मई 2026 में और दूसरा फरवरी-मार्च 2027 में आयोजित किया जाएगा। राज्य के लिए संदर्भ तिथि 1 मार्च 2027 (रात 12 बजे) निर्धारित की गई है, जिसके आधार पर प्रत्येक व्यक्ति की गणना की जाएगी। अब आपकी बारीः खुद करें अपनी जनगणना! इस बार जनगणना की सबसे रोचक और उपयोगी सुविधा है–स्व-गणना (Self-Enumeration) अब आप स्वयं अपने घर और परिवार की जानकारी ऑनलाइन भर सकते हैं। 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 के बीच

https://se.census.gov.in पोर्टल पर जाकर मोबाइल नंबर और OTP के माध्यम से लॉगिन कर यह प्रक्रिया पूरी की जा सकती है। आपसे परिवार के सदस्यों की संख्या, उनकी आयु, शिक्षा, व्यवसाय और घर की सुविधाओं से जुड़े कुछ सरल प्रश्न पूछे जाएंगे। पूरी जानकारी भरने के बाद आपको एक एसई आईडी प्राप्त होगी। जब प्रगणक आपके घर आएंगे, तो केवल यह ID दिखानी होगी और आपकी जानकारी सत्यापित कर ली जाएगी–यानी बार-बार जानकारी

देने की आवश्यकता नहीं होगी। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जनगणना के दौरान किसी भी प्रकार के दस्तावेज़ दिखाने की आवश्यकता नहीं होती। आप जो जानकारी देंगे, वही दर्ज की जाएगी। स्व-गणना के प्रति लोगों का रुझान भी तेजी से बढ़ रहा है–देशभर में लाखों परिवार इस सुविधा का उपयोग कर चुके हैं, जो इस डिजिटल पहल की बढ़ती स्वीकार्यता को दर्शाता है।

स्मार्ट तकनीक, सटीक आंकड़े और भरोसेमंद प्रक्रिया

इस बार जनगणना पूरी तरह तकनीक के सहारे संचालित होगी। प्रगणक मोबाइल ऐप के माध्यम से डेटा दर्ज करेंगे, जिससे काम तेज़ और अधिक सटीक होगा। साथ ही, आधुनिक GIS आधारित डिजिटल मैपिंग का उपयोग कर हर क्षेत्र और गणना ब्लॉक को स्पष्ट रूप से चिन्हित किया जा रहा है, ताकि कोई भी घर या व्यक्ति छूट न जाए। डेटा के बेहतर प्रबंधन और निगरानी के लिए उन्नत डिजिटल सिस्टम का उपयोग किया जा रहा है, जिससे पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और व्यवस्थित बनी रहती है। एक महत्वपूर्ण बदलाव के रूप में, इस बार जाति संबंधी आंकड़ों का भी समावेश किया जाएगा, जो दशकों बाद समाज की व्यापक तस्वीर प्रस्तुत करेगा। जनगणना में समाज के हर वर्ग को शामिल करने का विशेष ध्यान रखा जाता है। इसी के तहत बेघर व्यक्तियों की गणना भी अलग से, विशेष अभियान के माध्यम से की जाती है, ताकि कोई भी नागरिक इस प्रक्रिया से वंचित न रह जाए। और जहाँ तक आपकी जानकारी की सुरक्षा का सवाल है–यह पूरी तरह गोपनीय रहती है। इसे किसी अन्य विभाग या एजेंसी के साथ साझा नहीं किया जाता।

छत्तीसगढ़ तैयार, अब आपकी भागीदारी जरूरी

छत्तीसगढ़ में इस अभियान के लिए बड़े पैमाने पर तैयारियाँ की गई हैं। शहरों से लेकर गाँवों तक, हर क्षेत्र में जनगणना टीम सक्रिय रहेगी, ताकि कोई भी परिवार छूट न जाए। नागरिकों की सुविधा के लिए टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1855 भी जारी किया गया है, जहाँ किसी भी प्रकार की जानकारी या सहायता प्राप्त की जा सकती है। लेकिन इस पूरे अभियान की असली ताकत है–आपकी भागीदारी। जब आप सही जानकारी देते हैं, तो आप केवल एक फॉर्म नहीं भरते, बल्कि अपने क्षेत्र के विकास में योगदान देते हैं। आपकी दी गई जानकारी से ही तय होता है कि कहाँ नई सड़क बनेगी, कहाँ स्कूल खुलेगा और कहाँ स्वास्थ्य सुविधाओं की जरूरत है।

आखिर में एक छोटी-सी बात

जनगणना एक आईना है, जिसमें देश खुद को देखता है।
इस बार यह आईना डिजिटल है–तेज़, सटीक और आधुनिक।
और इसमें जो तस्वीर दिखेगी, उसे बनाने में आपका भी योगदान होगा।
तो आइए, इस जनगणना अभियान का हिस्सा बनें–स्व-गणना करें, सही जानकारी दें और देश के विकास की कहानी में अपनी भूमिका निभाएं।

आखिरकार सुनी गई आधी आबादी की आवाज़

आर. विमला आईएएस रेजिडेंट कमिश्नर एवं सचिव

'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' और भारतीय लोकतंत्र में महिलाओं का न्यायोचित स्थान' जब महिलाएँ सशक्त होती हैं, तो भारत मजबूत होता है। घर की गरिमा से लेकर संसद में समान आवाज़ तक, यह एक नए और आत्मविश्वास से भरे भारत की परिकल्पना है। – **प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी**

भारत की महिलाएँ सदैव महान कार्यों में सक्षम रही हैं। वैदिक काल में गार्गी और मैत्रेयी ने बड़े-बड़े दार्शनिकों को निरुत्तर कर दिया था। पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होल्कर ने जिस न्यायपूर्ण तरीके से अपने राज्य का शासन चलाया, उसकी बराबरी उनके समकालीन शासक नहीं कर सके। रानी लक्ष्मीबाई साहस की एक अमर मिसाल बन गईं। फिर भी, स्वतंत्र भारत–जो समानता के सिद्धांत पर आधारित एक संवैधानिक गणराज्य है ने इन महान महिलाओं की उत्तराधिकारियों को अपनी विधायिकाओं में शायद ही कोई जगह दी। पहली लोकसभा में महिला सदस्यों की संख्या मात्र 4.4 प्रतिशत थी। सात दशक बाद, 17वीं लोकसभा में भी यह आंकड़ा बढ़कर केवल 14.4 प्रतिशत तक ही पहुँच पाया। व्यक्तिगत प्रतिभा ने तो अपनी जगह बना ली थी, लेकिन व्यवस्थागत बदलाव अभी भी नहीं आया था। असल में, महिलाएं अपने ही लोकतंत्र में एक तरह से 'मेहमान' बनकर ही रह गईं। हमारे संविधान ने पहले ही दिन से यह स्वीकार किया था कि जब सदियों से ढांचागत विसंगतियां जड़ जमाए बैठी हों, तो केवल औपचारिक समानता पर्याप्त नहीं होती। 'संरक्षणात्मक भेदभाव' के सिद्धांत के तहत अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और बाद में पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं के लिए सीटें आरक्षित की गईं। इस बात में कोई संदेह नहीं है कि पंचायतों में आरक्षण की व्यवस्था सफल रही हैः 24 मार्च 2026 तक, निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों में से लगभग 49.75 प्रतिशत महिलाएँ हैं। जिन जगहों पर महिलाएँ शासन

करती हैं, वहाँ पानी की आपूर्ति सुचारू होती है, साफ़-सफाई की स्थिति बेहतर होती है और लड़कियाँ स्कूल जाना जारी रखती हैं। इसके बावजूद, संसद में भी इसी सिद्धांत को लागू करने के उद्देश्य से जो विधेयक पेश किए गए थे, वे राजनीतिक इच्छाशक्ति के अभाव में दशकों तक बार-बार निष्प्रभावी होते रहे।

वह क्षण जिसने सब कुछ बदल दिया –

वह अधूरी कड़ी 19 सितंबर 2023 को पूरी हुई। भारत के नए संसद भवन में आयोजित कामकाज के पहले ही सत्र में, 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को संसद के दोनों सदनों में, प्रत्येक राजनीतिक दल के सर्वसम्मत समर्थन से पारित किया गया। हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने विधेयक पेश करते हुए दोनों सदनों को बतायाः ÷यह कानून केवल एक कानून नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक भारतीय महिला की शक्ति, त्याग और सामर्थ्य के प्रति एक श्रद्धांजलि है। यह अधिनियम लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटें आरक्षित करता है, जिसमें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए उप-कोटा भी शामिल है। नए संसद भवन का यह पहला अधिनियम होना अपने आप में एक घोषणा थीः अमृत काल के लोकतंत्र की संरचना पूरे भारत के लिए और सभी की भागीदारी के साथ निर्मित की जाएगी। इस अधिनियम में बदलाव लाने की अपार क्षमता है, क्योंकि इसके लागू होने से संसद में महिला सदस्यों की संख्या में भारी वृद्धि होगी। महिला विधायक निरंतर स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और सुरक्षा को प्राथमिकता देती हैं–ये वही क्षेत्र हैं, जहाँ भारत में लैंगिक असमानता सबसे अधिक है। एक ऐसी संसद, जिसमें एक-तिहाई सदस्य महिलाएँ होंगी, वह अलग तरह के प्रश्न पूछेगी और अलग तरह के विचार सुनेगी। इससे भारतीय लोकतंत्र की गुणवत्ता में सुधार होगा, न कि केवल उसकी बाहरी छवि में।

गरिमा से लोकतंत्र तक की यात्रा

हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा यह समझा है कि ज़मीनी स्तर पर सशक्तिकरण के बिना राजनीतिक सशक्तिकरण खोखला होता है। उनके द्वारा शुरू की गई यह यात्रा अत्यंत बुनियादी गरिमा से लेकर सर्वोच्च लोकतांत्रिक भागीदारी तक एक सुविचारित पथ पर आगे बढ़ती है। इसकी शुरुआत एक शौचालय से हुई। स्वच्छ भारत मिशन के तहत बनाए गए 10 करोड़ घरेलू शौचालयों ने उन महिलाओं को सुरक्षा और आत्म-सम्मान लौटाया, जिन्हें लंबे समय से इन दोनों से वंचित रखा गया था। जल जीवन मिशन ने 15 करोड़ से ज़्यादा ग्रामीण घरों तक नल का पानी पहुँचाया। महिलाओं को मीलों पैदल चलकर पानी ढो कर लाने से मुक्ति मिली जिससे उनका सुबह का कीमती समय जाया हो जाता था।

'पीएम उज्ज्वला योजना' के 10.56 करोड़ एलपीजी कनेक्शनों ने महिलाओं को धुएं से भरी रसोई से मुक्ति दिलाई। पीएम आवास योजना के तहत महिलाओं के नाम पर घर बनाए गए। 55 प्रतिशत से अधिक महिलाओं के स्वामित्व वाले जन धन खातों ने उन्हें आर्थिक स्वतंत्रता प्रदान की। 'मुद्रा' योजना के ऋण, स्वयं सहायता समूह, लखपति दीदी, सखी, वन स्टॉप सेंटर और तीन तलाक का उन्मूलनः प्रत्येक योजना उसी सीढ़ी का अगला पायदान थी, जो उन्हें केवल गुज़ारा करने की स्थिति से गरिमा की ओर, गरिमा से सामर्थ्य की ओर, और सामर्थ्य से नेतृत्व की ओर निरंतर बढ़ाती गई।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

घर में एक कुर्सी खाली है। पर सच ये हैज वो सिर्फ कुर्सी नहीं है। वो किसी की हँसी है। किसी की बातें हैं। किसी की मौजूदगी है। लोग कहते हैं– हटा दो इसे पर कुछ चीज़ें हटाई नहीं जातीं। क्योंकि वो सिर्फ चीज़ें नहीं यादें होती हैं। हर खालीपन बुरा नहीं होता। कुछ हमें ये याद दिलाने के लिए होता है। कि कभी वहाँ कोई अपना था? अगर किसी की कमी आज भी महसूस होती हैज तो जरूर छोड़ना।
रेणू सिंघल

ना समंदर से गहरे हैं हम, ना समंदर से विशाल कायाज वो समंदर भी इसी जमी पे बैठा है, फिर किस बात का हमें गुमानज ना सूरज से ज़्यादा है तेज हममें, ना चमक ना गर्मी उससे ज़्यादा, वो भी नंगे बदन है जो है प्रत्यक्ष नारायण, फिर किस बात का हमें गुमान। **राकेश मिश्रा**

अगर हम रास्तों की मुश्किलों से डर गए होते। तो फिर मंज़िल से पहले ही किनारा कर गए होते।। भला हो इस ज़माने का जो पत्थर कर गया वरना। कमल न जाने अश्क़ से कितने सागर भर गए होते।। दुआओं ने किसी की ही सँभाला है हमें वरना। असर हम पर भी ये तूफ़ान अब तक कर गए होते।। ज़माने भर की ठोकर खा के उसके दर पे आए हम। जो पहले आ गए होते तो अब तक तर गए होते।। आपका दिन शुभ और मंगलमय हो। **कमलकांत डोंगरे**

राज्य सभा सांसद राघव चड्ढा द्वारा संसद में मोबाइल कंपनियों की 28 दिन के महीने पर आपत्ति किए जाने के बाद जियो ने 28 दिन की वैलेडिटी के बदले एक महीने की वैलेडिटी कर दी है जैसा कि मैसेज में भी दिखाई दे रहा है....जनता के मुद्दों को उठाने का माद्दा होना चाहिए, सुनवाई तो। होगी ही... धन्यवाद राघव जी। **सुरेश कुमार छत्रिय**

आज सुबह सूरज कुछ उदास सा लगा बिल्कुल चुपचाप शांत सौम्य पर धिरे धिरे बढ़ रही थी तपिश मानो भितर जल रहा सब आना चाहता हो और बढ़ती जा रही है तपिश भी तेज और तेज होता जा रहा है मानो जला देना चाहता हो सब और गढ़ना चाहता है एक नयी सुंदर दुनिया एक साधारण इंसान का क्रोध मानो इस बार सब बदल देना चाहता है और चाहता है एक सुंदर स्वस्थ समाज आज कल की परिस्थितियों पर डेज़ी यूँ ही सुबह सुबह की सोच...एँवई। **डेजी जायसवाल**

एक जैसा ही था उन दोनों का ढह जाना आज ही मेरे घर के सामने वाली खिड़की वीरान हो गयी सूखते पेड़ की चरमराती शाखा सी अटकी पड़ी थी कहीं अपनी ही टहनियों के मध्य चरमराती साँसो के साथ ऊबड़-खाबड़ कितनी ही तूफानी रातों की गवाह। कोमा की स्थिति में पड़ा बरसों से तन-मन ढह जाना ही नियति। अद्भुत कोई क्यों था लेकिन प्रतीक्षारत?
सरिता खोवाला

दिल से दिल के मेल में आ गये हम जेल में दिल मिला, नज़रें मिलीं वो मिली जब रेल में प्यार होता है नहीं ये कभी भी खेल में दिल जला जब प्यार में भुन गये हम तेल में इम्तिहाँ देते रहे नाम मेरा फेल में ज़िन्दगी जीती नहीं आज भी है टेल में अब गुज़रता वक़्त है रोज़ ठेलमठेल में हाल 'ऐनुल' ये है अब मैं पड़ा हूँ सेल में।
'ऐनुल' बरौलवी

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज के दिन कार्य क्षेत्र पर व्यस्तता अधिक रहेगी हाथ में लिए अनुबंध समय पर पूर्ण नहीं करने के कारण आलोचना हो सकती है।

वृषः रोजगार के क्षेत्र में किये जा रहे प्रयास आज फलीभूत होने से आर्थिक समस्याओं का समाधान होगा। सार्वजनिक क्षेत्र से शुभ समाचार मिलने की संभावना है।

मिथुनः आज का दिन मिला-जुला रहेगा। सेहत लगभग सामान्य रहेगी। आज कई दिनों से लटके किसी अनुबंध के आगे बढ़ने से धन लाभ की कामना अधूरी रहेगी।

कर्कः आपका आज का दिन मिश्रित फलदायी रहेगा। दिन के पहले भाग में आर्थिक दृष्टिकोण से संतुष्टि रहेगी। कार्य क्षेत्र पर बिक्री बढने से धन की आमद होगी। व्यक्तित्व का भी विकास होने से सामाजिक छवि बेहतर बनेगी।

सिंहः आज दिन के पूर्वार्ध में आपको परिश्रम के अनुसार फल ना मिलने से मानसिक पीड़ा हो सकती है। दिमाग में नए-नए विचार आने से किसी ठोस निर्णय लेने में परेशानी होगी।

कन्याः आज का दिन आंशिक शुभ रहेगा। पुरानी गलतियों या व्यवहार की कमी के कारण आज मन में ग्लानि रहेगी। सेहत भी आज थोड़ी विपरीत रहने से मन की बहुप्रतीक्षित इच्छा अधूरी रह सकती है।

तुलाःआज का दिन भी अस्तव्यस्त रहने से मनोकामना अधूरी रह सकती है। मध्यान तक जोखिम वाले कार्यो से बचने का प्रयास करें अन्यथा परेशानी में पड़ सकते है।

वृश्चिकः आज के दिन भी ग्रह स्थिति घर बाहर उथल पुथल कराएगी में आपको घरेलु मामलो में विशेष सावधानी बरतने की आयवश्यक रहेगी। रूठने-मनाने में दिन का कुछ भाग व्यर्थ हो सकता है।

धनुः आर्थिक दृष्टिकोण से आज का दिन पिछले कुछ दिनों से बेहतर रहेगा। अतिरिक्त आय होगी। रुके हुए कार्य पूर्ण होने से भी धन के स्त्रोत बढ़ेंगे लेकिन आज हाथ खुला रहने से भविष्य में बड़े खर्च की योजना भी बनेगी।

मकरः आज दिन का पहला भाग आपकी आशाओं के विपरीत रहने वाला है। आय की अपेक्षा खर्च अधिक रहने से धन की कमी अनुभव होगी महत्त्वपूर्ण कार्य को लेकर कीसी से कर्ज लेने की नौबत भी आ सकती है।

कुंभः आज आप कार्यो की भरमार रहने के कारण भ्रमित हो सकते है। परिश्रम का उचित फल नहीं मिलेगा दोपहर तक कार्यो में व्यवधान आने से निराश रहेंगे।

मीनः आज के दिन आप अधिक लापरवाह रहने के कारण हानि उठा सकते है। प्रातः काल से ही यात्रा पर्यटन की योजना बनेगी कार्य क्षेत्र पर अधिक ध्यान देने के बाद भी अल्प लाभ से संतोष करना पड़ेगा।

QUIZ TIME

1) मिल्कवीड पौधा मुख्य रूप से किस राज्यों में पाया जाता है?

2) महाकुंभ मेला 2025 के दौरान भक्तों की सहायता के लिए प्रधानमंत्री द्वारा लॉन्च किए गए चैटबॉट का नाम क्या है?

3) किस राज्य सरकार ने वन्यजीव अपराधों को रोकने के लिए 'गरुड़ाक्षी' ऑनलाइन एफआईआर प्रणाली शुरू की है?

4) नाटोर भूमि शब्द का क्या अर्थ है?

5) भारत ने अपनी पहली हाइड्रोजन-चालित वॉटर टैक्सी सेवा किस शहर में शुरू की?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) राजस्थान, कर्नाटक और महाराष्ट्र (2) कुंभ सहायक (3) कर्नाटक (4) सरकार के स्वामित्व वाली बंजर या बेकार पड़ी भूमि जो खेती या उत्पादक उपयोग के लिए आवंटित की जाती है (5) वाराणसी

पहेली

शब्द सामर्थ्य -008

बाएं से दाएं: [illegible]

ऊपर से नीचे: [illegible]

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 007 का हल

न्यूज गैलरी

ई-रिक्शा चालकों पर सख्त कार्रवाई 2 घंटे में 78 पर चालान

रायपुर/नवप्रदेश। शहर में बढ़ती ट्रैफिक समस्या और लगातार मिल रही शिकायतों के बीच यातायात पुलिस ने ई-रिक्शा चालकों के खिलाफसख्त अभियान चलाया। मात्र दो घंटे की कार्रवाई में 78 ई-रिक्शा चालकों पर नियम उल्लंघन के तहत कार्रवाई की गई।

पुलिस कमिश्नरेट रायपुर के उपायुक्त यातायात एवं प्रोटोकॉल के निर्देश पर 12 अप्रैल 2026 को दोपहर 2 बजे से 4 बजे के बीच विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना लाइसेंस, नो-पार्किंग, रॉन्ग साइड जैसे उल्लंघनों पर चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई।अभियान के दौरान जिन चालकों के पुराने ई-चालान लंबित थे, उनसे मौके पर ही पेंडिंग चालान का भुगतान भी कराया गया। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

यातायात पुलिस की अपील–रायपुर पुलिस ने ऑटो और ई-रिक्शा चालकों से अपील की है कि वे अपने सभी जरूरी दस्तावेज अपडेट रखें, नो-पार्किंग में वाहन खड़ा न करें और चौक या लेफ्ट टर्न पर गाड़ी खड़ी कर यातायात बाधित न करें। नियमों का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

8 कार्यों के लिए 1.99 करोड़ स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने बिलासपुर जिले के बोदरी नगर पालिका में 8 कार्यों के लिए एक करोड़ 99 लाख रुपए से अधिक की राशि मंजूर की है। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री श्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने संचालनालय से इनकी मंजूरी के आदेश जारी कर दिए हैं। उप मुख्यमंत्री तथा विभागीय मंत्री श्री अरुण साव ने सभी कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए समय-सीमा में काम पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विकास ने बोदरी नगर पालिका के वार्ड क्रमांक-7 में दो बी.टी. कोटिंग सड़कों के लिए 42 लाख 20 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। वार्ड क्रमांक-15 में बी.टी. कोटिंग सड़क के लिए 13 लाख 13 हजार रुपए, वार्ड क्रमांक-11, 12, 13 एवं 14 में झूलेलाल मंदिर से दुर्गा मदिर तक बी.टी. कोटिंग सड़क के लिए 41 लाख 61 हजार रुपए तथा वार्ड क्रमांक-14 में आत्मानंद स्कूल से काली मंदिर होते हुए मेन रोड तक बी.टी. सड़क के लिए 16 लाख 73 हजार रुपए मंजूर किए गए हैं। विभाग ने वार्ड क्रमांक-6 में रहंगी रोड से मुक्तिधाम तक सी.सी. रोड के लिए 31 लाख 8 हजार रुपए और वार्ड क्रमांक-10 में प्राथमिक शाला दड़हा से मेन रोड तक सी.सी. रोड के लिए 12 लाख 83 हजार रुपए मंजूर किए हैं। विभाग ने पीपल चौक से बिजली ऑफिस रहंगी मोड़ तक आर.सी.सी. नाली के निर्माण के लिए भी 41 लाख 50 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं।

ओएलएक्स के जरिए 2 लाख की ठगी करने वाले 2 आरोपी बिहार से गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। ऑनलाइन ठगी के एक मामले में रायपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना पुरानी बस्ती और एसीसीयू की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को समस्तीपुर से गिरफ्तार किया है।मामले के अनुसार, प्रार्थिया ने थाना पुरानी बस्ती में शिकायत दर्ज कराई थी कि 2 फरवरी 2026 को ओएलएक्स के माध्यम से कैमरा खरीदने के नाम पर अज्ञात व्यक्तियों ने उससे संपर्क किया। आरोपियों ने खुद को ÷ऑल इंडिया कैमरा डिस्ट्रीब्यूटर÷ बताकर भरोसा दिलाया और अलग-अलग यूपीआई आईडी के जरिए कुल 2 लाख रुपये ठग लिए। रकम लेने के बाद आरोपियों ने मोबाइल बंद कर दिया।इस मामले में अपराध क्रमांक 60/2026 के तहत धारा 318(4) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) संदीप पटेल और डीसीपी क्राइम स्मृतिक राजनाला के मार्गदर्शन में एडिशनल डीसीपी राहुल शर्मा तथा एसीपी पुरानी बस्ती देवांश सिंह राठौर के नेतृत्व में टीम गठित की गई।जांच के दौरान मोबाइल नंबर, बैंक खातों, सीडीआर और ऑनलाइन ट्रांजेक्शन का विश्लेषण किया गया, जिससे आरोपियों की पहचान हुई। इसके बाद विशेष टीम को बिहार रवाना किया गया, जहां स्थानीय पुलिस की मदद से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।गिरफ्तार आरोपी-धीरज कुमार महतो (38 वर्ष), निवासी समस्तीपुर, बिहार सुबोध कुमार सिंह (25 वर्ष), निवासी समस्तीपुर, बिहार

जल जीवन मिशन से वनांचलों के दूरस्थ गांवों तक पहुंच रहा स्वच्छ पेयजल

रायपुर/नवप्रदेश। जल जीवन मिशन वनांचलों और दूरस्थ क्षेत्रों में जीवन की तस्वीर बदल रही है। कांकेर जिले के अंतागढ़

विकासखंड के दूरस्थ व माओवाद प्रभावित रहे, पेयजल संकट से जूझने वाले टेकापानी गांव में अब जल जीवन मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन से हर घर स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति हो रही है। भारत सरकार और राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन के तहत हर ग्रामीण परिवार में प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन न्यूनतम 55 लीटर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। टेकापानी जैसे संवेदनशील गांवों में इस लक्ष्य की प्राप्ति बड़ी उपलब्धि है।जिला मुख्यालय कांकेर से लगभग 65 किलोमीटर दूर स्थित टेकापानी के लोग पहले पीने और घरेलू उपयोग के लिए नाले व झरिया के पानी पर निर्भर थे। गर्मियों में जलस्तर घटने पर महिलाओं को लंबी दूरी तय कर पानी लाना पड़ता था। सरपंच श्री सुदूराम कावड़े बताते हैं कि अब गांव में स्थापित सोलर आधारित जल आपूर्ति प्रणाली से हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंच रहा है। साथ ही जल गुणवत्ता की नियमित जांच की जा रही है, जिसमें ÷जल बहिनियाँ÷, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन और गांव की महिलाएं सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

एनएमडीसी ने मनाई डॉ बीआर अंबेडकर की 135वीं जयंती

हैदराबाद/नवप्रदेश। भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी ने हैदराबाद में अपने कॉर्पोरेट कार्यालय और साथ ही देश भर में अपनी सभी परियोजना स्थलों पर भारतीय संविधान के निर्माता भारतरत्न डॉ बी.आर. अम्बेडकर की 135वीं जयंती मनाई।

समारोह का नेतृत्व एनएमडीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री अमिताभ मुखर्जी ने किया। उनके साथ श्री विनय कुमार, निदेशक (तकनीकी); श्री जयदीप दासगुप्ता, निदेशक (उत्पादन); श्री अनुराग कपिल, निदेशक (वित्त) शामिल हुए तथा कर्मचारियों के साथ डॉ बीआर अम्बेडकर की 135वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

एनएमडीसी एचओ एससी/एसटी कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में कर्मचारियों और अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। एनएमडीसी एचओ एससी/एसटी कर्मचारी कल्याण संघ के अध्यक्ष श्री बी हनुमंत राव, तथा महासचिव श्रीमती सी अन्नपूर्णा के साथ सभी पदाधिकारियों ने कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

समारोह की शुरुआत डॉ बीआर अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद उनके जीवन और दर्शन को नमन करते हुए प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए, एनएमडीसी के सीएमडी श्री अमिताभ मुखर्जी ने कहा कि ÷डॉ बीआर अम्बेडकर ने हमें याद दिलाया था कि स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व अलग-अलग आदर्श नहीं हैं, बल्कि जीवन का एक तरीका है जो हमारे लोकतंत्र का मजबूत आधार हैं। उनके शब्द आज तेजी से विकसित हो रही दुनिया में अत्यधिक प्रासंगिक हैं। उनके विचार हमें स्मरण कराते हैं कि सच्ची प्रगति समावेशी और न्यायसंगत विकास सुनिश्चित करने में निहित है। एनएमडीसी में हम इन आदर्शों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

नहीं सुधर रही केरोसिन वितरण प्रणाली

आदेश के बाद भी दुकानों तक नहीं पहुंचा केरोसिन, हितग्राही लौटने को मजबूर

रायपुर/नवप्रदेश। एलपीजी गैस संकट के बीच प्रशासन द्वारा केरोसिन वितरण की व्यवस्था किए जाने के बावजूद जमीनी स्तर पर हालात सुधर नहीं पाए हैं। मार्च में आदेश जारी होने के बाद भी 12 अप्रैल तक राजधानी की अधिकांश उचित मूल्य दुकानों में केरोसिन नहीं पहुंच सका है, जिससे हितग्राहियों को निराश होकर वापस लौटना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, प्रदेश के 11 शहरी क्षेत्रों के लिए कुल 240 किलोलीटर केरोसिन आवंटित किया गया है। प्रत्येक राशन कार्डधारक को 2-2 लीटर केरोसिन देने के निर्देश दिए गए हैं। आपूर्ति के लिए दो एजेंसियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिनमें

एक को 144 किलोलीटर और दूसरी को 96 किलोलीटर केरोसिन दिया गया है। इसके बावजूद वितरण व्यवस्था सुचारू नहीं हो सकी है। रायपुर जिले में 297 उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से 3 लाख 20 हजार 478 हितग्राहियों को केरोसिन दिया जाना है, लेकिन अधिकांश दुकानों में अब तक स्टॉक नहीं पहुंचा है। सेजबहार, लालपुर और संजय नगर सहित कई क्षेत्रों की दुकानों में केरोसिन उपलब्ध नहीं है। दुकानदार हितग्राहियों को अगले माह आएगा कहकर लौटा रहे हैं।

विभाग ने दिए सख्त निर्देश

इस संबंध में कलेक्ट्रेट स्थित बैठक में खाद्य विभाग ने दुकानदारों को निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक दुकान में कम से कम 1000 लीटर केरोसिन का भंडारण अनिवार्य रूप से किया जाए। यदि किसी हितग्राही को केरोसिन नहीं मिलता है तो संबंधित दुकानदार पर कार्रवाई की जाएगी।दुकानदारों ने अपनी समस्या बताते हुए कहा कि लंबे समय से केरोसिन की मांग कम होने के कारण भंडारण की व्यवस्था नहीं है और ड्रम तक उपलब्ध नहीं हैं।

चावल वितरण भी प्रभावित: केरोसिन के साथ ही राशन दुकानों में चावल की उपलब्धता भी प्रभावित है। केंद्र सरकार द्वारा तीन माह का चावल वितरण करने के निर्देश दिए गए हैं, लेकिन कई दुकानों में अब तक पर्याप्त भंडारण नहीं हो पाया है। कुछ दुकानों में सीमित मात्रा में चावल है, जबकि कई जगह पूरी तरह से स्टॉक खत्म हो चुका है। इससे उपभोक्ताओं को बार-बार दुकानों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

सर्वर समस्या से बढ़ी परेशानी: राशन वितरण के दौरान सर्वर की समस्या भी सामने आ रही है, जिसके कारण हितग्राहियों को घंटों इंतजार करना पड़ता है।

करोड़ों की लागत से बदल रहा पुसौर का स्वरूप-वित्तमंत्री

■ वित्त मंत्री ने पुसौर में लाइब्रेरी, पुष्पवाटिका एवं तालाब सौंदर्यीकरण कार्यों का किया निरीक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक श्री ओ.पी.चौधरी ने पुसौर में निर्माणाधीन लाइब्रेरी भवन, पुष्पवाटिका उद्यान, चंदन तालाब सहित अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का सूक्ष्म परीक्षण करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा निर्माण स्थल पर जाकर प्रत्यक्ष रूप से कार्यों की स्थिति देखना, बुनियादी ढांचे का विकास कराना हम सभी की जिम्मेदारी है द्य उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता पाई जाती है, तो संबंधितों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।वित्त मंत्री श्री चौधरी ने नगर पंचायत पुसौर के सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों की प्रगति का गहन मूल्यांकन किया। उन्होंने अधिकारियों से विभिन्न योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने तथा गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य शासन की मंशा के अनुरूप विकास कार्यों को धरातल पर प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करना सर्वोच्च प्राथमिकता है ।

चोरी के छह आरोपियों गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। 10 अप्रैल को प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 06.04.2025 के शाम 05:00 बजे के. वी. इंटरप्राईजेस रावांभाठा ट्रांसपोर्ट नगर का शटर को तोडकर गोंदाम अंदर रखे जी. आई. मोबिल क्लैप 118 बैग प्रत्येक बैग में 25 नग क्लैप कुल 2950 नग एवं जी. आई ज्वाइंट बाक्स क्लैप 02 बैग प्रति बैग 30 नग कुल 60 नग कीमती 95000.00 रुपये को कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना खमतराई में अपराध कमांक 243/26 धारा 305,331 (2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। घटना को पुलिस उपायुक्त (नार्थ जोन) श्री मंयक गुर्जर (भा.पु.से.) द्वारा घटना को गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (नार्थ जोन) आकाश मरकाम, सहायक पुलिस

आयुक्त उरला पूर्णिमा लामा तथा थाना प्रभारी जितेन्द्र जायसवाल को अज्ञात आरोपियों की पतासाजी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया।

इसी दौरान मुखबिर से सुचना मिला कि आर.टी.ओ. के पीछे देवारपारा में रहने वाले जैन मरकाम उर्फबजरंगी अपने दोस्तो के साथ मिलकर चोरी के सामानो को चोरी कर रखा है एवं बेचने के लिए खरीददार की तलाशी कर रहा है कि सूचना मिलने पर संदेही को घेराबंदी कर पकडकर नाम पता पुछने पर अपना नाम जैन मरकाम उर्फ बजरंगी पिता स्व. चांद मरकाम उम्र 20 साल पता आर.टी.ओ. के पीछे देवारपारा रावांमाठा थाना खमतराई जिला रायपुर छ.ग. का रहने वाला बताया कडाई से पुछताछ करने आरोपी द्वारा अपने साथियो के साथ, के. वी. इंटरप्राईजेस के रावांभाठा मे दिनांक 10.04.2026 के रात्रि करीब 01.00 बजे अपने साथियों के साथ गोदाम के शटर को तोड़कर मन्नु सोनवानी और शिवा अंदर प्रवेश कर 02 जुट बोरी में रखे लोहे जैसे सामानो को चोरी करना स्वीकार किये आरोपियों के कब्जे से माल मशरुका जप्त कर आरोपियो को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

कलिंगा विश्वविद्यालय, ने ज़ी इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिएटिव आर्ट भुवनेश्वर के साथ किया एमओयू

रायपुर/नवप्रदेश। कलिंगा विश्वविद्यालय, रायपुर ने 8 अप्रैल 2026 को ज़ी इंस्टीट्यूट ऑफ़ क्रिएटिव आर्ट , भुवनेश्वर के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता उद्योग-एकीकृत शिक्षा को मज़बूत करने और छात्रों के लिए रचनात्मक करियर के अवसरों का विस्तार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस समझौते का उद्देश्य बैचलर ऑफ़ वोकेशन प्रोग्राम में दो स्पेशलाइज़ेशन–एनिमेशन और VFX, तथा फैशन टेक्नोलॉजी–को बढ़ावा देना है। इन्हें इस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि ये छात्रों को ज़्यादा मांग वाले क्रिएटिव क्षेत्रों में व्यावहारिक कौशल, हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग और इंडस्ट्री से जुड़ा ज्ञान प्रदान कर सकें। इस सहयोग का उद्देश्य अकादमिक शिक्षा और

उद्योग की अपेक्षाओं के बीच के अंतर को पाटना है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि छात्र पहले ही दिन से करियर के लिए तैयार हों।

इस समझौते पर ZICA भुवनेश्वर के निदेशक श्री प्रमोद कुमार पांडा और कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी ने ZICA भुवनेश्वर के सेंटर हेड श्री कालीचरण साहू और कलिंगा विश्वविद्यालय के एडमिशन डायरेक्टर श्री अभिषेक शर्मा की उपस्थिति में औपचारिक रूप से हस्ताक्षर किए; यह समझौता गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और पेशेवर उत्कृष्टता के प्रति दोनों संस्थानों की मज़बूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

इस सहयोग के तहत, ZICA भुवनेश्वर 'इंडस्ट्री पार्टनर' के तौर पर काम करेगा, जो विशेषज्ञ मार्गदर्शन, वास्तविक दुनिया का अनुभव और एनिमेशन, VFX तथा फैशन उद्योगों में इस्तेमाल होने वाले नवीनतम उपकरणों और तकनीकों तक पहुँच प्रदान करेगा।

तेलीबांधा दैनिक बाजार में औचक निरीक्षण

निगम ने मटन दुकानों पर लगाया 3 हजार का ई-जुर्माना, दी कड़ी चेतावनी

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निगम स्वास्थ्य विभाग ने स्वच्छता को लेकर सख्ती बढ़ाते हुए तेलीबांधा स्थित दैनिक बाजार में औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर तीन मटन दुकानों पर कार्रवाई की गई।नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ तृप्ति पाणीग्रही ने जोन 3 क्षेत्र में पहुंचकर बाजार की स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान जोन स्वास्थ्य अधिकारी पूरन कुमार तांडी, स्वच्छता निरीक्षक गिरीजेश तिवारी सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।निरीक्षण के दौरान तीन मटन दुकानों को खुले में बिना ढके मांस विक्रय करते पाया गया। इस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित व्यवसायी शेख हुसैन से कुल 3 हजार रुपये का ई-जुर्माना वसूला गया। स्वास्थ्य अधिकारी ने संबंधित दुकानदारों को सख्त हिदायत दी कि भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही दोहराने पर छत्तीसगढ़ नगर पालिका निगम अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

कृषि विश्वविद्यालय रायपुर को सर्वश्रेष्ठ सोयाबीन अनुसंधान केंद्र का राष्ट्रीय पुरस्कार

रायपुर/नवप्रदेश। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर में संचालित अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना (सोयाबीन) को राष्ट्रीय स्तर पर वर्ष 2023-2025 की मूल्यांकन अवधि के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए ÷सर्वश्रेष्ठ केंद्र पुरस्कार÷ से सम्मानित किया गया है। राष्ट्रीय स्तर के इस सम्मान के लिए कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री श्री राम विचार नेताम ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

यह सम्मान राष्ट्रीय अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना (सोयाबीन) नेटवर्क के अंतर्गत प्रदान किया गया। यह पुरस्कार रायपुर केंद्र की बहुआयामी उत्कृष्टता के लिए प्रदान किया गया जिसमें अनुसंधान परीक्षण, वैज्ञानिक प्रकाशन, प्रजनन नवाचार, प्रौद्योगिकी विकास, किसान संपर्क कार्यक्रम और बीज उत्पादन शामिल हैं। यह पुरस्कार अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना (सोयाबीन) विश्वविद्यालय टीम के सदस्यों डॉ. सुनील कुमार नाग डॉ. रामा मोहन सावु एवं डॉ. ऐश्वर्या टंडन द्वारा प्राप्त किया गया। हैदराबाद 9 अप्रैल 2026 को हैदराबाद स्थित प्रोफेसर जयशंकर तेलंगाना कृषि विश्वविद्यालय, राजेंद्र नगर में आयोजित अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना (सोयाबीन) की 56वीं वार्षिक समूह बैठक में प्रदान किया गया।

हर माह 100 से अधिक मरीज बीच में छोड़ रहे इलाज

मेकाहारा की अव्यवस्थाओं से मरीज परेशान

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के सबसे बड़े शासकीय अस्पताल मेकाहारा की व्यवस्थाएं इन दिनों सवालों के घेरे में हैं। लंबी कतार, जांच में देरी और डॉक्टरों की अनियमित उपलब्धता से परेशान मरीज इलाज बीच में ही छोड़कर दूसरे अस्पतालों का रुख कर रहे हैं। अस्पताल में चिकित्सकीय सलाह के विरुद्ध अस्पताल छोड़ना (लामा) के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है। आंकड़ों के अनुसार, हर माह औसतन 100 से अधिक मरीज इलाज अधूरा छोड़कर जा रहे हैं। वर्ष 2025 में ही ऐसे 1279 मामले सामने आए हैं, जो स्वास्थ्य व्यवस्था की गंभीर स्थिति को दर्शाते हैं।

एक मरीज को आंख के इलाज के लिए पहले पर्ची कटाने में आधा घंटा और डॉक्टर तक पहुंचने में दो घंटे का समय लगा। जांच के बाद बताए गए परीक्षण की रिपोर्ट तकनीकी कारणों से नहीं मिल सकी और उसे दोबारा आने को कहा गया। वहीं, एक अन्य मरीज को खांसी की शिकायत में दो दिन तक जांच पूरी नहीं हो सकी और रिपोर्ट आने के बाद संबंधित डॉक्टर भी उपलब्ध नहीं मिले।

डॉक्टरों और स्टाफ की कमी बड़ी वजह: अस्पताल में कई विभागों में डॉक्टर सप्ताह में केवल एक-दो दिन ही उपलब्ध

रहते हैं। इससे दूर-दराज से आने वाले मरीजों का समय पर इलाज नहीं हो पाता और वे निराश होकर बीच में ही अस्पताल छोड़ देते हैं।

विभागवार आंकड़े भी चिंताजनक: सर्जरी, प्रसूति एवं स्त्री रोग, बाल एवं शिशु रोग सहित कई विभागों में लामा के मामलों की संख्या अधिक है।

यह दर्शाता है कि समस्या किसी एक विभाग तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे अस्पताल की व्यवस्था प्रभावित है।

रोज 2000 मरीज, लेकिन संसाधन सीमित

मेकाहारा में प्रतिदिन लगभग 2000 मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं, जबकि यहां केवल करीब 1100 बिस्तरों की ही व्यवस्था है। पूरे प्रदेश से मरीजों के आने के कारण अस्पताल पर अत्यधिक दबाव बना रहता है, जिससे समय पर उपचार मिल पाना चुनौती बन गया है।मरीजों को पर्ची बनवाने से लेकर डॉक्टर तक पहुंचने और जांच कराने तक हर स्तर पर लंबा इंतजार करना पड़ता है। कई मामलों में जांच रिपोर्ट समय पर नहीं मिलती, तो कहीं डॉक्टर उपलब्ध नहीं होते। इससे मरीजों को बार-बार अस्पताल के चक्कर लगाने पड़ते हैं।

प्रबंधन का पक्ष: अस्पताल अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर का कहना है कि कई मरीज प्रारंभिक उपचार के बाद भर्ती नहीं होना चाहते और अपनी इच्छा से अस्पताल छोड़ देते हैं। हालांकि जमीनी स्थिति यह भी बताती है कि लंबी प्रक्रिया, भीड़ और संसाधनों की कमी के कारण मरीजों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है, जिससे वे इलाज अधूरा छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं।

अवैध अतिक्रमण पर निगम की सख्त कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश। वन मंत्री श्री केदार कश्यप के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम द्वारा लगातार अवैध कटाई, अतिक्रमण और उत्खनन पर नियंत्रण के लिए प्रदेशभर में नियमित गश्त और सख्त कार्रवाई की जा रही है। इस पहल से वन क्षेत्रों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हुई है और अवैध गतिविधियों पर प्रभावी रोक लग रही है।कोटा परियोजना मंडल, बिलासपुर के अंतर्गत परिक्षेत्र भैंसाझार के रतनपुर सर्किल के जूनाशहर बीट के कक्ष क्रमांक PF/1621 में अवैध अतिक्रमण का मामला सामने आया। यहां श्री संतोष सोनी, निवासी रतनपुर द्वारा वन भूमि पर टीन और लोहे से अवैध शेड का निर्माण किया गया था।

बाबा साहेब की जयंती को लेकर कोदागांव में चलाया गया स्वच्छता अभियान

■ नायक के नेतृत्व में विगत 10 सालों से स्वच्छता अभियान मृत मवेशी के अंतिम संस्कार कर चुके

कांकेर / नवप्रदेश। 14 अप्रैल को भारत रत्न बाबासाहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर ग्राम पंचायत कोदागांव में स्वच्छता अभियान चलाया।ग्राम कोदा गांव मंदिर परिसर और और बाजार परिसर का साफ सफाई करते हुए पंचूराम नायक सभापति सहकारिता जनपद पंचायत कांकेर व पुर्व मंडल अध्यक्ष, पुर्व सरपंच ने स्वच्छता को विशेष महत्व देते हुए पिछले दिनों कई पुरस्कार ले चुके हैं स्वच्छता में विकास खण्ड स्तर जिला स्तर पर प्रदेश स्तर पर रचनात्मक कार्यो में सम्मान किया गया है, साथ ही स्वच्छता को एक थीम पर कार्य कर रहे हैं। पिछले 10 वर्षो से गौ माता व पालतू पशुओं को सम्मान पुर्वक अंतिम

संस्कार- मिट्टी में गड्ढे खोद कर मिट्टी ढक कर उसके ऊपर वृक्ष रोपण कर किया जा रहा है, जिसके कारण समाज में एक नया संस्कर निर्मित होता है वातावरण प्रदुषित नहीं होता वृक्ष रोपण कार्य जैविक खाद मिट्टी के कटाव रोकने में सहायक होता है।लगभग 300 गौमाता व पालतू पशुओं को दफ्नाने का कार्य हो चुका है आओ हम सभी को मिलकर इस अभियान को सफ्ल बनाने में सहयोग प्रदान करें।

स्वच्छता अभियान के कार्यक्रम में शामिल - पंचू राम नायक सभापति सहकारिता जनपद पंचायत कांकेर,चुमेश पटेल पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष,दिनू राम पटेल, बीरबल धाकड़ एस सी मोर्चा महा मंत्री, श्री मती रेशमा केशरी महिला मोर्चा महामंत्री, श्रीमती मीना साहू पंच, रेवती पिद्दा, लता पिद्दा, शंकर सोनवानी, कुनाल आरदे, साहिल दिपक,मानेस नेताम, देवेन्द्र ठाकुर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता - मीना साहू, अनारकली आदि लोगों की उपस्थित में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में पंचूराम नायक सभापति सहकारिता जनपद पंचायत कांकेर व पुर्व मंडल अध्यक्ष,चुमेश पटेल पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष बीरबल धाकड़ एससी मोर्चा महा मंत्री,श्रीमती रेशमा केशरी महिला मोर्चा महामंत्री, दिनु राम पटेल,शंकर सोनवानी,मीना साहू पंच, रेवती पिद्दा,साहिल दिपक, कुनाल आरदे,मानेश नेताम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-मीना साहू, अनारकली आदि लोगों की उपस्थित मे कार्यक्रम संपन्न हुआ।

न्यूज गैलरी

अंबेडकर जयंती पर ग्राम सभा में गूंजा संकल्प-बाल विवाह मुक्त पंचायत बनाएंगे

बीजापुर / नवप्रदेश। 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर ग्राम पंचायत में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बाल विवाह रोकथाम को लेकर व्यापक चर्चा की गई तथा बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। ग्राम सभा में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों को बताया गया कि बाल विवाह एक सामाजिक कुप्रथा होने के साथ.साथ कानूनन अपराध भी है। 18 वर्ष से कम आयु की लड़की एवं 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह प्रतिबंधित है और इसमें शामिल सभी लोगों पर कानूनी कार्रवाई हो सकती है।बैठक में अभियान के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि शासन द्वारा सामुदायिक भागीदारी और जनजागरूकता के माध्यम से पूरे राज्य को बाल विवाह मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है। पंचायत स्तर पर ग्राम सभाओं में प्रस्ताव पारित कर बाल विवाह मुक्त पंचायत बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस दौरान उपस्थित सभी ग्रामीणों से अपील की गई कि वे अपने गांव को बाल विवाह मुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं, बाल विवाह की सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों को दें और समाज में जागरूकता फैलाएं।ग्राम सभा के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया कि वे बाल विवाह जैसी कुप्रथा का विरोध करेंगे और अपने पंचायत को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए मिलकर कार्य करेंगे। आइए हम सब मिलकर बाल विवाह मुक्त पंचायत का निर्माण करें और समाज को एक नई दिशा दें।

आवापल्ली में उसूर ब्लॉक के विक्रेताओं की समीक्षा बैठक संपन्न

बीजापुर / नवप्रदेश। अपर कलेक्टर श्री भूपेन्द्र अग्रवाल ने जनपद पंचायत सभाकक्ष आवापल्ली में उसूर ब्लॉक के समस्त विक्रेताओं एवं दुकान संचालकों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक ली। इस अवसर पर सहायक खाद्य अधिकारी एवं समस्त खाद्य निरीक्षक भी उपस्थित रहे। बैठक में दुकान संचालन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। प्रमुख रूप से चावल उत्सव, खाद्यान्न वितरण व्यवस्था, डीडी प्रक्रिया, ट्रैक्टर के माध्यम से भंडारण एवं वितरणए आधार सीडिंग, ई-केवाईसी तथा जर्जर भवनों की स्थिति जैसे मुद्दों पर गंभीरता से विचार किया गया।अपर कलेक्टर ने सभी विक्रेताओं को निर्देशित किया कि वितरण व्यवस्था पारदर्शी एवं सुचारू रूप से संचालित की जाए, जिससे पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ मिल सके। साथ ही आधार सीडिंग एवं ई-केवाईसी कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए।बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने विक्रेताओं की समस्याएं भी सुनीं और उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। अंत में सभी को शासन के दिशा.निर्देशों का पालन करते हुए जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया।

चांदनी चौक में सड़क निर्माण के दौरान पाइपलाइन क्षतिग्रस्त

जगदलपुर/नवप्रदेश। शहर के चांदनी चौक क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य के दौरान बड़ी लापरवाही सामने आई है। निर्माण एजेंसी की लापरवाही के कारण भूमिगत जल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे लाखों लीटर पीने का पानी सड़कों पर बह गया।यह घटना ऐसे समय में हुई है जब भीषण गर्मी के कारण जगदलपुर शहर में पहले से ही पीने के पानी की भारी किल्लत बनी हुई है। पानी के बह जाने से आसपास के कई इलाकों में जल आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है।स्थानीय निवासियों ने निर्माण कार्य में हुई लापरवाही पर गहरी नाराजगी जताई है। लोगों का कहना है कि गर्मी के मौसम में जब पानी की बचत की जरूरत है, उस समय लाखों लीटर पानी बर्बाद होना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।स्थानीय लोगों ने नगर निगम और निर्माण एजेंसी से मांग की है कि इस घटना की तुरंत जांच की जाए, दोषी ठेकेदार पर सख्त कार्रवाई की जाए और क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की मरम्मत शीघ्र पूरी कर पानी की बर्बादी रोकी जाए।

प्रथम चरण में 7 हजार से अधिक आवेदनों पर कार्यवाही, हजारों नागरिकों को मिली राहत

मैदानी क्षेत्रों के साथ सुदूर अंचलों तक पहुंचा जिला प्रशासन, स्थानीय स्तर पर मिला समाधान

■ जनसमस्या निवारण शिविर: प्रभावी प्रशासनिक पहल से सशक्त हुआ जनविश्वास

रायगढ़/ नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से जिले में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविरों ने अल्प समय में ही जनसेवा की एक प्रभावी मिसाल प्रस्तुत की है। कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिलेभर में संचालित इन शिविरों के प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों पर तेजी से कार्यवाही करते हुए हजारों नागरिकों को राहत प्रदान की गई है, जिससे आमजन में प्रशासन के प्रति विश्वास और अधिक सुदृढ़ हुआ है। प्रथम चरण के अंतर्गत कुल 7,125 आवेदनों में से 4,000 से अधिक प्रकरणों का सफ्ल निराकरण किया जा चुका है। यह उपलब्धि सुव्यवस्थित योजना, विभागीय समन्वय तथा सतत मॉनिटरिंग का परिणाम है, जिसने जनसेवा को परिणाममुखी स्वरूप प्रदान किया है।

विकासखंड स्तर पर भी निराकरण की प्रक्रिया प्रभावी रही। मुकड़ेगा और कापू में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई, जहां बड़ी संख्या में आवेदनों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया गया। इसके साथ ही छाल, तमनार, खरसिया एवं पुसौर में भी सक्रिय कार्यवाही के माध्यम से नागरिकों को राहत पहुंचाई गई है, जो प्रशासनिक तत्परता को दर्शाता है। ÷प्रशासन पहुंचेगा जनता के द्वार÷ अभियान के अंतर्गत तमनार, मुकड़ेगा, छाल, पुसौर एवं कापू जैसे सुदूर वनांचल एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में शिविर आयोजित कर प्रशासन ने अपनी पहुंच सीधे नागरिकों तक सुनिश्चित की। इसके साथ ही मैदानी क्षेत्रों में भी एक ही मंच के माध्यम से जनसमस्याओं का निराकरण किया गया, जिससे नागरिकों को जिला मुख्यालय तक आने की आवश्यकता नहीं पड़ी और उन्हें उनके ही क्षेत्र में त्वरित सेवाएं प्राप्त हुईं।

शिविरों के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा आवेदनों का मौके पर परीक्षण कर यथासंभव तत्काल निराकरण किया गया। साथ ही पात्र हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित किया गया, जिससे योजनाओं की जमीनी पहुंच और प्रभावशीलता स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई। शिविरों में प्रधानमंत्री आवास योजना, मछली जाल वितरण, राशन कार्ड, आधार कार्ड, महतारी वंदन योजना के तहत ई-केवाईसी, आयुष्मान कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, श्रम कार्ड, स्व-सहायता समूह की महिलाओं को चेक वितरण, फ्लदार पौधों का वितरण सहित अनेक योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा सैकड़ों लोगों की स्वास्थ्य जांच कर निःशुल्क दवा वितरण भी किया गया। शिविर स्थलों पर पेयजल, छाया एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। अधिकारियों-कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता से शिविर एक सशक्त जनसेवा मंच के रूप में स्थापित हुए, जहां आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान के साथ संतोषजनक वातावरण भी देखने को मिला ।

बड़ेकाकलेड में संतृप्ति शिविर आयोजित

■ योजनाओं का लाभ पहुंचाने के साथ स्वास्थ्य जांच और जनसमस्याओं पर हुआ फोकस

बीजापुर / नवप्रदेश। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देशानुसार नियद नेल्लानार ग्राम पंचायतों एवं उनके आश्रित ग्रामों में नियमित अंतराल पर संतृप्ति शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखंड भोपालपटनम अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़ेकाकलेड में 13 अप्रैल 2026 को शिविर आयोजित किया गया। जिसमें पंचायत के सभी आश्रित ग्रामों के ग्रामीणजन बड़ी संख्या में शामिल हुए।शिविर के दौरान मौके पर ही 31 जॉब कार्ड का वितरण किया गया। साथ ही जन्म प्रमाण पत्र, जाति, आय एवं निवास प्रमाण पत्र, बैंक खाता खोलने सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं के लिए आवेदन फॉर्म भरे गए जिससे ग्रामीणों को त्वरित लाभ मिल सका। इस अवसर पर मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच एवं स्क्रीनिंग भी की गई। शिविर में कुल 55 व्यक्तिगत एवं सामुदायिक मांग/ज्ञापन प्राप्त हुए। ग्रामीणों द्वारा प्रमुख रूप से क्षेत्र में बस सेवा प्रारंभ करने, विद्युत विस्तार एवं सुचारू आपूर्ति, संचार सुविधा के लिए जियो मोबाइल टावर की स्थापना, प्राथमिक कृषि सहकारी समिति संड्रा (विस्थापित) को मूल स्थान पर संचालित करने तथा इंद्रावती टाइगर रिजर्व क्षेत्र में वर्ष 2003 से बंद तेंदूपत्ता तोड़ाई पुनः शुरू करने जैसी मांगें रखी गईं।

शिविर में जनपद प्रतिनिधि, सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता के साथ शिविर सफ्लतापूर्वक संपन्न हुआ, जहां शासन की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने के साथ उनकी समस्याओं के समाधान की दिशा में सार्थक पहल की गई।

नवीन पाठ्यपुस्तकों पर आधारित बीआरजीएस प्रशिक्षण संपन्न हुआ

बीजापुर / नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद शंकर नगर रायपुर के निर्देशन और डाइट प्राचार्य वेंकट रमन के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में बीजापुर जिले के चारों विकासखंड के 48 बीआरजीएस का एफ्एलएन अंतर्गत नवीन पाठ्यपुस्तकों पर आधारित प्राथमिक शिक्षकों का जिला स्तर पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण (ब्लेंडेड मोड में) 06 से 08 अप्रैल तक तीन दिवस ऑनलाइन एवं 09 से 13 अप्रैल तक पांच दिवस ऑफ्लाइन प्रशिक्षण एससीईआरटी द्वारा प्रशिक्षित डीआरजी के माध्यम से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) बीजापुर में डाइट फेकल्टी एवं विकासखंडों से आए शिक्षकों की उपस्थिति में प्री टेस्ट एपूजा अर्चना एवं सरस्वती वंदना के साथ शुभारंभ होते हुए संपन्न हुआ।

पीढापाल में डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई

■ संविधान निर्माता लोक कल्याण के लिए रहे समर्पित : नायक

कांकेर / नवप्रदेश। मंगलवार को धनेलीकन्हार मंडल के अंतर्गत ग्राम पीढापाल बूथ स्तर पर दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना सम्मान के साथ पूजा किया गया।

सामाजिक न्याय के प्रणेता भारतीय संविधान के शिल्पकार भारत रत्न, श्रद्धेय बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर उनके चरणों में कोटि-कोटि नमन करते हुए।मुख्य अतिथि पंचूराम नायक ने बाबा साहेब के जीवन पर प्रकाश डालते कहा कि पूज्य बाबा साहेब का संपूर्ण जीवन समतामूलक समाज की स्थापना और लोककल्याण के लिए समर्पित रहा। राष्ट्र निर्माण में आपके अभूतपूर्व योगदान के लिए यह देश सदैव ऋृणी है उस

श्रद्धेय बाबा साहेब के पुण्य विचार और आदर्श जीवन सदैव हमारा पथ प्रदर्शित करते रहेंगे। उनकी शिक्षाओं को आत्मसात कर हम सभी उनके सपनों के भारत के निर्माण के लिए कटिबद्ध रहे है। और डॉ बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के जीवनी पर बताया गया।

बच्चों कि छात्र वास पर भी निरीक्षण कर पूजा अर्चना के साथ बच्चों कि स्वास्थ्य गुणवत्ता के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया।

जिसमें उपस्थित मुख्य अतिथि पंचूराम नायक पूर्व मंडल अध्यक्ष व जनपद सदस्य सहकारिता सभापति कांकेर सितंबर कावडे पूर्व मंडल अध्यक्ष व सरपंच अशोक कचलाम मंडल महामंत्री व जनपद सदस्य सभापति कांकेर सरपंच हलालू राम पढोंती दीलीप सिंह राजपूत किसान मोर्चा महामत्री योगेश ठाकुर युवा मोर्चा महामंत्री भाजपा राहुल कावड़े भाजपा युवा मोर्चा मंत्री पंच्चम जैन वरिष्ठ कार्यकर्ता शिवलाल नाग कन्हैया शोरी यशवंत दर्रो आयतू कचलाम विष्णु मंडावी पंच मुकेश नाग ग्रा. सचिव एवं उपस्थित समस्त ग्रामवासियों के साथ इस कार्यक्रम बुथ पीढापाल मे सम्पन्न हुआ।

मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान की हुई शुरुआत

■ स्थानीय स्तर पर विधायक सुश्री लता उसेण्डी के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम सम्पन्न

कोण्डागांव / नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा आज सुकमा जिले में आयोजित कार्यक्रम में ÷मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान÷ का शुभारंभ किया गया। इसी क्रम में कोण्डागांव जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्थानीय स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेण्डी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रदमा बघेल एवं श्रीमती यशोदा कश्यप सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा सुकमा से आयोजित शुभारंभ कार्यक्रम का लाईव प्रसारण भी देखा गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सुश्री लता उसेण्डी ने बस्तर क्षेत्र के सुदूर अंचलों में स्वास्थ्य सेवा पहुंचाने की दिशा में इस अभियान को शासन की महत्वपूर्ण एवं जनकल्याणकारी पहल बताया। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं एवं बालिकाओं के स्वास्थ्य पर जोर देते हुए कहा कि एनीमिया मुक्त समाज का निर्माण अत्यंत आवश्यक है, जिससे महिलाएं एवं बालिकाएं स्वस्थ रहकर हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत व्यापक स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित की जाएगी, जिससे समाज के समग्र स्वास्थ्य स्तर में सुधार होगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती यशोदा कश्यप सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. चतुर्वेदी, सिविल सर्जन डॉ. पी.एल. मण्डावी तथा अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

डिजिटल जनदर्शन 'डिजि मितान' का शुभारंभ

रायगढ़ / नवप्रदेश। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप तथा कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिला पंचायत रायगढ़ द्वारा सुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं अभिनव पहल ÷डिजिटल जनदर्शन ङ्क डिजि मितान÷ का सफ्ल ट्रायल पूर्ण होने के पश्चात विधिवत शुभारंभ किया गया।

कांकेर जिले में महिलाएं सब्जी-भाजी लगाकर बाजार में बेच रही, आय में हो रही वृद्धि

कृषि और आजीविका के लिए दीदी के बखरी से आ रही नई क्रांति

कांकेर / नवप्रदेश। जिले में बिहान योजना के तहत महिलाओ के आजीविका मे वृद्धि हेतु सभी स्तर पर विभिन्न प्रयास किये जा रहे है । जिले में काफ़ी संख्या मे दीदीयां अपने जीवन स्तर मे में सुधार के लिए आय मूलक गतिविधियों से जुड़ी हुई हैं । अपनी आय दुगुनी करने के लिए एकीकृत कृषि के साथ अन्य लाइवलिहुड एक्टिविटी कर रही है इसमें अपने घर के बखरी (बाड़ी) में व्यावसायिक रूप से सब्जी -भाजी लगाकर उसको बाजार में बिक्री कर अपने आय मे वृद्धि कर रही है ,साथ मे मछली पालन,मुर्गीपालन, बकरी पालन व वनोपज संग्रहण कर रही है। इस प्रकार से एकीकृत कृषि जिले के चार विकासखंडट्ठ नरहरपुर, कांकेर, भानुप्रतापपुर, चारामा में संचालित है, जिसमें प्रत्येक संकुल के चार गांव को लिया गया है। योजना का उद्देश्य महिला किसानों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाना है जिससे उनकी औसत आय प्रतिमाह बीस से पच्चीस हजार तक पहुंच जाए।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हरेश मंडावी के मार्गदर्शन में यह योजना ज़िले में सुचारु रूप से संचालित हो रही है,यह योजना ÷दीदी के बखरी÷ नाम से संचालित है ।

विकासखण्ड नरहरपुर में 1200, कांकेर में 790, चारामा में 734 एवं भानुप्रतापपुर में 640 इस प्रकार कुल 3364 महिला किसानों द्वारा सब्जी बाड़ी, पोषण वाटिका, मुर्गी पालन, वनोपज संग्रहण, मछली पालन इत्यादि गतिविधियां की जा रही हैं। वित्त वर्ष 2026-27 में 10,780 महिलाओं को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है जिसमे उनका आवश्यक सहयोग करके उनके आय मे वृद्धि का प्रयास किया जायेगा ।

इनके लिए सभी क्लस्टर लेवल पर आजीविका सेवा केंद्र भी खोला जा रहा है जो दीदियों द्वारा ही संचालित होगा। इसके माध्यम से इनको उक्त गतिविधि के संचालन हेतु आवश्यक बीज, कृषि उपकरण, खाद आदि मुहैया कराया जायेगा। जिला पंचायत सीईओ बने श्री मंडावी ने गत दिनों नरहरपुर, चारामा, भानुप्रतापपुर, कांकेर की महिला किसानों से मिलकर उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली।

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण पखवाड़ा का आयोजन

23 अप्रैल तक चलेंगी विविध गतिविधियां, मातृ एवं शिशु पोषण पर विशेष फोकस

रायगढ़ / नवप्रदेश। शासन के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले में 9 से 23 अप्रैल 2026 तक पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य मातृत्व एवं शिशु पोषण को सुदृढ़ बनाना तथा समुदाय को स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना है।

महिला एवं बाल विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत शून्य से 3 वर्ष तक के बच्चों के समुचित विकास के लिए प्रारंभिक उत्प्रेरण गतिविधियों पर जोर दिया जा रहा है, वहीं 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए खेल आधारित शिक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके साथ ही स्क्रीन टाइम कम करने तथा बच्चों के समग्र विकास में पालकों एवं समुदाय की भूमिका को सशक्त बनाने हेतु विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। पखवाड़ा के दौरान जिला, विकासखंड, नगरीय निकाय, ग्राम पंचायत एवं आंगनबाड़ी स्तर पर प्रतिदिन निर्धारित कैलेंडर के अनुसार विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

टीबी मरीजों को डीएमएफ एवं सीएसआर मद से प्रदान किए जाएंगे पोषण किट : कलेक्टर

***विभागीय कार्यों की हुई समीक्षा, लंबित कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने दिए निर्देश**

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में को जिला कलेक्टरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली गई तथा समय सीमा में लंबित कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराए जाने निर्देश दिए गए। इस दौरान कलेक्टर जनदर्शन, जन चौपाल, जन शिकायत, पीजी पोर्टल आदि की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड निर्माण में प्रगति की जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि प्रथम चरण में जिनके पास सारे डॉक्यूमेंट उपलब्ध हैं, उनका प्राथमिकता से बनवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने डीएमएफ अंतर्गत निर्माण कार्यों की स्थिति की जानकारी ली तथा समय- सीमा पर पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए। बैठक में अतिशेष शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया में प्रगति की जानकारी ली तथा जिला शिक्षा अधिकारी को लंबे समय से अनुपस्थित शिक्षकों की बर्खास्त की प्रक्रिया समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को पेंशन एवं अन्य प्रकरण के निराकरण शीघ्र किए जाने के निर्देश दिए। वितरण, धान उठाव, स्थल निरीक्षण के दौरान दिए गए निर्देशों में कार्यवाही के सम्बन्ध में विभागों से जानकारी ली गई। इस दौरान पीएम जनमन योजनांतर्गत मल्टी पर्पज सेंटर, सड़क, पीएम आवास, आंगनबाड़ी

केंद्र, मोबाईल कनेक्टिविटी, विद्युतीकरण सहित अन्य कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने 50 बड़े बकायादारों के दो माह में किए गए डायवर्सन वसूली की जानकारी सर्व एसडीएम से ली। सीतापुर एसडीएम ने बताया कि 12 लाख 46 लक्ष्य था जिसमें 12 लाख 14 हजार वसूली की जा चुकी है शेष 32 हजार शेष है। उदयपुर में 24 लाख का था 16 लाख की वसूली की जा चुकी है एवं आठ लाख शेष है। लुण्ड्रा में 25 लाख का लक्ष्य था जिसमें 17 लाख 27 हजार की वसूली की जा चुकी है एवं 7 लाख 73 हजार से है। अंबिकापुर में लक्ष्य 1,74,80,034 का लक्ष्य था जिसमें 1,28,31,056 का वसूली की कार्यवाही किया जा चुका है शेष 46,48,978 पर वसूली की कार्यवाही जारी है। कलेक्टर ने शेष वसूली की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने अनुभागवार जन्म प्रमाणपत्र निर्माण की जानकारी सभी एसडीएम से ली तथा शेष को एक सप्ताह के भीतर जारी कराए जाने कहा। उन्होंने जाति प्रमाण पत्र निर्माण में प्रगति की जानकारी लेते हुए जल्द से जल्द शत- प्रतिशत बनाना सुनिश्चित करने कहा। भारत सरकार द्वारा आयोजित होने वाली जनगणना 2027 के कार्यों के सम्बंध में कलेक्टर श्री वसंत ने जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जनगणना प्रशिक्षण गम्भीरता के साथ गुणवत्तापूर्ण ढंग से सम्पन्न हो, प्रशिक्षण के अंत में टेस्ट आयोजित करें। सभी एसडीएम प्रशिक्षण का अवलोकन करें। कलेक्टर ने जिले के चिन्हांकित सभी टीबी मरीजों को पोषण किट डीएमएफ एवं सीएसआर मद से ग्राम पंचायतों के माध्यम से प्रदान किए जाने के निर्देश दिए है।

न्यूज गैलरी

भाजपा के 'गांव चलो' अभियान बरमपुर में लाभार्थियों का हुआ सम्मान

खड़गवां/एमसीबी/नवप्रदेश। भाजपा स्थापना दिवस पखवाड़ा के अंतर्गत ग्राम बरमपुर में 'गांव चलो घर-घर चलो' अभियान चलाया गया। 11 अप्रैल को आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महिला मोर्चा प्रदेश सोशल मीडिया सह-प्रभारी रश्मि सोनकर उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक घर तक मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों से चर्चा कर उनका सम्मान किया गया। विशेषकर महिलाओं में भारी उत्साह दिखा और उन्होंने केंद्र सरकार की योजनाओं के प्रति आभार व्यक्त किया। वरिष्ठ नेता रमेश जायसवाल और कार्यक्रम प्रभारी श्याम कार्तिक साहू ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं की पहुँच ने संगठन और बूथ को नई मजबूती दी है। इस अवसर पर जेके सिंह, बूथ अध्यक्ष शिवचरण साहू, जयप्रकाश साहू, कुंती साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और ग्रामवासी उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने विकास कार्यों की सराहना करते हुए वर्तमान प्रशासनिक स्थिति पर संतोष व्यक्त किया।

अच्छा प्रदर्शन: 90 करोड़ के लक्ष्य के विरुद्ध 79.53 करोड़ की प्राप्ति

एमसीबी/नवप्रदेश। जिला खनिज विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान राजस्व संग्रहण में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। संचालनालय भौमिक तथा खनिजकर्म, नवा रायपुर द्वारा जिले को आवंटित 90 करोड़ रुपये के वार्षिक लक्ष्य के मुकाबले विभाग ने 79.53 करोड़ रुपये की राजस्व वसूली सुनिश्चित की है। यह कुल लक्ष्य का लगभग 88 प्रतिशत है, जो विभाग की सक्रिय कार्यप्रणाली को दर्शाता है। ?कलेक्टर के मार्गदर्शन में विभाग ने मुख्य खनिज कोयला सहित गौण खनिज गिट्टी और रेत के उत्खनन व परिवहन पर कड़ी निगरानी रखी। इस दौरान अवैध गतिविधियों पर लगाम कसने के लिए विभाग ने सख्त रुख अपनाया। पूरे वर्ष में अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के कुल 146 प्रकरण दर्ज किए गए, जिनसे 38.70 लाख रुपये का अर्थदंड वसूल कर सरकारी कोष में जमा कराया गया। खनिज अधिकारियों के अनुसार, प्रशासनिक समन्वय और निरंतर जांच अभियानों के कारण यह सफलता मिली है। आगामी समय में भी अवैध उत्खनन पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले परिजनों को मिली आर्थिक सहायता

मुंगेली/नवप्रदेश। सड़क दुर्घटना में मृतक के परिजन को कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। गौरतलब है कि सामान्य प्रशासन विभाग के आदेशानुसार सड़क दुर्घटना में मृतक के वैध वारिस को 25 हजार रूपए और गंभीर रूप से घायल होने पर 10 हजार रूपए की राशि दिए जाने का प्रावधान है। मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज ने बताया कि ग्राम रोहराखुर्द निवासी अजय राजपूत का बिलासपुर रोड में ग्राम गीधा के पास सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। उन्होंने बताया कि तहसीलदार मुंगेली के प्रतिवेदन के आधार पर मृतक की पत्नी दीप्ति राजपूत को 25 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

भीषण गर्मी से बचाव के लिए जिला प्रशासन की एडवाइजरी

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में लगातार बढ़ते तापमान और हीट वेव (लू) की आशंका को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड में आ गया है। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार आमजनों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए लू से बचाव के लिए विस्तृत एडवाइजरी जारी की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा ने बताया कि अत्यधिक गर्मी के कारण लू लगने का खतरा बढ़ जाता है, जो गंभीर एवं जानलेवा भी हो सकता है। इसे ध्यान में रखते हुए जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में हीट स्ट्रोक प्रबंधन कक्ष स्थापित किए गए हैं, जहां ओआरएस, आईवी फ्लूड, जीवन रक्षक दवाइयों एवं शीतलन की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। जिले के सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में ओआरएस कॉर्नर स्थापित किए गए हैं तथा मितानिनों की दवा पेटी को रिफिल करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि जरूरत पड़ने पर तत्काल प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया जा सके। इसके अलावा जिला अस्पताल सहित विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में 'मनियारी नीर प्याऊ घर' के माध्यम से शुद्ध एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार लू लगने पर सिर दर्द, चक्कर, तेज बुखार, उल्टी, शरीर में कमजोरी, अधिक प्यास लगना और पसीना न आना जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। गंभीर स्थिति में शरीर का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक होने पर हीट स्ट्रोक की स्थिति बन सकती है, जो चिकित्सकीय आपातकाल है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार दोपहर के समय अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें। धूप में निकलते समय सिर और कान को ढककर रखें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं और हल्के, सूती कपड़े पहनें। अधिक पसीना आने पर ओआरएस का सेवन करें तथा चक्कर या कमजोरी महसूस होने पर तुरंत छायादार स्थान पर विश्राम करें। किसी भी प्रकार के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क कर चिकित्सकीय सलाह लेने की सलाह दी गई है।

जिले को मिली 7 नई 108 एम्बुलेंस को हरी झंडी

सक्ती/नवप्रदेश। भारत रत्न भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर सक्ती जिले को 108 एम्बुलेंस की सौगात मिली। जांजगीर लोकसभा सांसद कमलेश जांगड़े, भाजपा जिलाध्यक्ष टिकेश्वर सिंह गबेल, सीएमएचओ पूजा अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधियों ने 108 एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस दौरान एम्बुलेंस के सामने दीप प्रज्वलित कर आरती की गई एवं नारियल फोड़कर शुभारंभ किया गया। जिले को मिली नई एम्बुलेंस सेवाओं को जनता के लिए समर्पित किया गया।सांसद कमलेश जांगड़े ने सक्ती जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए केंद्र सरकार के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के प्रति आभार व्यक्त

किया। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार जनहितैषी कार्य करते हुए लगातार स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बना रही है। उन्होंने आगे कहा कि सक्ती जिले को 7 नई 108 एम्बुलेंस मिलने से जिले के लोगों को काफी लाभ मिलेगा। चिकित्सा सुविधाओं में निरंतर विस्तार हो रहा है और क्षेत्र के लोग किसी भी मेडिकल इमरजेंसी की स्थिति में 108 नंबर पर कॉल कर तत्काल एम्बुलेंस सेवा का लाभ ले सकते हैं। इस अवसर पर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष रामावतार अग्रवाल, मांगेराम अग्रवाल, ऋषि गोयल, भवानी तिवारी, रामनरेश यादव, अभिषेक शर्मा, रामसिंग सिदार, रघुनंदन राठौर, सेवती साहू, सुशीला गबेल, जिला मीडिया प्रभारी धनंजय नामदेव, नगरपालिका उपाध्यक्ष भारत यादव, पार्षद गण—गजेन्द्र यादव, गोविंदा निराला, अनिता गोपाल, मनोज सोनी, सुरेश साहू, विनोद पाण्डेय, मनोज सिसोदिया, भगत शर्मा, दादू केवट, गजेंद्र राठौर, लाखन नामदेव, अनुराग विश्वकर्मा, परमेश्वर साहू, आदित्य अग्रवाल, पिंटू सिंघल, विजय जांगड़े, पुरुषोत्तम खूंटे, प्रेम शंकर गबेल, वेद प्रकाश सहित अनेक जनप्रतिनिधि, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

दृष्टिबाधित स्कूल में मनाई अंबेडकर जयंती

सक्ती/नवप्रदेश। संविधान हर भारतीय के लिए सर्वश्रेष्ठ धर्म ग्रंथ है...यह बात कहते हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय आयोग (विधि)के प्रदेश अध्यक्ष एवं उच्च न्यायालय अधिवक्ता चितरंजय पटेल ने अंबेडकर जयंती पर दृष्टि बाधित विशेष विद्यालय सक्ती के संस्थापक जसवंत आदिले एवं संचालिका बिंदेश्वरी आदिले को भारतीय संविधान की प्रति भेंट किया और बताया कि भारतीय संविधान में समाज के प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में खुशियां लाने तथा उनके सर्वांगीण विकास की कल्पना की गई है तथा बाबा साहब ने इसमें धर्मट्ठजाति वर्ग भेद से परे सभी आम जन के लिए समानता से जीने का अधिकार सुनिश्चित किया है, फलस्वरूप आज सर्व समाज सामाजिक एकता और भाईचारा के साथ बाबा साहब की जन्म जयंती को समरसता दिवस के रूप में मना रहा है। इन पलों में ह।ऋस्छ्ष्ट के प्रदेश अध्यक्ष चितरंजय पटेल अधिवक्ता, जिला अध्यक्ष महेंद्र बरेठ, महिला अध्यक्ष कांता यादव, मालिक राम यादव, विजय चंद्रा, नरेंद्र पटेल अधिवक्ता गण के साथ दृष्टिबाधित विद्यालय के शिक्षक, दृष्टिहीन बच्चों के अलावा मीडिया के लोग शामिल हुए। छ ग़ सर्व विकलांग कल्याण संघ शक्ति के अध्यक्ष बिंदेश्वरी जसवंत आदिले ने प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शैक्षणिक सत्र समापन के साथ ही बच्चों के विदाई पर आप लोगों ने आज अंबेडकर जयंती को यादगार बना दिया। साथ ही जसवंत आदिले ने बताया कि विद्यालय में बच्चों के ग्रीष्मावकाश पर जाने के पूर्व अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया।

अंबेडकर जयंती: ब्लॉक कांग्रेस ने किया रक्तदान शिविर

मनेंद्रगढ़/नवप्रदेश। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मनेंद्रगढ़ शहर द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर 220 बिस्तरीय सिविल अस्पताल में एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर शहर के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा आयोजन माना जा रहा है , जिसमें 50 से अधिक लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। शिविर का नेतृत्व कर रहे ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सौरव मिश्रा, पूर्व विधायक गुलाब कमरों ने स्वयं रक्तदान कर युवाओं को प्रेरित किया। गुलाब

कमरों ने कहा कि रक्तदान सीधे किसी की जान बचाने का माध्यम है, वहीं सौरव मिश्रा ने इस अभियान को जन-आंदोलन बनाने की बात कही।रक्तदान करने वालों में जिला पंचायत एनएसयूआई जिलाध्यक्ष कासिम अंसारी, व्यंकटेश सिंह और डॉ. अंशुल सिंह सहित पुलिस विभाग के मनोज सिंह व रवि साहू और पत्रकार निजाम शामिल रहे। पैथोलॉजिस्ट स्नेहा सिंह ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे मरीजों के लिए जीवनदायी बताया। इस अवसर पर विधायक प्रत्याशी रमेश सिंह, पूर्व नपा अध्यक्ष प्रभा पटेल, रामनरेश पटेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित थे। आयोजन के अंत में सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

स्वामी आत्मानंद स्कूल केल्हारी में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

एमसीबी/नवप्रदेश। जिला एमसीबी के विकासखंड मनेन्द्रगढ़ अंतर्गत स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, केल्हारी में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश की घोषणा कर दी गई है। प्राचार्य द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, विभिन्न कक्षाओं में रिक्त सीटों को भरने के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार कुल 99 रिक्त सीटों पर प्रवेश दिया जाना है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:
कक्षा 1ली: 50 सीटें, कक्षा 9वीं: 10 सीटें, कक्षा 11वीं (गणित व

जीवविज्ञान): 33 सीटें, अन्य कक्षाएं: कक्षा 5वीं (03), 6वीं (02), 7वीं (01) और 8वीं (02) में भी सीटें उपलब्ध हैं।
महतारी दुलारी योजना: कोरोना काल में अनाथ हुए बच्चों को प्रवेश में विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। इसके लिए ष्टस्ह्र द्वारा जारी मृत्यु प्रमाण पत्र अनिवार्य होगा।
?आरक्षण: कुल रिक्त सीटों में से 25% सीटें बीपीएल और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए आरक्षित हैं। बालिका शिक्षा: सह-शिक्षा विद्यालय होने के कारण 50% सीटें छात्राओं के लिए सुरक्षित रखी गई हैं। यदि रिक्त सीटों से अधिक आवेदन प्राप्त होते हैं, तो चयन लॉटरी सिस्टम (कंप्यूटर आधारित रैंडम चयन) के माध्यम से किया जाएगा। कक्षा 1ली में प्रवेश के लिए बच्चे की आयु 31 मई 2026 की स्थिति में 5 वर्ष 6 माह से 6 वर्ष 6 माह के बीच होनी चाहिए। इच्छुक अभिभावक ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आवेदन कर सकते हैं।

भाजपा के 47वें स्थापना दिवस पर 'गाँव चलो अभियान' का आगाज़

मुंगेली/नवप्रदेश। भाजपा की 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर गाँव चलो अभियान कार्यक्रम किया जा रहा है। जिसमें केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है और लाभार्थियों से भेंट किया गया। यह कार्यक्रम ग्राम निरजाम के प्रभारी इंजी. अंचना बंजारा अध्यक्ष महिला मोर्चा सेतगंगा मंडल एवं पायल विश्व कर्मा जिला मंत्री, अर्चना चंजतम भाजपा कार्यकर्ता, बिमलेश्वरी गबेल महामंत्री महिला मोर्चा सेतगंगा मंडल, लवलेश सिंह, देवचरण साहू, सत्यम साहू, जितेंद्र साहू सरपंच ग्राम पंचायत निरजाम एवं अन्य कार्यकर्ताओं के द्वारा गांव भ्रमण किया गया।

अवैध रेत उत्खनन करते मशीन और 4 ट्रैक्टर जब्त

एमसीबी/नवप्रदेश। कलेक्टर के निर्देशन में खनिज विभाग ने रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। 10 अप्रैल की देर रात करीब 1:00 बजे खनिज विभाग की टीम ने तहसील भरतपुर के ग्राम हरचौका स्थित मवई नदी में दबिश दी।

निरीक्षण के दौरान स्वीकृत खदान में पर्यावरणीय नियमों के विपरीत खनन कार्य होते पाया गया, जिस पर विभाग ने तत्काल एक चैन माउंटेन मशीन और रेत से भरा एक हाईवा जब्त कर

लिया। कार्रवाई का सिलसिला यहीं नहीं थमा, टीम ने सिरौली और चिउंटिमार क्षेत्रों में भी घेराबंदी कर अवैध रेत परिवहन में लगे 4 ट्रैक्टरों को पकड़ा। इन सभी वाहनों के खिलाफ खनन एवं खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। जब्त ट्रैक्टरों को कलेक्टरेट परिसर में सुरक्षित खड़ा कराया गया है। खनिज अधिकारी दयानंद तिग्गा ने बताया कि जिले में अवैध उत्खनन को लेकर मिल रही शिकायतों पर यह सख्त कदम उठाया गया है। इस पूरी कार्रवाई में खनिज सिपाही राजकुमार यादव सहित विभागीय अमले की सक्रिय भूमिका रही। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि अवैध उत्खनन और परिवहन के खिलाफ यह अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा।

जयंती

नाका चौक पर गूंजे बाबा साहब के जयकारे, सांसद कमलेश जांगड़े ने अर्पित की पुष्पांजलि

बाबा साहब के विचारों में संघर्ष, समानता और सामाजिक न्याय : सांसद

■ हर वर्ग को समान अधिकार दिलाने के लिए ऐतिहासिक कार्य

सक्ती/नवप्रदेश। सक्ती के नाका चौक में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बाबा साहब की आदमकद प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर उन्हें नमन किया गया।

जांजगीर-चांपा लोकसभा सांसद कमलेश जांगड़े एवं जिला अध्यक्ष टिकेश्वर सिंह गबेल ने बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर नमन किया । उपस्थित सभी भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भी श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने बाबा साहब के विचारों को स्मरण करते हुए कहा कि उनका जीवन संघर्ष, समानता और सामाजिक न्याय का प्रतीक है।

उन्होंने समाज के हर वर्ग को समान अधिकार दिलाने के लिए ऐतिहासिक कार्य किए, जिनसे आज पूरा देश प्रेरणा ले रहा है। जिला अध्यक्ष टिकेश्वर सिंह गबेल ने कहा कि सभी को बाबा साहब के विचारों और मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात करना

चाहिए तथा एक न्यायपूर्ण, समरस और सशक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम में पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष रामावतार अग्रवाल, मांगेराम अग्रवाल, ऋषि गोयल, भवानी तिवारी, रामनरेश यादव, अभिषेक शर्मा, रामसिंग सिदार, रघुनंदन राठौर, सेवती साहू, सुशीला गबेल, नगरपालिका उपाध्यक्ष भारत यादव, पार्षद गण -गजेन्द्र यादव, गोविंदा निराला, अनिता गोपाल, मनोज सोनी सुरेश साहू, विनोद पाण्डेय, मनोज सिसोदिया, भगत शर्मा, दादू केवट, गजेंद्र राठौर, लाखन नामदेव, अनुराग विश्वकर्मा, परमेश्वर साहू, आदित्य अग्रवाल, पिंटू सिंघल, विजय जांगड़े, पुरुषोत्तम खूंटे, प्रेम शंकर गबेल, वेद प्रकाश, जिला मीडिया प्रभारी धनंजय नामदेव सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कलेक्टर सख्त, लापरवाही पर दो सीएमओ का वेतन रोकने के साथ नोटिस जारी

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर जिले में चल रही विभिन्न योजनाओं, जनगणना कार्य, अधोसंरचना विकास एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की।

बैठक में उन्होंने सभी विभागों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं परिणाममूलक कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जनगणना कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने स्व-गणना, मकान सूचीकरण एवं प्रशिक्षण कार्यों में तेजी लाने निर्देशित किया। उन्होंने फील्ड ट्रेनर की सूची तैयार करने, प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण सुनिश्चित करने तथा जनगणना के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए वाल राइटिंग एवं जागरूकता अभियान चलाने को कहा। साथ ही सभी चार्ज अधिकारियों को मकान सूचीकरण का प्रमाण प्रस्तुत करने तथा एक विस्तृत एसओपी तैयार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जरहागांव एवं बरेला में सड़क पर मवेशियों की समस्या और साफ-सफाई की खराब स्थिति पर नाराजगी जताते हुए संबंधित सीएमओ को नोटिस जारी करने एवं वेतन रोकने के निर्देश दिए। साथ ही दोनों क्षेत्रों में सड़कों की स्थिति सुधारने निर्देशित किया। उन्होंने मुख्यमंत्री घोषणाओं की समीक्षा करते हुए खुड़िया में स्वास्थ्य केंद्र उन्नयन, लोरमी में पोस्ट मैट्रिक छात्रावास निर्माण एवं भालापुर-अचानकपुर सड़क को बारिश से पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने

छात्रावास हेतु भूमि चयन शीघ्र पूर्ण करने तथा मोतिमपुर, जरहागांव एवं सेतगंगा में अर्बन पीएचसी शीघ्र प्रारंभ करने तथा सीएम जनदर्शन अंतर्गत लंबित आवेदनों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश देते हुए प्राथमिकता के आधार पर समयसीमा में समाधान सुनिश्चित करने कहा। कलेक्टर ने आधार पंजीयन एवं एमबीयू की प्रगति की समीक्षा करते हुए लक्ष्य अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने डीएमसी को प्रतिदिन प्राचार्यों से समन्वय कर पंजीयन एवं रि-वैलिडेशन सुनिश्चित करने तथा निजी स्कूलों में भी कड़ाई से पालन कराने तथा कमजोर प्रगति वाले स्कूलों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। गर्मी के मद्देनजर हीट वेव प्रबंधन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने पेयजल की समुचित व्यवस्था, बाजार एवं सार्वजनिक स्थलों पर प्याऊ की व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देशित किया। उन्होंने पीएम सूर्यघर योजना की प्रगति की सराहना करते हुए अधिक से अधिक लोगों को योजना का लाभ दिलाने हेतु जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विस्थापन से जुड़े मामलों पर चर्चा करते हुए 93 संभावित प्रभावित परिवारों का सर्वे कर उनकी आवश्यकताओं का आकलन करने तथा सड़क, बिजली, जलापूर्ति एवं कृषि भूमि की व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देशित किया।

न्यूज गैलरी

एसएनजी कॉलेज में गूंजे बाबा साहब के आदर्श

मुंगेली/नवप्रदेश। एस.एन.जी. महाविद्यालय में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अंबेडकर जी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित छात्र-छात्राओं को सामाजिक एकता, समरसता एवं सद्भाव बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. मन्नाराम पटेल जी ने अपने संबोधन में अंबेडकर जी के जीवन, उनके संघर्ष एवं समाज सुधार में उनके अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों को उनके आदर्शों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यक्रम अधिकारी गोचंद पटेल जी ने की। इस दौरान स्वयंसेवकों में राहुल मल्लाह, आकाश, करीना, हेमलता, मनीषा, प्रीति, भूपेंद्र, केशव सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उपरांत पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए पूर्व में लगाए गए पौधों की सुरक्षा हेतु ट्री गार्ड की व्यवस्था की गई तथा पौधों को नियमित रूप से पानी देने की भी व्यवस्था सुनिश्चित की गई।

एक साल में हुए 3,602 सुरक्षित प्रसव स्वास्थ्य सेवाओं में आया बड़ा सुधार

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला चिकित्सालय में निरंतर बेहतर हो रही सुविधाओं के चलते अब जिले की महिलाओं को सुरक्षित प्रसव के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है। कलेक्टर के कुशल मार्गदर्शन में यह उपलब्धि न केवल स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार का संकेत है, बल्कि शासन की जनहितकारी नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन का भी प्रमाण है। जिला चिकित्सालय मुंगेली के 100 बिस्तर मातृ एवं शिशु अस्पताल ने बीते एक वर्ष में सुरक्षित मातृत्व एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा ने बताया कि अप्रैल 2025 से मार्च 2026 की अवधि में अस्पताल में कुल 03 हजार 602 प्रसव सफलतापूर्वक संपन्न कराए गए, जो जिले की स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूती और चिकित्सा टीम की दक्षता को दर्शाता है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, कुल प्रसवों में 02 हजार 405 सामान्य प्रसव एवं 01 हजार 190 ऑपरेशन (सी-सेक्शन) के माध्यम से प्रसव कराए गए। इसके साथ ही 01 हजार 28 महिलाओं को पीपीआईयूसीडी की सुविधा प्रदान कर परिवार नियोजन को बढ़ावा दिया गया। विशेष रूप से 02 हजार 114 उच्च जोखिम वाली गर्भावस्थाओं का सफल प्रबंधन कर जच्चा-बच्चा दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित की गई, जो चिकित्सा टीम की विशेषज्ञता और समर्पण को रेखांकित करता है। डीपीएम गिरीश कुर्रे ने बताया कि अस्पताल में स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. नेहा स्मृति लाल, निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. राजेश कुमार बेलदार, चिकित्सा अधिकारियों, लेबर रूम स्टॉफ, ऑपरेशन थिएटर (ओ.टी.) स्टॉफएवं पीएनसी स्टॉफकी टीम ने समन्वित रूप से कार्य करते हुए सुरक्षित प्रसव सेवाएं प्रदान कीं। इसके साथ ही 01 हजार 190 महिलाओं की नसबंदी कर परिवार कल्याण कार्यक्रम को भी प्रभावी रूप से आगे बढ़ाया गया। सिविल सर्जन डॉ. एम.के. राय ने सभी चिकित्सकों एवं स्टॉफके कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि टीम वर्क, समर्पण और बेहतर स्वास्थ्य प्रबंधन का परिणाम है। उन्होंने आगामी वित्तीय वर्ष में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं उन्नत बनाने का संकल्प भी व्यक्त किया।

साड़ियों की घटिया क्वालिटी पर फूटा गुस्सा, महिला कांग्रेस ने फूंका पुतला

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग के खिलाफविरोध प्रदर्शन करते हुए दोपहर 12 बजे पडाव चौक में प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री के विरोध में पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं ने कहा कि विभाग द्वारा वितरित की गई साड़ियां न केवल निम्न स्तर की हैं, बल्कि उनकी लंबाई भी पर्याप्त नहीं है, जिससे उनका उपयोग करना कठिन हो रहा है। प्रदेश महिला कांग्रेस द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग के खिलाफ आंदोलन की तैयारी की जा रही है। इसी कड़ी मे महिला कांग्रेस की जिला इकाई द्वारा 13 अप्रैल को महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महिला एवं बाल विकास मंत्री के विरोध में पुतला दहन किया। जिलाध्यक्ष उर्मिला यादव ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को वितरित की गई साड़ियों की गुणवत्ता और लंबाई को लेकर उत्पन्न असंतोष के चलते लिया गया है। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि उन्हें दी गई साड़ियां न केवल निम्न स्तर की हैं, बल्कि उनकी लंबाई भी पर्याप्त नहीं है, जिससे उनका उपयोग करना कठिन हो रहा है। इस मुद्दे को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं में व्यापक नाराजगी देखी जा रही है। महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष अनिता विश्वकर्मा ने कहा कि विरोध प्रदर्शन के माध्यम से कार्यकर्ता अपनी मांगों को शासन तक पहुंचाना चाहते हैं और दोषियों के खिलाफउचित कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। इस अवसर पर उर्मिला यादव, अनीता विश्वकर्मा, जागेश्वरी वर्मा, मायारानी सिंह, सकीरा खान, लतारानी, हेमिन मंगेशकर, जाहेदा बेगम, कमलेश्वरी, निधि ठाकुर, स्वेता पाठक, गुलाबा कोशले, पिनाक डहरिया, शकुंतला देवी, अनिता नवरंग, संजय भंडारी, नीरज यादव, दीपक गुप्ता सहित बड़ी संख्या मे कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बम्हनीडीह नगर पंचायत में सफाई व्यवस्था ध्वस्त कचरे के ढेर और जाम नालियों से त्रस्त जनता

सीएमओ की कार्यप्रणाली पर उठ रहा सवाल चहेतों को लाभ पहुंचाने का आरोप

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। नपं बम्हनीडीह इन दिनों अव्यवस्थाओं और अनियमितताओं के कारण पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है ताजा मामला सफाई व्यवस्था से जुड़ा है, जहां 15 वार्डों वाले इस नगर में अधिकांश क्षेत्रों में कचरे का अंबार लगा हुआ है और नालियां जाम पड़ी हैं नागरिकों का आरोप है कि नगर पंचायत द्वारा नियमित सफाई नहीं कराई जा रही, जिससे संक्रमण और बीमारियों का खतरा बढ़ता जा रहा है इस पूरे मामले ने सीधे तौर पर सीएमओ राधाचरण तिवारी की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं । नगर पंचायत की बिगड़ी व्यवस्था को लेकर अब सीधे तौर पर सीएमओ की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं नागरिकों का आरोप है कि जब से उन्होंने कार्यभार संभाला है, तब से समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही हैं सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और आम जनता को मूलभूत सुविधाओं के लिए भी संघर्ष करना पड़ रहा है लोगों ने प्रशासन से इस पूरे मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है, ताकि नगर में व्यवस्था मुंद भुत सुविधा का उनको लाभ मिल सके नगर वासियों का आरोप है की सीएमओ केवल बाजार पारा के मेन रोड की साफ-सफाई करवा कर अपनी वाहवाही बटोर रहे? है जब की नगर के अंदरूनी हिस्से में साफ सफाई की कोई व्यवस्था नहीं है ।नगर के लोगों ने बताया कि नगर पंचायत के कर्मचारी हर महीने घर-घर जाकर सफाई टैक्स वसूल रहे हैं, लेकिन बदले में उन्हें कोई सुविधा नहीं मिल रही वार्डों में कचरे के ढेर लगे हुए हैं और लोग खुद ही सफाई करने को मजबूर हैं नागरिकों में इस बात को लेकर भारी नाराजगी है कि जब उन्हें खुद ही कचरा साफ करना पड़ रहा है, तो फिर टैक्स लेने का औचित्य क्या है लोगों का कहना है कि यह सीधे तौर पर जनता के साथ अन्याय है ।जानकारी के अनुसार नगर पंचायत के पास लगभग 70 लाख रुपए का फंड मौजूद है, जिससे हर महीने सफाई कर्मचारियों को हजारों रुपए का भुगतान किया जा रहा है इसके बावजूद जमीनी स्तर पर सफाई का कोई असर दिखाई नहीं दे रहा नागरिकों का आरोप है कि केवल कागजों में सफाई दिखाकर बिल पास किए जा रहे हैं, जबकि हकीकत में वार्डों की हालत बदतर होती जा रही है इससे पूरे सिस्टम की पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं । नगरवासियों का कहना है कि जब भी वे अपनी समस्या लेकर नगर पंचायत कार्यालय पहुंचते हैं, तो वहां कोई जिम्मेदार अधिकारी उपलब्ध नहीं होता सीएमओ राधाचरण तिवारी की अनुपस्थिति के चलते शिकायतें सुनने वाला कोई नहीं रहता कर्मचारी भी यह कहकर पल्ला झाड़ लेते हैं कि अधिकारी उपस्थित नहीं हैं इससे लोगों को बार-बार चक्कर काटने पड़ रहे हैं और समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं ।

> **सीएमओ पर भेदभाव का आरोप**
>
> सीएमओ केवल व्यक्तिगत स्वार्थ देख कर काम करवा रहे हैं गरीबों के घर के सामने को साफ सफाई कराने इनका कोई रूचि नहीं है केवल बस स्टैंड बाजार को साफ सफाई में इनका ध्यान है।
>
> **राज कुमार पटेल पूर्व सरपंच प्रतिनिधि बम्हनीडीह**

वित्तीय अनियमितताओं के आरोपी पूर्व स्काउट कमिश्नर की बढ़ी मुश्किलें

मुंगेली/नवप्रदेश। स्काउट के जिला संगठन आयुक्त पर लाखों के फर्जीवाड़ा का आरोप और उस पर एफआईआर की मांग को लेकर बीते माह से लेकर अब तक विभिन्न समाजसेवी लोगों के द्वारा जिला एवं राज्य स्तर पर शिकायती पत्र का ज्ञापन सौंपा गया। जिस पर संज्ञान लेते हुए राज्य मुख्य आयुक्त भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ इंद्रजीत सिंग खालसा के द्वारा पांच सदस्यीय जांच कमेटी का गठन 10 अप्रैल को कर दिया गया है।

जांच बैठक में पत्र जारी कर पूर्व जिला संगठन आयुक्त मुंगेली मोरध्वज सप्रे एवं वर्तमान जिला सचिव मोनू बेलदार को 13 अप्रैल को राज्य मुख्यालय में उपस्थिति देने कहा गया था। उक्त जांच समिति में अशोक कुमार देशमुख राज्य आयुक्त रोवर अध्यक्ष, अमित कुमार राज्य संगठन आयुक्त स्काउट सदस्य, पूनम सिंह साहू राज्य प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट सदस्य, श्रीमती जलवती साहू राज्य संगठन आयुक्त (गा.) सदस्य और संतोष कुमार साहू लीडर ट्रेनर स्काउट महासमुंद सदस्य सम्मिलित हैं। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ मुंगेली के पूर्व जिला संगठन आयुक्त मोरध्वज सप्रे के विरुद्ध विभिन्न वित्तीय अनियमितताओं एवं अन्य विषयों को लेकर आरोप पत्र के बिंदु तैयार कर 17 बिंदुओं का स्पष्टीकरण नोटिस जिला संघ मुंगेली द्वारा मई 2025 में जारी किया गया था।

जिसके आधार पर राज्य कार्यालय रायपुर द्वारा भी नोटिस सप्रे को प्राप्त हुआ था किंतु तत्कालीन समय में नोटिस का जवाब देने में मोरध्वज सप्रे विफल रहे। जिसके कारण आरोपों की गंभीरता के आधार पर और जवाब प्रस्तुत नहीं होने के करण 4 जुलाई 2025 को मोरध्वज सप्रे को जिला संगठन आयुक्त मुंगेली के पद से बर्खास्त करते हुए जिला मुख्य आयुक्त मुंगेली के नेतृत्व में जांच कमेटी गठित कर वित्तीय अनियमितता सही पाए जाने पर कानूनी कार्यवाही करने का निर्देश जारी किया गया था। जिसके बाद मोरध्वज सप्रे ने हाईकोर्ट की शरण ली और राज्य मुख्य आयुक्त सहित जिला मुख्य आयुक्त, अध्यक्ष और जिला शिक्षा अधिकारी को भी कोर्ट में पक्षकार बनाया।

शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के दिए निर्देश

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. दिनेश झा की अध्यक्षता में सोमवार को पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी (BEO), सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी (ABEO), बीआरसी और संकुल प्राचार्यों को नए शिक्षा सत्र के सुचारू संचालन और प्रशासनिक कसावट हेतु कड़े दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक की शुरुआत में सहायक संचालक रवि शंकर तिवारी ने छात्रों के

अपार आईडी जनरेशन, जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड अपडेशन की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी बच्चों के अनिवार्य दस्तावेज समय-सीमा में तैयार किए जाएं। जिला शिक्षा अधिकारी ने निर्देशित किया कि नया सत्र शुरू होने से पहले गणवेश, पाठ्य पुस्तकें और साइकिल वितरण की सभी तैयारियां शत-प्रतिशत पूर्ण कर ली जाएं। प्रशासनिक सुधार की दिशा में डॉ. झा ने सख्त निर्देश दिए कि जो शिक्षक लंबे समय से अपने कर्तव्यों से अनुपस्थित हैं, उनके विरुद्ध चल रही विभागीय जांच को तत्काल पूर्ण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें ताकि उनकी बर्खास्तगी की कार्यवाही की जा सके।

भाजपा चुनाव के लिए नहीं, सेवा के लिए समर्पित

मुंगेली/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश के निर्देश पर आज नगर मंडल द्वारा गांव चलो बस्ती चलो अभियान अंतर्गत कालीमाई वार्ड एवं रामगढ़ में अभियान संपन्न हुआ। सर्वप्रथम कालीमाई वार्ड में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर इस अभियान को प्रारम्भ किया गया।

जिला भाजपा प्रभारी ज्योति नंद दुबे, पुन्नूलाल मोहले विधायक, जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य शैलेष पाठक मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। जिला प्रभारी श्री दुबे ने नरेंद्र मोदी के सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का संपूर्ण जानकारी दिया तथा भविष्य में और भी अधिक कल्याणकारी योजना के क्रियान्वयन की बात कही। विधायक मोहले ने कहा कि सभी को आवास, महतारी वंदन, निराश्रित पेंशन, स्वास्थ्य बीमा तथा कम दर पर जिला अस्पताल मुंगेली में इलाज के सुविधा की बात कही। कार्यक्रम के प्रभारी पूर्व जिला अध्यक्ष शैलेष पाठक ने सभी हितग्राहियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। अभियान को सफल बनाने के लिए अपील की। जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने गांव के चलो घर-घर चलो अभियान के मूल भाव को बताया कि भारतीय जनता पार्टी केवल चुनाव पर ही जनता के पास नहीं जाती वह और उनके संगठन के अधिकारी समय-समय पर हितग्राहियों और जनता के पास जाकर सभी योजनाओं के क्रियान्वयन कि स्थिति का अवलोकन एवं आकलन भी करती है।

'गांव चलो, बस्ती चलो' अभियान का मोर्चा, घर-घर जाकर दी योजनाओं की जानकारी

मुंगेली/नवप्रदेश। प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा के निर्देशानुसार एवं जिलाध्यक्ष राकेश साहू के आदेशानुसार के जिले के ग्रामीण मंडल में गांव चलो, बस्ती चलो, का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान के तहत भाजपा युवा मोर्चा मुंगेली मंडल के द्वारा हितग्राहियों को केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई । ग्राम के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं ग्रापं सरपंच एवं जिला युवा मोर्चा कोषाध्यक्ष अरविंद सोनी, कार्यालय मंत्री युवा मोर्चा धर्मेंद्र चतुर्वेदी, युवा मोर्चा मुंगेली ग्रामीण अध्यक्ष गुलशन सिंह ठाकुर, पिछड़ा वर्ग महामंत्री मुंगेली ग्रामीण मंडल भास्कर श्रीवास, बूथ अध्यक्ष श्रवण यादव बूथ प्रभारी कन्हैया वर्मा, शिवशंकर यादव, जीनरोत्तम वर्मा ,पैशहा वर्मा एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

जनगणना की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने ली मास्टर ट्रेनर्स की बैठक

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में आगामी जनगणना कार्य को सुव्यवस्थित एवं त्रुटिरहित ढंग से संपादित करने के उद्देश्य से कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जनगणना प्रशिक्षकों, मास्टर ट्रेनर्स एवं फील्ड ट्रेनर्स की महत्वपूर्ण बैठक लेकर तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने जनगणना प्रक्रिया के प्रत्येक चरण की बारीकियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रगणकों द्वारा मकान गणना कार्य की जानकारी ली तथा गणना प्रपत्रों के भरने की

प्रक्रिया को विस्तार से समझा। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रगणक घर-घर जाकर जनगणना एवं मकान सूचीकरण हेतु आवश्यक जानकारी एकत्र करेंगे तथा प्रत्येक प्रविष्टि को सावधानीपूर्वक दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में शत-प्रतिशत शुद्धता और समयबद्धता सुनिश्चित की जाएं। बैठक में कलेक्टर ने प्रगणकों एवं फील्ड ट्रेनर्स को प्रशिक्षण में तकनीकी प्रक्रियाओं, प्रपत्रों के सही संधारण तथा डिजिटल प्रविष्टियों की बारीकियों को गहराई से समझने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रशिक्षण एवं अभ्यास सत्रों को प्रभावी बनाने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी गंभीरता से अपनी भूमिका निभाएं। कलेक्टर ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि विकास योजनाओं की मजबूत आधारशिला है। इसलिए प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी और सजगता के साथ करें। एडीएम निष्ठा पांडे तिवारी ने बैठक में जानकारी देते हुए बताया कि सभी प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 15 अप्रैल से 24 अप्रैल तक चरणबद्ध रूप से आयोजित किया जाएगा।

पेज 1 का शेष...

नारी शक्ति की भागीदारी...

समुचित प्रतिनिधित्व दिलाने की दिशा में एक ऐतिहासिक अवसर है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सांसदों को लिखे अपने पत्र में उल्लेख किया है कि 16 अप्रैल 2026 को संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर प्रस्तावित चर्चा देश के लोकतांत्रिक इतिहास का एक महत्वपूर्ण अवसर है। वर्ष 2023 में संसद द्वारा इस अधिनियम को सर्वसम्मति से पारित किए जाने को लोकतंत्र की एकजुटता और महिला सशक्तीकरण के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने सांसदों से आग्रह किया कि वे वर्ष 2029 के लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों से पूर्व इस अधिनियम को प्रभावी रूप से लागू करने के विषय में सकारात्मक और सक्रिय भूमिका निभाएं, ताकि मातृशक्ति को उनका समुचित अधिकार शीघ्र प्राप्त हो सके।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ के सभी विधायकों को लिखे गए पत्र में उल्लेख किया है कि अब समय आ गया है कि महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में उनका उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि 'मातृशक्ति के नेतृत्व में सशक्तीकरण' का यह अभियान देश के समग्र विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने सभी विधायकों से अपेक्षा की कि है कि वे महिला आरक्षण के समर्थन में छत्तीसगढ़ की आवाज को सशक्त करें तथा इस विषय पर होने वाली चर्चा में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए सकारात्मक वातावरण के निर्माण में अपना योगदान दें।

सशक्त भारत की ओर एक...

पहल साकार हुई है, जो 'महिला-नेतृत्व विकास' के उनके संकल्प को मजबूत आधार प्रदान करती है। इस अधिनियम के माध्यम से लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे नए भारत की विकास यात्रा में एक निर्णायक कदम बताते हुए स्पष्ट किया है कि अब महिलाएं केवल 'नीति की लाभार्थी' नहीं, बल्कि 'नीति की निर्माता' बनेंगी। यह प्रावधान महिलाओं को निर्णय लेने की प्रक्रिया में सशक्त भागीदारी का अवसर देगा और लोकतंत्र को अधिक समावेशी, संवेदनशील एवं प्रभावी बनाएगा।

बॉयलर फटा, 10...

सक्ती एसपी प्रफुल्ल ठाकुर दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने अधिकारिक तौर पर 5 मजदूरों की मौत की पुष्टि की है। दमकल की गाड़ियां और एम्बुलेंस तत्काल मौके पर भेजी गईं। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद तत्काल रायगढ़ जिले के अस्पतालों के लिए रेफर किया गया है।

बिहार में अब बीजेपी राज...

साथ ही बिहार में पहली बार भाजपा का मुख्यमंत्री होगा। आज नीतीश कुमार ने बिहार के मुख्यमंत्री पद से अपना इस्तीफा दे दिया। वे सम्राट चौधरी और विजय चौधरी के साथ एक ही गाड़ी से राजभवन पहुंचे और राज्यपाल को इस्तीफा सौंपा। इस्तीफे के बाद उन्होंने एक्स पर लिखा- 'अब नई सरकार यहां का काम देखेगी। नई सरकार को मेरा पूरा सहयोग रहेगा। आगे भी बहुत अच्छा काम होगा, बिहार बहुत आगे बढ़ेगा।'

100 की साड़ी, 500 में...

है। बताया जा रहा है कि हर साड़ी की कीमत 5 सौ रुपए के हिसाब से खरीदी की गई है। इधर, पंडरी स्थित थोक कपड़ा मार्केट के व्यवसायियों का कहना है कि ऐसी क्वालिटी की साड़ियां मार्केट में मात्र सौ से सवा सौ रुपए में आसानी से मिल जाती है।

व्यापारियों का कहना है कि इतनी बड़ी तादाद में सप्लाई करने पर खरीदी की दर सौ रुपए से भी कम रेट में साड़ियां मिल सकती है। कहा जा रहा है कि 9 करोड़ 72 लाख रुपए की साड़ी खरीदी के मामले में जबर्दस्त भ्रष्टाचार किया गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने इस मामले में सरकार को घेरते हुए भ्रष्टाचार की जांच की मांग की है।

गोलियों की आवाज और दहशत...

भर्ती की मांग के चलते दबाव बढ़ गया था, जिसके कारण पूरे गांव ने गातापार थाना में शरण ले ली थी। कई निर्दोष ग्रामीणों को नक्सलियों ने पुलिस का मुखबिर बताकर मार डाला, जबकि कई लोगों को नक्सलियों से संपर्क के आरोप में लंबे समय तक जेल में रहना पड़ा। ग्रामीण लंबे समय तक नक्सलियों और पुलिस के बीच फंसकर पिसते रहे।

सुरक्षा बलों की सख्ती से टूटा नक्सल नेटवर्क : नक्सलियों के सेफ जोन बने इन जंगलों में सुरक्षा बलों ने रणनीति बदलकर अंदरूनी इलाकों में फोर्स की स्थायी तैनाती शुरू की। मलैदा, बकरकट्टा, करेलागढ़, घाघरा और गातापार जंगल के अंदरूनी क्षेत्रों में कैंप लगाए गए। लगातार सघन अभियान, मुठभेड़ और सरेंडर नीति के कारण नक्सली संगठन कमजोर पड़ने लगा।

तीन महीने में हुए बड़े आत्मसर्पण

पिछले तीन महीनों में ही बड़े पैमाने पर आत्मसमर्पण हुए।

हनीट्रैप के जरिए नाबालिग का अपहरण, सगे भांजे ने मांगी 1 करोड़ की फिरौती

■ चंद घंटे में ही पुलिस ने किया पांच आरोपियों को गिरफ्तार

भिलाई/नवप्रदेश। अमलेश्वर थाना क्षेत्र में अपहरण का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां 16 साल के एक लड़के को हनीट्रैप के जरिए फंसाकर किडनैप किया गया। किडनैप के बाद उसके पिता से 1 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी गई।

पुलिस ने बताया कि प्रार्थी संतोष साहू ने 12 अप्रैल को अमलेश्वर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उनका बेटा कृष्णा साहू अपने ममेरे भाई सूरज साहू के साथ तिरंगा चौक अमलेश्वर मोटरसाइकिल बनवाने गया था। इसी दौरान एक ग्रे रंग की सेंट्रो कार वहां पहुंची। कार में बैठे एक व्यक्ति ने कृष्णा से बात की और उसे अपने साथ बैठाकर ले गया। करीब 45 मिनट बाद संतोष साहू के मोबाइल पर एक कॉल आया। कॉल करने वाले ने बताया कि उनके बेटे का अपहरण हो गया है और उसे छोडऩे के बदले 1 करोड़ रुपए देने होंगे। रकम न देने पर बेटे को जान से मारने की धमकी दी गई। इसके बाद दोबारा कॉल आया, जिसमें खुद कृष्णा ने रोते हुए बचाने की गुहार लगाई। इसी दौरान सूरज साहू घर पहुंचा और उसने बताया कि कृष्णा को एक कार में बैठाकर ले जाया गया है। मामला गंभीर होने पर पुलिस ने तुरंत अपहरण का केस दर्ज किया और जांच शुरू की।

धमतरी पुलिस की मदद से पकड़ाया आरोपी

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर अलग-अलग टीमें बनाई गईं। साइबर सेल की मदद से जिस मोबाइल नंबर से कॉल आया था, उसकी लोकेशन ट्रेस की गई। लोकेशन धमतरी जिले के भखारा क्षेत्र में मिली। इसके बाद दुर्ग पुलिस ने धमतरी पुलिस से संपर्क किया। धमतरी पुलिस ने अर्जुनी थाना क्षेत्र में नाकेबंदी कर दी। एक संदिग्ध ग्रे सेंट्रो कार को रोका गया। रास्ते को ब्लॉक करने के लिए जेसीबी की मदद ली गई और सड़क को ब्लॉक कर गाड़ी को रुकवाया। कार में सवार लोगों से पूछताछ करने पर मामला संदिग्ध लगा। जांच में कार से अपहृत बालक कृष्णा साहू को सुरक्षित बरामद कर लिया गया। मौके से तीन आरोपियों को भी पकड़ा गया। इसके बाद अमलेश्वर थाना और एसीसीयू की टीम मौके पर पहुंची और आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियों ने पूरे मामले का खुलासा किया।

सगे भांजे ने रची थी पूरी साजिश

अपहरण की साजिश संजय साहू ने रची थी, जो पीड़ित परिवार का रिश्तेदार है। उसे पता था कि संतोष साहू के पास काफी पैसा है। उसने उनके बेटे का अपहरण कर फिरौती मांगने की योजना बनाई। योजना के तहत एक महिला आरोपी हेमपुष्पा साहू को शामिल किया गया। उसने पहले लड़के से बातचीत शुरू की और 4-5 दिनों तक मीठी-मीठी बातें कर उसे अपने जाल में फंसा लिया। फिर उसे घूमने के बहाने बुलाया गया। कार भेजी गई। जैसे ही कृष्णा कार में बैठा, उसे पहले से तय जगह पर ले जाया गया, जहां अन्य आरोपी मौजूद थे। इसके बाद आरोपी कृष्णा को लेकर धमतरी की ओर निकल गए और रास्ते में उसके पिता को फोन कर फिरौती की मांग करते रहे। पुलिस ने इस मामले में कुल 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दो भाई के साथ एक भाई और बहन भी शामिल हैं। इनमें शैलेन्द्र लहरे, रविन्द्र लहरे उर्फ नानू, कृष्णा साहू उर्फ करन, संजय साहू और हेमपुष्पा साहू शामिल हैं। आरोपियों के कब्जे से एक ग्रे रंग की सेंट्रो कार और 6 मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि कहीं उन्होंने पहले भी इस तरह की वारदात को अंजाम तो नहीं दिया है।

न्यूज गैलरी

1 रुपये के टोकन से मिल रहा पॉवर वाला चश्मा

भिलाई नगर। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने '1 रुपये' के टोकन पर उच्च गुणवत्ता वाले पावर चश्मे उपलब्ध कराने की अनूठी पहल शुरू की है। 2 अप्रैल को हनुमान जयंती के पावन अवसर पर शुरू हुई यह सेवा महज 10 दिनों में जन-आंदोलन का रूप ले चुकी है। अब तक लगभग 15 हजार से अधिक लोगों ने अपना पंजीयन करा कर आंखों की जांच कराई है। आज लोकांगन परिसर से 5,017 लोगों को चश्मों का वितरण कर विधायक ने यह संदेश दिया कि उनकी कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। श्वेताम्बर जैन मंदिर के सामने जीरो रोड शांति नगर स्थित विधायक कार्यालय में प्रतिदिन सुबह 8 से 11 बजे तक केवल आधार और वोटर आईडी की फोटोकॉपी जमा कर पंजीयन हो रहा है। यदि किसी की दृष्टि जांच रिपोर्ट नहीं है, तो कार्यालय द्वारा निःशुल्क जांच की सुविधा भी उपलब्ध है। इस पहल का सबसे बड़ा प्रभाव उन वृद्धों और स्कूली बच्चों पर पड़ा है, जो आर्थिक तंगी या अस्पताल के चक्कर काटने के डर से अपनी आंखों की अनदेखी कर रहे थे। आज बिना किसी कतार में लगे और बिना किसी भारी आर्थिक बोझ के उन्हें 'स्पष्ट दृष्टि' मिली है। लाभार्थियों का कहना है कि विधायक ने सिर्फ चश्मा नहीं दिया बल्कि हमें आत्मनिर्भर बनाया है। एक्स-रे, डायलिसिस और ब्लड जांच जैसी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहले से ही सुलभ करा रहे रिकेश सेन अब दृष्टि के धुंधलेपन को दूर करने के मिशन पर हैं।

शहर को क्लीन सिटी बनाने खर्च होंगे 44 करोड़

दुर्ग। नगर पालिक निगम द्वारा मिशन क्लीन सिटी योजनांतर्गत शहर के सभी एसएलआरएम सेंटर क्रियाशील हैं। इन सेंटरों में वार्डों से प्राप्त कचरे का निपटान स्वच्छता दीदियों द्वारा किया जा रहा है। कचरा पृथक्ककरण का कार्य भी लगातार जारी है, जिससे शहर में स्वच्छता व्यवस्था बेहतर हो रही है। निगम द्वारा सभी सेंटरों में बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ-साथ मशीनीकरण (तकनीकी उन्नयन) का कार्य तेजी से किया जा रहा है। वर्तमान में 8 नए एस.एल.आर.एम. सेंटरों के निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हुई है, जिनमें से 3 सेंटरों का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जबकि शेष 5 के लिए भूमि चिन्हांकन की प्रक्रिया जारी है। नगर निगम ने 44 करोड़ रुपये का बजट शहर की सफाई व्यवस्था के लिए रखा है। इसमें हजारों सफाई कर्मियों का वेतन, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, मशीनों का रख-रखाव और भविष्य में वेस्ट-टू-कम्पोस्ट प्लांट की स्थापना शामिल है। भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नए प्रोसेसिंग प्लांट की निविदा प्रक्रिया अंतिम चरण में है।

साहू समाज युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश महामंत्री बने जितेन्द्र

दुर्ग। दुर्ग शहर के युवा समाजसेवी और भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ दुर्ग जिले के सहसंयोजक जितेन्द्र साहू को साहू समाज युवा प्रकोष्ठ का प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया गया है। साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष निरेन्द्र साहू और जिला अध्यक्ष नंदलाल साहू के अनुमोदन पर युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शशीकांत साहू नियुक्ति की गई। इस नियुक्ति पर जितेन्द्र साहू ने समाज के वरिष्ठ मार्गदर्शकों और पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया और पूर्ण निष्ठा से कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, दीपक ताराचंद साहू और कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र साहू सहित समाज के सभी वरिष्ठजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। जितेन्द्र की नियुक्ति पर समाज के वरिष्ठजनों बधाई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से गुलशन साहू, राहुल साहू, शुभम साहू, नवीन साहू, मनीष साहू, सूरज साहू, मुकेश साहू सहित अन्य लोग शामिल हैं।

भाजपाइयों ने की प्राचीन महामाया मंदिर की सफाई

कुम्हारी। भाजपा कुम्हारी मंडल के द्वारा गांव चलो अभियान एवम् स्वच्छता अभियान के अंतर्गत ऐतिहासिक प्राचीन महामाया मंदिर प्रांगण में साफ सफाई किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिन्हा, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं धान मण्डी सोसायटी कुम्हारी अध्यक्ष मनोज वर्मा, मीना वर्मा अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, फिंगेश्वर साहू उपाध्यक्ष कुम्हारी मंडल, दीपक चतुर्वेदी महामंत्री, आयुषी पाण्डेय प्रदेश युवा मोर्चा पदाधिकारी, रीता पांडेय महिला मोर्चा जिला मंत्री, सुनीता कुर्रे भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य, रामकुमार सोनी ओबीसी मोर्चा जिला कार्यालय सह मंत्री, योगिता वर्मा मंडल मंत्री, सुजीत यादव मंडल मंत्री, उमाकांत साहू पार्षद, रागिनी निषाद, गोविंद बघेल मीडिया सह प्रभारी कुम्हारी मंडल, साधना स्वर्णकार, जूली सिंह महिला मोर्चा अध्यक्ष कुम्हारी मंडल, पुनेश साहू , राजू साहू युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

एनडीए की जीत सुनिश्चित करने जमीनी स्तर पर सघन संपर्क

बंगाल चुनाव में मंत्री गजेन्द्र की बढ़ी सक्रियता

दुर्ग/नवप्रदेश। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में एनडीए की विजय सुनिश्चित करने छत्तीसगढ़ के शिक्षा, ग्रामोद्योग एवं विधि-विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव इन दिनों बंगाल में सक्रिय रूप से चुनाव प्रचार में जुटे हैं। वे दुबराजपुर, जमुरिया और रानीगंज विधानसभा क्षेत्रों में लगातार जनसंपर्क कर भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में माहौल बना रहे हैं।

केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव गांव-गांव, बाजारों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों के बीच पहुंचकर सीधे संवाद कर रहे हैं। उनकी सक्रियता से चुनावी माहौल में तेजी आई है और कार्यकर्ताओं में नया उत्साह देखने को मिल रहा है। वे विशेष रूप से युवाओं, व्यापारियों और महिला समूहों से संवाद कर केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा कर रहे हैं।

चुनाव प्रचार के दौरान मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार ने सुशासन, पारदर्शिता और जनसेवा का जो मॉडल प्रस्तुत किया है, वह पूरे देश के लिए प्रेरणास्रोत है। इसी तर्ज पर यहां भाजपा सरकार बनाकर बंगाल में भी विकास और सुशासन का नया अध्याय शुरू किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि बंगाल में भाजपा की सरकार बनने पर सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित बुनियादी सुविधाओं में व्यापक सुधार होगा और आम जनता को भ्रष्टाचार मुक्त, जवाबदेह शासन मिलेगा। मंत्री गजेन्द्र यादव को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की सभाओं के सफल आयोजन की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है, जिसे वे पूरी सक्रियता और कुशलता के साथ निभा रहे हैं। उनके नेतृत्व में आयोजित सभाओं में भारी जनसमर्थन देखने को मिल रहा है, जो एनडीए के पक्ष में मजबूत जनमत का संकेत है।

जनसंपर्क अभियान के दौरान मंत्री यादव ने स्थानीय जनता को बंगाल में भाजपा सरकार बनने की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए एनडीए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उनकी सक्रियता और प्रभावी संवाद से बंगाल चुनाव में भाजपा को मजबूती मिलती नजर आ रही है।

शिवनाथ नदी में मिला अज्ञात युवक का शव

दुर्ग/नवप्रदेश। सोमवार को सुबह महमरा घाट स्थित शिवनाथ नदी के एनीकेट में एक अज्ञात युवक का शव तैरता हुआ मिला। सूचना मिलने के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही जिला सेनानी और अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह के निर्देश पर एसडीआरएफकी टीम घटनास्थल पर पहुंची। 9 सदस्यीय टीम ने बोट की मदद से शव को नदी से बाहर निकाला और पुलिस को सौंप दिया। प्राथमिक जांच में पता चला है कि शव लगभग 3 से 4 दिन पुराना है। उसकी पहचान करना मुश्किल हो रहा है। युवक के पास से कोई पहचान पत्र या अन्य सामान नहीं मिला है। पुलिस अज्ञात शव की पहचान के लिए आसपास के थानों में दर्ज गुमशुदगी के मामलों का मिलान कर रही है। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि युवक की मौत डूबने से हुई है या इसके पीछे कोई अन्य कारण है। मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा।

आज से ग्राम सभाओं का आयोजन

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम, 1993 की धारा-6 के तहत प्रत्येक ग्राम सभा का आयोजन प्रत्येक तीन माह में कम से कम एक बार किया जाना अनिवार्य है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार वर्ष भर निर्धारित तिथियों पर ग्राम सभाओं का आयोजन सुनिश्चित किया जा रहा है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने बताया कि समस्त ग्राम पंचायतों में 14 अप्रैल को ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। ग्राम पंचायत मुख्यालय और आश्रित ग्रामों में आयोजित होने वाली इन ग्राम सभाओं के लिए पूर्व से समय-सारिणी तैयार कर ली गई है और संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक दायित्व सौंपे गए हैं। ग्राम सभाओं में निम्नलिखित महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष रूप से चर्चा की जाएगी। विगत तिमाही के आय-व्यय का प्रस्तुतिकरण व अनुमोदन, विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की प्रगति, स्वीकृत, प्राप्त राशि और व्यय राशि के साथ वर्तमान स्थिति का विवरण कर अधिरोपण व संग्रहण प्रणाली को ऑनलाइन करने समर्थ पंचायत पोर्टल का उपयोग व संपत्ति कर निर्धारण सहित अन्य जानकारी दी जाएगी। सीईओ ने ग्रामवासियों से उपस्थिति की अपील की है।

दुर्ग में तेज रफ्तार ट्रक ने 6 गायों को रौंदा, तीन की मौत

भिलाई/नवप्रदेश। उतई थाना क्षेत्र में रविवार रात तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे बैठी गायों को कुचल दिया, जिससे मौके पर ही तीन गायों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गई। इस घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क पर चक्काजाम कर दिया, जिससे कुछ देर के लिए वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना मिलने पर पाटन एसडीओपी अनुप लकड़ा और उतई थाना प्रभारी महेश ध्रुव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाकर शांत कराया और करीब रात 11:30 बजे सड़क को खाली कराया गया।

उतई थाना क्षेत्र के आदर्श नगर बावापारा में रात करीब 9:30 बजे पाउवारा से उतई की ओर जा रहे ट्रक ड्राइवर (क्रमांक सीजी 08 - 2489) ने तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए सड़क किनारे बैठी गायों को टक्कर मार दी। तीन गायों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि तीन अन्य गायों के पैर और कमर में गंभीर चोट आई है। इस मामले में आदर्श नगर उतई निवासी कामता महिपाल (40 वर्ष) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। घटना के बाद ट्रक ड्राइवर मौके से फरार हो गया था, लेकिन पुलिस ने उसे बाद में पकड़ लिया। ट्रक में लकड़ी लोड थी, जिसे जब्त कर थाने में खड़ा करवा दिया गया है। हादसे के बाद ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखने को मिली। बड़ी संख्या में लोग सड़क पर उतर आए और चक्काजाम कर दिया। इस दौरान सड़क पर दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लग गई। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग पर पहले भी तेज रफ्तार वाहनों ने कई गायों को कुचला है, लेकिन उस समय कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने सड़क पर भारी वाहनों के आने पर रोक लगाने की मांग की।

फार्मा अन्वेषण-2026: रूंगटा यूनिवर्सिटी के दो फार्मेसी फैकल्टी को प्रथम पुरस्कार

■ स्वास्थ्य मंत्री ने किया पुरस्कृत

भिलाई/नवप्रदेश। प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तरीय आयोजन फार्मा अन्वेषण 2026 में भिलाई स्थित रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ फार्मेसी के डॉ. पराग जैन और डॉ. कृष्णा यादव ने पेटेंट प्रस्तुति प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया है। यह आयोजन पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के अंतर्गत यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी द्वारा आयोजित किया गया था, जिसमें फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया का विशेष सहयोग रहा। राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में देश भर से आए शिक्षाविद, शोधकर्ता और छात्र शामिल हुए, जिन्होंने फार्मास्यूटिकल साइंस के क्षेत्र में अपने नवाचार, शोध कार्य और पेटेंट प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य नए विचारों को मंच प्रदान करना और शोध को प्रोत्साहित करना था। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच डॉ. जैन और डॉ. यादव ने अपने उत्कृष्ट प्रस्तुतीकरण और अभिनव सोच के दम पर पहला स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने प्रतिभागियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन देश में स्वास्थ्य सेवाओं और शोध को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पीसीआई के अध्यक्ष डॉ. मोंटू एम पटेल ने नवाचार और अनुसंधान को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। इस उपलब्धि पर रूंगटा यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति संतोष रूंगटा ने कहा कि यह जीत संस्थान में उच्च स्तरीय शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के प्रति समर्पण को दर्शाती है। संस्थान के प्रो-चांसलर डॉ. सौरभ रूंगटा, कुलपति डॉ. जवाहर सूरीशेट्टी, सीईओ सोनल रूंगटा और डायरेक्टर रिसर्च एंड डेवलपमेंट डॉ. एजाजुद्दीन ने हर्ष व्यक्त किया।

जिला हॉकी संघ दुर्ग के संरक्षक बने समाजसेवी इंद्रजीत सिंह

भिलाई/नवप्रदेश। जिला हॉकी संघ दुर्ग द्वारा आयोजित एकता कप हॉकी प्रतियोगिता 2026 (अखिल भारतीय 7 ए-साइड रात्रिकालीन हॉकी टूर्नामेंट) के अंतर्गत आज खेले गए पांचवें मैच में एचटीसी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कोरबा को 5-0 से पराजित किया। रोमांचक मुकाबले में मुख्य अतिथि के रूप में सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष, हैवी ट्रांसपोर्ट के डायरेक्टर इंद्रजीत सिंह (छोटू) उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और खेल भावना को बढ़ावा देने के लिए ऐसे आयोजनों की सराहना की। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम है, बल्कि युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। वे सदैव खेल और खिलाड़ियों के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को हर संभव सहयोग प्रदान करते रहेंगे। इस अवसर पर जिला हॉकी संघ दुर्ग द्वारा इंद्रजीत सिंह (छोटू) को जिला हॉकी संघ दुर्ग का संरक्षक बनाया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि पूर्व भारतीय हॉकी टीम की कप्तान व अर्जुन अवार्ड व पद्मश्री से सम्मानित सबा अंजुम, दुर्ग शहर के पूर्व महापौर व कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल उपस्थित रहे। वार्ड 40 के पार्षद प्रतिनिधि विनोद चंद्राकर, कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव अय्यूब खान, वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी जसपाल सिंह, सुधीर वाघ, योगेश बघेल सहित जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष अयूब इरफान, सचिव जहांगीर खान, उपाध्यक्ष सूर्यमणि मिश्रा, सुनील नवघरे, वाहिद खान, अब्दुल हनीफ खान, एमडी एजाज़ कुरैशी, कोषाध्यक्ष नियाजुद्दीन शेख व अन्य पदाधिकारी व बड़ी संख्या में हॉकी प्रेमी मौजूद रहे।

एक मई से पहला चरण: 30 मई तक मकानों का सूचीकरण, दूसरा चरण फरवरी 2027 से, परिवार और व्यक्तियों की गणना होगी

15 साल बाद 3850 कर्मचारी करेंगे डिजिटल जनगणना

दुर्ग/नवप्रदेश। जनगणना 2027 की तैयारियां तेज हो गई हैं। लगभग 15 साल बाद होने वाली यह जनगणना पूरी तरह डिजिटल होगी। दो चरणों में होने वाली जनगणना की जिम्मेदारी 3,850 कर्मी संभालेंगे। जिला जनगणना अधिकारी और कलेक्टर अभिजीत सिंह ने बताया कि पहला चरण 1 मई से 30 मई तक मकान सूचीकरण का होगा। दूसरा चरण फरवरी 2027 में परिवार और व्यक्तियों की गणना के लिए होगा। इस काम को सटीक और पारदर्शी बनाने के लिए आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। जिले में 3850 प्रगणक और पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। जिला प्रभारी अधिकारी जनगणना उत्तम ध्रुव के अनुसार इनके साथ 79 फील्ड ट्रेनर भी मार्गदर्शन देंगे।

सभी कर्मियों पर जिले की पूरी आबादी का सटीक डेटा जुटाने की जिम्मेदारी है। प्रत्येक प्रगणक को औसतन 700 से 800 लोगों यानी लगभग 250 से 300 परिवारों की गणना का कार्य सौंपा गया है। जनगणना 2027 के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम 11 अप्रैल से शुरू हो चुका है। यह प्रशिक्षण नगर निगम दुर्ग, रिसाली, भिलाई जोन-4, नगर पालिका परिषद जामुल और दुर्ग, धमधा, पाटन, अहिवारा तहसीलों में आयोजित किया जा रहा है।

करीब 1109 प्रशिक्षकों को अलग-अलग बैच में प्रशिक्षित किया जा रहा है। हर बैच में 50-50 कर्मियों को तीन दिनों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जो 22 अप्रैल तक चलेगा। प्रशिक्षण का समय सुबह 9:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक दिया जा रहा है।

जनगणना कार्य के संचालन के लिए जिला कलेक्टर अभिजीत सिंह को जिला जनगणना अधिकारी बनाया गया है, जबकि अपर कलेक्टर वीरेंद्र सिंह को प्रभारी जनगणना अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है। जिले के सभी तहसीलदार, निगम आयुक्त और मुख्य नगरपालिका अधिकारी को चार्ज अधिकारी नियुक्त किया गया है।

नायब तहसीलदारों और जोन आयुक्तों को अतिरिक्त चार्ज अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है।

इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल होगी। प्रगणकों को मोबाइल एप के माध्यम से डेटा संग्रह करना होगा। प्रशिक्षण में उन्हें एप इंस्टॉल करने, लॉगिन करने, डेटा एंट्री और नियमित सिंकिंग की पूरी प्रक्रिया सिखाई जा रही है। प्रगणकों को अपने क्षेत्र का मानचित्र सत्यापित करना, मकानों की नंबरिंग करना और हर घर जाकर जानकारी दर्ज करनी होगी। डेटा में किसी प्रकार की त्रुटि या दोहराव से बचने के लिए अंतिम समीक्षा भी अनिवार्य होगी।

जनगणना 2027 में नागरिकों को पहली बार सेल्फ-एन्यूमरेशन की सुविधा भी दी गई है। 16 अप्रैल से 30 अप्रैल के बीच लोग ऑनलाइन पोर्टल पर स्वयं अपने परिवार की जानकारी दर्ज कर सकेंगे। ऑनलाइन जानकारी भरने के बाद उन्हें एक यूनिक आईडी दी जाएगी, जिसे बाद में प्रगणकों को दिखाना होगा। इससे प्रक्रिया और अधिक पारदर्शी और आसान होगी।

जनगणना अधिनियम 1948 के सभी आंकड़े पूर्णतः गोपनीय रहेंगे। किसी भी व्यक्ति की व्यक्तिगत जानकारी को साझा करना दंडनीय अपराध है। यहां तक कि जनगणना डेटा को न्यायालय में साक्ष्य के रूप में भी उपयोग नहीं किया जा सकता।

कलेक्टर बोले- ग्रामसभा गांव के विकास का सशक्त मंच, जनभागीदारी से विकास पर दिया जोर

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संदीप अग्रवाल आज तखतपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत छतौना में आयोजित ग्रामसभा में शामिल हुए और कार्यवाही का अवलोकन किया। भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर जिले की ग्राम पंचायतों में ग्रामसभाओं का आयोजन कर गांवों के समग्र विकास की रूपरेखा तय की गई। ग्रामसभा में सर्वसम्मति से श्री दीनबंधु को अध्यक्ष चुना गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर की गई।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने ग्रामसभा को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामसभा गांव के विकास का सबसे सशक्त मंच है, जहां आमजन की सक्रिय भागीदारी से योजनाएं बनती हैं और उनका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित होता है। उन्होंने कहा कि संविधान हमें अधिकारों के साथ कर्तव्यों का भी बोध कराता है और ग्रामसभा उसी भावना को साकार करने का माध्यम है। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों में कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें सुपोषित बनाने पर विशेष जोर दिया तथा पालक चौपाल के माध्यम से जनजागरूकता बढ़ाने की बात कही। कलेक्टर ने जल संरक्षण को अत्यंत आवश्यक बताते हुए कहा कि गिरते जलस्तर को देखते हुए प्रत्येक घर में सोख्ता गड्ढा निर्माण एक प्रभावी पहल हो सकती है। इसके साथ ही अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया।

पात्र हितग्राहियों को मिले योजनाओं का लाभ

कलेक्टर ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आजीविका गतिविधियों से जोड़कर उन्हें सशक्त बनाने तथा पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि कोई भी जरूरतमंद वंचित न रह जाए। सीईओ जिपं संदीप अग्रवाल ने कहा कि ग्रामसभा लोकतंत्र की आधारभूत इकाई है, जहां प्रत्येक व्यक्ति की प्रत्यक्ष भागीदारी सुनिश्चित होती है। सामूहिक विचार-विमर्श के माध्यम से गांव के विकास की ठोस कार्ययोजना तैयार की जाती है, जिससे योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन संभव होता है।

मोर गांव-मोर पानी अभियान से जल संरक्षण को मिली नई दिशा

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार जिले में जल संरक्षण एवं जल संवर्धन को लेकर व्यापक स्तर पर जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले के सभी विभागों, जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवी संस्थाओं के सहयोग से एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई। इस कार्ययोजना के तहत ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी और विभिन्न शासकीय विभागों के समन्वय से जिले के जनपदों में 'मोर गांव मोर पानी' महाअभियान संचालित किया गया। अभियान के अंतर्गत जनपद एवं क्लस्टर स्तर पर कर्मचारियों और जल मित्रों ने सभी 486 ग्राम पंचायतों में पहुंचकर जल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। अभियान के दौरान ग्रामीणों के श्रमदान से जिले में 55 हजार 567 सोक पिट का निर्माण किया गया, साथ ही नालों में 190 बोरी बंधान कार्य भी संपन्न हुए। इसके अतिरिक्त जिला पंचायत द्वारा अनुपयोगी बोरवेलों में 163 सैंड फिल्टर स्ट्रक्चर तथा परकोलेशन टैंकों में 41 इंजेक्शन वेल के निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर कार्य पूर्ण कराया गया। यह महाअभियान जल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रहा है, जिसमें जनभागीदारी के माध्यम से जल संसाधनों के संरक्षण और संवर्धन को नई दिशा मिल रही है।

न्यूज गैलरी

शिवा भाजयुमो पूर्व मण्डल कोषाध्यक्ष बने

बिलासपुर/बेलतरा। भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) ने संगठन में निरंतर सक्रियता एवं समर्पण को देखते हुए शिवा कटारिया को बेलतरा विधानसभा के पूर्व मण्डल का कोषाध्यक्ष नियुक्त किया है। इस नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है और संगठन को और अधिक मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। शिवा कटारिया पूर्व से ही संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं और पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता के माध्यम से संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता सिद्ध कर चुके हैं। उनकी नियुक्ति को युवा कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायक कदम माना जा रहा है। इस अवसर पर शिवा कटारिया ने भारतीय जनता पार्टी एवं भाजयुमो के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएंगे तथा पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। उन्होंने विशेष रूप से मण्डल अध्यक्ष पवन कश्यप एवं क्षेत्रीय विधायक सुशान्त शुक्ला का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और विश्वास के कारण ही उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है। भाजयुमो के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने शिवा कटारिया को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनेगा।

वाहन की टक्कर से युवक की मौत

रतनपुर/कोनी/नवप्रदेश। सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई, लेकिन पूरी घटना पुलिस के दो थानों की सीमा विवाद में उलझकर रह गई है। मामला रतनपुर और कोनी थाना क्षेत्र के बीच का है, जिससे परिजनों में नाराज़गी बढ़ गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना शाम लगभग 5:44 बजे पप्पू ढाबा के आसपास हुई। अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मारी और मौके से फरार हो गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल विकास दास (25 वर्ष) पिता रूपदास, निवासी मोहतराई को तत्काल 108 एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रतनपुर लाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने पर उसे सिम्स अस्पताल बिलासपुर रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। हादसे के बाद परिजन न्याय के लिए भटकते रहे। जब वे रतनपुर थाना पहुंचे तो उन्हें कोनी थाना भेज दिया गया, वहीं कोनी पुलिस ने भी मामला रतनपुर क्षेत्र का बताकर टाल दिया। गंभीर हादसे में एक युवक की जान चली गई, लेकिन पुलिस अब तक यह तय नहीं कर पाई कि मामला किस थाने में दर्ज होगा? स्थानीय लोगों ने आरोपी वाहन की जल्द पहचान कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

यात्रियों को मिलेगी कंफर्म बर्थ के साथ सुगम यात्रा सुविधा

सांतरागाछी-एलटीटी के मध्य 2-2 फेरे के लिए चलेंगी स्पेशल ट्रेनें

बिलासपुर/नवप्रदेश। ग्रीष्मकालीन के दौरान ट्रेनों में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये उन्हें कंफ़र्म बर्थ के साथ यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु एलटीटी-सांतरागाछी-एलटीटी के मध्य 02-02 फेरों के लिए स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है ।

गाड़ी संख्या 01041 एलटीटी-सांतरागाछी स्पेशल ट्रेन, एलटीटी से 17 एवं 24 अप्रैल को चलेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01042 सांतरागाछी-एलटीटी स्पेशल ट्रेन, सांतरागाछी से 19 एवं 26 अप्रैल को चलेगी। इस गाड़ी का वाणिज्यिक ठहराव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के गोंदिया, दुर्ग, रायपुर एवं बिलासपुर स्टेशनों में दिया गया है। गर्मी की छुट्टियों में ट्रेनों में कन्फर्म टिकट मिलना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में इन स्पेशल ट्रेनों से वेटिंग लिस्ट कम होगी और लंबी दूरी के यात्रियों को सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी। खासकर छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल और दक्षिण भारत जाने वाले यात्रियों के लिए यह सुविधा बेहद राहतभरी साबित होगी। रेलवे की ओर से चलाई जा रही ये स्पेशल ट्रेनें लंबी दूरी के व्यस्त रूट्स को कवर करेंगी। जिनमें प्रमुख रूप से दुर्ग-हरिद्वार, इतवारी-शालीमार, एलटीटी-संतरागाछी, हटिया-एलटीटी, तिरुपति-रक्सौल, पटना-चर्लपल्ली, गोंदिया-रक्सौल, एलटीटी-हावड़ा, इतवारी-मालदा टाउन और पुणे-संतरागाछी जैसे रूट शामिल हैं।

वाणिज्यिक ठहराव

रास्ते में ये गाडियाँ दोनों दिशाओं में ठाणे, कल्याण, नासिक रोड, मनमाड, भुसावल, अकोला, बडनेरा, वर्धा, नागपुर, गोंदिया, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, झारसुगुड़ा, राउरकेला, चक्रधरपुर, टाटानगर तथा खड़गपुर स्टेशनों पर रुकेगी। यात्रियों से आग्रह है कि उक्त स्पेशल ट्रेनों की समय-सारिणी और ठहराव संबंधी विस्तृत जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in पर देखकर तदानुसार यात्रा प्रारम्भ करें।

गाड़ियों की समय सारिणी

गाड़ी संख्या 01041 एलटीटी-सांतरागाछी स्पेशल ट्रेन, एलटीटी से 17 एवं 24 अप्रैल को सुबह 11.50 बजे रवाना होगी तथा मार्ग के अन्य मध्यवर्ती स्टेशनों से होते हुये दूसरे दिन गोंदिया आगमन 03.28 बजे, प्रस्थान 03.30 बजे, दुर्ग आगमन 05.30 बजे, प्रस्थान 05.35 बजे, रायपुर आगमन 06.10 बजे, प्रस्थान 06.15 बजे, बिलासपुर आगमन 08.05 बजे, प्रस्थान 08.15 बजे होते हुये 20.30 बजे सांतरागाछी स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01042 सांतरागाछी-एलटीटी स्पेशल ट्रेन, सांतरागाछी से दिनाँक 19 एवं 26 अप्रैल 2026 को 05.30 बजे रवाना होगी तथा तथा मार्ग के अन्य मध्यवर्ती स्टेशनों से होते हुये बिलासपुर आगमन 16.05 बजे, प्रस्थान 16.15 बजे, रायपुर आगमन 18.10 बजे, प्रस्थान 18.15 बजे, दुर्ग आगमन 19.05 बजे, प्रस्थान 19.10 बजे, गोंदिया आगमन 21.38 बजे, प्रस्थान 21.40 बजे होते हुये दूसरे दिन 12.30 बजे एलटीटी स्टेशन पहुंचेगी। इस स्पेशल ट्रेन में 01 पावरकार, 01 एसएलआरडी, 04 सामान्य, 09 स्लीपर, 06 एसी-थ्री टियर, 01 एसी-टू टियर सहित कुल 22 एलएचबी कोच की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

सांतरागाछी-पुणे के मध्य 2-2 फेरे के लिए स्पेशल ट्रेन की सुविधा

ग्रीष्मकालीन के दौरान ट्रेनों में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये उन्हें कंफ़र्म बर्थ के साथ यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु पुणे-सांतरागाछी-पुणे के मध्य 02-02 फेरे के लिए स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है । गाड़ी संख्या 01441 पुणे-सांतरागाछी स्पेशल ट्रेन पुणे से 17 एवं 25 अप्रैल को चलेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01442 सांतरागाछी-पुणे स्पेशल ट्रेन सांतरागाछी से 19 एवं 27 अप्रैल 2026 को चलेगी। इस गाड़ी का वाणिज्यिक ठहराव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के गोंदिया, दुर्ग, रायपुर एवं बिलासपुर स्टेशनों में दिया गया है। गाड़ी संख्या 01441 पुणे-सांतरागाछी स्पेशल ट्रेन पुणे से 17 एवं 25 अप्रैल को सुबह 10 बजे रवाना होगी तथा मार्ग के अन्य मध्यवर्ती स्टेशनों से होते हुये दूसरे दिन गोंदिया आगमन 04.08 बजे, प्रस्थान 04.10 बजे, दुर्ग आगमन 06.10 बजे, प्रस्थान 06.15 बजे, रायपुर आगमन 06.50 बजे, प्रस्थान 06.55 बजे, बिलासपुर आगमन 08.45 बजे, प्रस्थान 09.00 बजे होते हुये 21.00 बजे सांतरागाछी स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01442 सांतरागाछी-पुणे स्पेशल ट्रेन सांतरागाछी से दिनाँक 19 एवं 27 अप्रैल 2026 को 15.45 बजे रवाना होगी तथा तथा मार्ग के अन्य मध्यवर्ती स्टेशनों से होते हुये दूसरे दिन बिलासपुर आगमन 04.10 बजे, प्रस्थान 04.20 बजे, रायपुर आगमन 06.05 बजे, प्रस्थान 06.10 बजे, दुर्ग आगमन 07.00 बजे, प्रस्थान 07.05 बजे, गोंदिया आगमन 09.15 बजे, प्रस्थान 09.17 बजे होते हुये तीसरे दिन 05.15 बजे पुणे स्टेशन पहुंचेगी।

डॉ. अंबेडकर के आदर्शों को अपनाने की जरुरतः गुप्ता

रेलवे में भारतरत्न डॉ. अंबेडकर की 135वीं जयंती मनाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारतरत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर आज 14 अप्रैल को प्रातः 10:30 बजे नागपुर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभागार में एक गरिमामय एवं प्रेरणादायी समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की तथा उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उनके जीवन, संघर्ष, सामाजिक न्याय के प्रति उनके समर्पण तथा भारतीय संविधान के निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में डॉ. अंबेडकर के विचारों, सिद्धांतों एवं उनके द्वारा दिए गए समानता, स्वतंत्रता एवं बंधुत्व के संदेश को वर्तमान समय में अत्यंत प्रासंगिक बताया। मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता ने अपने संबोधन में डॉ. अंबेडकर के आदर्शों को अपनाने पर बल देते हुए कहा कि उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी, निष्ठा एवं समर्पण के साथ करते हुए समाज में समरसता एवं समानता को बढ़ावा दें। इस अवसर पर मंडल के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, शाखा अधिकारी, समस्त रेल यूनियन के पदाधिकारी और सदस्य, रेल कर्मचारी एवं रेल परिवार के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने एकजुट होकर डॉ. अंबेडकर के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन एस. छोरिया मंडल कार्मिक अधिकारी द्वारा किया गया। यह आयोजन न केवल एक जयंती समारोह के रूप में संपन्न हुआ।

डॉ. बाबा साहेब का जीवन संघर्ष और साहस की मिसालः कौशिक

संविधान निर्माता की 135 वीं जयंती पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ने किया नमन

बिलासपुर/नवप्रदेश। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने भारतीय संविधान के शिल्पकार, सामाजिक समरसता के लिये अपना जीवन समर्पित करने वाले, भारत रत्न से सम्मानित 'बाबा साहब' डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135 वीं जयंती पर बिल्हा विधानसभा के तिफरा सिरगिट्टी में स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यापर्ण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया और सभी को आम्बेडकर जयंती की शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत के महान संविधान निर्माता, भारत रत्न, समाज सुधारक डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जयंती के अवसर पर आप सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। यह दिन सिर्फ एक तारीख नहीं है, यह हम सब के स्वतंत्रता, आत्मसम्मान और समानता के अधिकार का सबसे बड़ा उत्सव है। भीमराव अंबेडकर का जीवन संघर्ष, साहस और आत्मसम्मान की एक महान मिसाल है। उनका जन्म एक दलित परिवार में हुआ, जहाँ उन्हें बचपन से ही छुआछूत और भेदभाव का सामना करना पड़ा संघर्षों की भट्ठी में तपकर कुंदन बने बाबासाहेब केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के एक जीवंत विचार हैं, जिन्होंने हाशिए के समाज को लोकतंत्र की मुख्यधारा से जोड़ा है। उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों के अधिकारों के लिए समर्पित किया। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम के बावजूद उन्होंने शिक्षा को अपना हथियार बनाया और देश-विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त की। समाज में आदिवासियों और आदिवासियों के अधिकारों के लिए उन्होंने सामूहिक संघर्ष और अनुसूचित वर्ग, महिलाओं और आदिवासियों के अधिकारों के लिए आवाज उठाई। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का संदेश था कि लोकतंत्र केवल चुनाव की व्यवस्था नहीं है, बल्कि समाज के हर वर्ग को सम्मान और अवसर देने की व्यवस्था है। इस अवसर पर कार्यक्रम बौद्ध समाज के अध्यक्ष राजा नंदेश्वर एवं जितेंद्र भावे के सानिध्य में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर जिला मंत्री रितेश अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष श्री हरीश चंद्र साहू जी, वार्ड के पार्षद श्याम कार्तिक वर्मा, जोन अध्यक्ष विजय मरावी, पार्षद सीमा संजय सिंह, बैजन्ती जोशी, अल्प संख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष हनीफ खान, जिला महामंत्री किसान मोर्चा दिनेश कौशिक, मंडल महामंत्री अजय कश्यप, राजू मानिकपुरी, राघवेन्द्र झा, संजय सिंह, रविन्द्र पाटनवार, डॉ जमुना कौशिक, सरोज साहू, दिनेश कौशिक, पवन छाबड़ा, अरविंद रात्रे, गणेश परिहार, भुनेश्वर रात्रे, सविता रजक, संगीता कुशवाहा, लव दीक्षित, नीरज यादव, अनिल सूर्या, ममता सोनी, संतोषी कश्यप, पृथ्वी श्रीवास, आशीष यादव, विजय जगत, आरती सिंह, दीपक यादव, सिद्धार्थ त्रिवेदी, विकास वर्मा, मंजू दुबे, सुभाष सिंह, सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आयोजनः एसईसीएल में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135 वीं जयंती मनाई गई

बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के संकल्पों व विचारों पर चलें: दुहन

बिलासपुर/नवप्रदेश। आज 14 अप्रैल को एसईसीएल मुख्यालय में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135 वीं जयंती अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन के मुख्य आतिथ्य, निदेशक तकनीकी (संचालन) एन. फ्रेंकलिन जयकुमार, निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास, निदेशक(वित्त) डी. सुनील कुमार, निदेशक (योजना/परियोजना) रमेश चन्द्र महापात्र के विशिष्ट आतिथ्य, विभिन्न विभागाध्यक्षों, विभिन्न श्रमसंघ प्रतिनिधियों, एससी/एसटी एसोसिएशन, सिस्टा के पदाधिकारियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, महिलाओं, बच्चों की उपस्थिति में मनाई गई।

इस अवसर कार्यक्रम के प्रारम्भ में मुख्य अतिथि एवम विशिष्ट अतिथियों के करकमलों से बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर पुर्ननिर्मित स्थल का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने अपने संबोधन में कहा आज राष्ट्र के लिए विशेष दिन है, हम सब बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के संकल्पों, विचारों पर चलें और राष्ट्र-निर्माण, समाज-निर्माण में अपना योगदान देते रहें। एसईसीएल भी उनके विचारों के अनुरूप महिलाओं व वंचित वर्गों के लिए महिला सशक्तिकरण, मेघावी छात्रों के लिए नीट परीक्षा की तैयारी में सहयोग, स्मार्ट क्लासेस, प्रोजेक्ट धरा शक्ति के माध्यम से और भी अधिक महिला सशक्तिकरण की दिशा में कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में उन्होंने डॉ. भीमराव अम्बेडकर पुर्ननिर्मित मनभावन स्थल के लिए भी उपस्थितों को बधाई दिया। इस अवसर पर श्रम संघ प्रतिनिधि कृष्णा सूर्यवंशी, सुदेश डागोर, एम.पी. जांगडे, डी.पी. दिनकर (मासंवि), संजय साहू, अजय सिंह, राहुल दास, सूरज बघेल ने अपने सम्बोधन में भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के जीवन पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम के आयोजन पर प्रबंधन को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने गौतम बुद्ध एवं बाबा साहेब के चित्र के समीप दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया उपरांत गौतम बुद्ध एवं बाबा साहेब के चित्र पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने माल्यार्पण किया तत्पश्चात बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया उपरांत विभागाध्यक्षों, श्रमसंघ पदाधिकारियों, एससी/एसटी एसोसिएशन, सिस्टा के पदाधिकारियों, अधिकारियों, कर्मचारियों ने बारी-बारी से प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में दिशा खोब्रागडे, निशा ठावरे एवम उनकी टीम द्वारा बुद्ध वंदना की गयी। कार्यक्रम में उद्घोषणा का दायित्व प्रबंधक (राजभाषा) सविता निर्मलकर ने निभाया।

पाकिस्तान ने जिस होटल में कराई अमेरिका-ईरान वार्ता, उसका बिल नहीं चुका पाई शहबाज सरकार

इस्लामाबाद (ए.)। इस्लामाबाद में हुई अमेरिका-ईरान शांति वार्ता पाकिस्तान के लिए वैश्विक शर्मिंदगी बन गई है। पाकिस्तान की शहबाज शरीफसरकार ने वार्ता की मेजबानी के लिए चुने गए फाइव स्टार सेरेना होटल का बिल चुकाने में पूरी तरह नाकाम रही। जी हां, जो कार्यक्रम पाकिस्तान के लिए दुनिया भर में अपनी कूटनीतिक ताकत दिखाने का एक शानदार मौका था, वह उसके लिए भारी फजीहत का कारण बन गया है। बिल नहीं चुका पाने की इस घटना ने पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति और उसकी विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

होटल के मालिक को खुद चुकाना पड़ा बिल: न्यूज18 ने खुफिया सूत्रों से मिली जानकारी के हवाले से लिखा है कि स्थिति इतनी खराब हो गई कि आखिरकार होटल के मालिक को खुद आगे आकर इस पूरे खर्च का भुगतान करना पड़ा। होटल के मालिक आगा खान डेवलपमेंट नेटवर्क से ताल्लुक रखते हैं।

इस घटना के बाद कूटनीतिक हलकों में पाकिस्तान की जमकर आलोचना हो रही है। जिस कार्यक्रम को पाकिस्तान अपनी विदेश नीति की एक बड़ी कामयाबी मान रहा था, वह उसके लिए एक 'पब्लिक रिलेशंस डिजास्टर' यानी सार्वजनिक बदनामी बन गया है।

बड़े दावों और असलियत में भारी अंतर: इस्लामाबाद में हुए इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य दुनिया को यह दिखाना था कि पाकिस्तान, अमेरिका और ईरान के बीच एक भरोसेमंद मध्यस्थ बन सकता है। सेरेना जैसे प्रतिष्ठित होटल में इस बातचीत को आयोजित करने का मकसद यह जताना था कि पाकिस्तान एक स्थिर और सक्षम देश है।

यूएन प्रमुख ने अमेरिका और ईरान से बातचीत जारी रखने की अपील की

नई दिल्ली/ए.। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत जारी रखने की अपील की है। यह जानकारी उनके प्रवक्ता ने दी। प्रवक्ता स्टेफ़न दुजारिक ने बताया कि पाकिस्तान में आयोजित इस्लामाबाद वार्ता में संयुक्त राज्य अमेरिका और ईरान के बीच कोई समझौता नहीं हो सका, लेकिन बातचीत से यह साफहुआ कि दोनों पक्ष गंभीरता से संवाद कर रहे हैं। इसे आगे की बातचीत के लिए एक सकारात्मक और महत्वपूर्ण कदम माना गया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच गहरे मतभेद हैं, इसलिए कोई समझौता तुरंत नहीं हो सकता। ऐसे में बातचीत को जारी रखना जरूरी है ताकि धीरे-धीरे समाधान निकल सके। प्रवक्ता ने यह भी कहा कि कई हफ्तों से चल रही तबाही और तनाव के बाद अब यह साफहो गया है कि इस संघर्ष का कोई सैन्य समाधान नहीं है। प्रवक्ता ने कहा कि हफ्तों की तबाही और संकट के बाद, अब यह साफहो गया है कि मौजूदा संघर्ष का कोई भी सैन्य समाधान नहीं है। दुजारिक ने यह भी कहा कि संघर्ष-विराम (सीजफ़ायर) को हर हाल में बनाए रखा जाना चाहिए, और इसका उल्लंघन करने वाली सभी गतिविधियों को तुरंत रोका जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि महासचिव इस बात पर जोर देते हैं कि इस संघर्ष से जुड़े सभी पक्षों को अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार, होर्मुज जलडमरूमध्य सहित सभी समुद्री मार्गों पर आवाजाही की स्वतंत्रता का सम्मान करना चाहिए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बोले- यह इकोनॉमिक कॉरिडोर प्रगति का नया द्वार है

पीएम मोदी ने दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का किया उद्घाटन

नई दिल्ली/ए.। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए उत्तराखंड के विकास, कनेक्टिविटी, सामाजिक न्याय और महिला सशक्तिकरण पर अपनी बात रखी।

दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर पर बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसे कॉरिडोर केवल सड़क नहीं होते बल्कि ये विकास के नए द्वार खोलते हैं। ये नए व्यापार, उद्योग, गोदाम और फैक्ट्रियों के लिए रास्ता तैयार करते हैं। इस कॉरिडोर से पूरे क्षेत्र का कायाकल्प होने की उम्मीद है और लोगों के लिए नई संभावनाएं पैदा होंगी।

अपने संबोधन की शुरुआत में प्रधानमंत्री ने कहा कि इस समय देश में त्योहारों की खुशी और नववर्ष का उत्साह है। उन्होंने सभी नागरिकों को वैसाखी, बोहाग बिहू और पुथंडु की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि बाबा केदार के दर्शन के बाद उन्होंने जो बात कही थी कि इस सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक होगा, वह अब सच होती दिख रही है। प्रधानमंत्री ने खुशी जताते हुए कहा कि ÷डबल इंजन सरकार÷ की नीतियों और राज्य के लोगों की मेहनत से उत्तराखंड तेजी से विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है और कनेक्टिविटी मजबूत हो रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे परियोजना इस प्रगति को और तेज करेगी और राज्य के विकास को नई गति देगी। प्रधानमंत्री ने यह भी बताया कि उत्तराखंड अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूरे कर 26वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है और ऐसे समय में इस एक्सप्रेसवे का उद्घाटन एक बड़ी उपलब्धि है। वहीं अंबेडकर जयंती का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने बीआर अंबेडकर को नमन किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का जीवन गरीबों, वंचितों और शोषितों को न्याय दिलाने के लिए समर्पित रहा। उन्होंने बताया कि बीते एक दशक में सरकार के फैसलों और नीतियों ने संविधान की गरिमा को पुनः स्थापित करने का काम किया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अनुच्छेद 370 हटने के बाद अब पूरे देश में संविधान पूरी तरह लागू हो गया है। उन्होंने यह भी बताया कि देश के कई जिलों में माओवाद और नक्सलवाद खत्म हुआ है और वहां भी अब संविधान की भावना के अनुसार काम हो रहा है। उन्होंने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का भी जिक्र किया और कहा कि यह संविधान की अपेक्षा है। उत्तराखंड ने इस दिशा में कदम बढ़ाकर पूरे देश को रास्ता दिखाया है।

प्रधानमंत्री ने सामाजिक न्याय को संतुलित विकास से जोड़ते हुए कहा कि सरकार हर गरीब और वंचित तक सुविधाएं पहुंचाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और औद्योगीकरण के बड़े समर्थक थे और आज सरकार उसी दिशा में काम कर रही है।

पश्चिम एशिया संकट: एस जयशंकर ने इजरायली विदेश मंत्री गिदोन सार से की बात

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया संघर्ष से चिंतित भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इजरायली और ऑस्ट्रेलियाई समकक्षों से फोन पर बात की। विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी।

जयशंकर ने बताया कि मंगलवार दोपहर इजरायल के विदेश मंत्री गिदोन सार के साथ टेलीफोन पर बातचीत हुई। ÷हमने पश्चिम एशिया से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की।÷ वहीं गिदोन सार ने भी अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट से इसकी जानकारी दी। सार ने बताया कि हमेशा की तरह, मेरे मित्र और भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ एक अच्छी बातचीत हुई। हमने ईरान, होर्मुज जलडमरूमध्य और लेबनान पर चर्चा की। सार के अनुसार उन्होंने बातचीत में अमेरिका की शर्तों का जिक्र किया और अंतरराष्ट्रीय समुदाय की बेहतरी पर बल दिया।

वहीं, दूसरी पोस्ट में विदेश मंत्री जयशंकर ने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष से हुई बातचीत की जानकारी दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, ऑस्ट्रेलिया की सिनेटर वॉन्ग के साथ पश्चिम एशिया संघर्ष पर विचार विमर्श किया।

होर्मुज पर अमेरिका की नाकेबंदी के बीच जयशंकर की इजरायल और ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्रियों से बात काफी अहम है। दरअसल, सोमवार को ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नाकेबंदी शुरू करने का ऐलान कर दिया था। अमेरिकी सेंट्रल कमांड फोर्स (सेंटकॉम) के मुताबिक, यह नाकेबंदी तय समय से शुरू कर दी गई है।

विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री भारत-जर्मनी विदेश कार्यालय परामर्श के लिए बर्लिन पहुंचे

नई दिल्ली। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री भारत-जर्मनी विदेश कार्यालय परामर्श के लिए बर्लिन दौरे पर पहुंचे हैं। वे दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा और क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। विदेश सचिव मंगलवार (भारतीय समयानुसार) तड़के बर्लिन पहुंचे, जहां जर्मनी में भारत के राजदूत अजीत गुप्ते ने उनका स्वागत किया।

जर्मनी स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया, ÷विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री भारत-जर्मनी विदेश कार्यालय परामर्श के लिए बर्लिन पहुंच गए हैं। यह यात्रा जनवरी 2026 में चांसलर फ्रेडरिक मर्ज की भारत की सफल यात्रा के बाद हो रही है, और यह भारत व जर्मनी के बीच नियमित संवाद को दर्शाती है।

भारतीय राजदूत अजीत गुप्ते ने भी सोशल मीडिया के जरिए भी विदेश सचिव मिस्त्री का बर्लिन में स्वागत किया। भारतीय राजदूत ने 'एक्स' पोस्ट में कहा, ÷उनकी यह यात्रा भारत-जर्मनी रणनीतिक साझेदारी के संपूर्ण दायरे की समीक्षा करने, द्विपक्षीय एजेंडे के प्रमुख स्तंभों पर चर्चा को आगे बढ़ाने व क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर विचारों का आदान-प्रदान करने का एक अवसर प्रदान करती है।÷

देश में घरेलू एलपीजी सिलेंडर की डिलीवरी सामान्य

नई दिल्ली। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा कि उद्योग भर में ऑनलाइन एलपीजी बुकिंग लगभग 98 प्रतिशत तक बढ़ गई है। घरेलू एलपीजी सिलेंडर की डिलीवरी सामान्य बनी हुई है; निर्बाध घरेलू आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अधिकांश वितरक केन्द्र रविवार को भी खुले। वहीं, मार्च 2026 से अब तक देश भर में 1.28 लाख से अधिक छापे मारे गए हैं और 59,000 से अधिक सिलेंडर जब्त किए गए हैं।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने देश के नागरिकों को सलाह जारी करते हुए कहा कि वे पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की घबराहट में खरीदारी करने से बचें और जानकारी के लिए केवल आधिकारिक स्रोतों पर ही भरोसा करें। मंत्रालय ने कहा कि वे अफवाहों से सावधान रहें और सही जानकारी के लिए आधिकारिक स्रोतों पर भरोसा करें। कल सोमवार को पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय होर्मुज जलडमरूमध्य को प्रभावित करने वाले मौजूदा घटनाक्रमों के बीच पेट्रोलियम उत्पादों और एलपीजी की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए उठाए जा रहे उपायों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए वर्तमान ईंधन आपूर्ति स्थिति पर अद्यतन जानकारी दी।

एनसीआर में शुरू हो रहा है गर्मी का असर एक सप्ताह में पारा पहुंचेगा 40 डिग्री तक

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में अब गर्मी का असर तेजी से बढ़ने लगा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी ताज़ा पूर्वानुमान के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान लगातार बढ़ेगा और 19 अप्रैल तक अधिकतम तापमान 39 से 40 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच सकता है।

वहीं, न्यूनतम तापमान भी धीरे-धीरे बढ़कर 23 डिग्री सेल्सियस तक जाने की संभावना जताई जा रही है। मौसम विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध पूर्वानुमान के अनुसार 14 अप्रैल को अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री दर्ज किया गया है। इस दिन तेज सतही हवाएं चलने का अनुमान है, जिससे कुछ हद तक राहत मिल सकती है, लेकिन इसके बाद गर्मी का असर और बढ़ेगा।

15 अप्रैल को अधिकतम तापमान 36 डिग्री और न्यूनतम 21 डिग्री रहने का अनुमान है, जबकि 16 और 17 अप्रैल को तापमान 37 डिग्री तक पहुंच सकता है। 18 अप्रैल को अधिकतम तापमान 38 डिग्री और न्यूनतम 22 डिग्री रहने की संभावना है। इसके बाद 19 अप्रैल को पारा 39 डिग्री तक पहुंचने का अनुमान है, जबकि न्यूनतम तापमान 23 डिग्री के आसपास रह सकता है। इन सभी दिनों में आसमान साफ रहने की संभावना जताई गई है, जिससे धूप और अधिक तेज महसूस होगी।

अमेजन डॉट इन समर हॉलिडे सीजन की शुरुआत

बेंगलुरु। समर हॉलिडे के शुरू होते ही Amazon.in ने दो क्यूरेटेड स्टोरफ्रंट- किड्स समर स्लैम और समर टॉयज़ लिस्ट- लॉन्च किए हैं। इस सीज़न के सबसे पसंदीदा खिलौनों और प्ले एसेंशियल्स जैसे रिमोट कंट्रोल कार, हॉट व्हील्स, स्विमिंग पूल, क्रिकेट किट, किड्स साइकिल, स्कूटर आदि पर 50% तक की छूट मिल रही है, जिसकी शुरुआती कीमत 199 रुपये है। एडिडास, स्पीडो, डीएससी, निविया और लाइफ्लोंग जैसे ब्रांड्स के प्रोडक्ट्स उपलब्ध हैं। ग्राहक अमेज़न पे आईसीआईसीआई क्रेडिट कार्ड से 5% की बचत और एचडीएफसी, एचएसबीसी, यस बैंक, स्कैपिया, आरबीएल, डीबीएस और बैंक ऑफबड़ौदा के कार्ड्स पर 7.5% तक का इंस्टेंट डिस्काउंट पा सकते हैं। शानदार डील्स के अलावा, Amazon.in के एआई टूल्स टॉय शॉपिंग को बेहद आसान बना देते हैं। अगर आप सोच रहे हैं कि कोई इनफ्लेटेबल पूल आपके बालकनी में फिट होगा या नहीं, तो खरीदने से पहले ÷व्यू इन योर रूम÷ फीचर से उसे वर्चुअली देख सकते हैं। किसी दोस्त के यहां कोई खिलौना पसंद आया? लेंस एआई से तुरंत वैसा ही प्रोडक्ट ढूंढें-ब्रांड नाम या सर्च टर्म की भी आवश्यकता नहीं। आठ साल के बच्चे के लिए सही क्रिकेट किट कौन सा है? रुफस से पूछें और तुरंत सही सुझाव पाएं। रिव्यू हाइलाइट्स हजारों रिव्यू में से जरूरी बातें जैसे ड्यूरेबिलिटी, सेफ्टी और प्ले वैल्यू को सामने लाता है, ताकि अभिभावकों को अंदाज़ा लगाने की जरूरत न पड़े। प्राइस हिस्ट्री से यह पता चलता है कि किसी प्रोडक्ट की कीमत समय के साथ कैसी रही है।

खुदरा महंगाई दर मार्च में 3.4 प्रतिशत रही अरहर, आलू और प्याज के दाम घटे

नई दिल्ली। खुदरा महंगाई दर मार्च में सालाना आधार पर 3.4 प्रतिशत रही है, इसमें क्रमिक आधार पर 0.19 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। फरवरी में यह 3.21 प्रतिशत थी। यह जानकारी सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा सोमवार को दी गई। मंत्रालय ने कहा कि मार्च में ग्रामीण इलाकों में खुदरा महंगाई दर 3.63 प्रतिशत और शहरी इलाकों में खुदरा महंगाई दर 3.11 प्रतिशत रही है।

खाद्य महंगाई दर मार्च में 3.87 प्रतिशत रही है और फरवरी में यह 3.47 प्रतिशत थी। मार्च में ग्रामीण इलाकों में खाद्य महंगाई दर 3.96 प्रतिशत रही है और शहरी इलाकों में यह 3.71 प्रतिशत थी। बीते महीने प्याज -27.76 प्रतिशत, आलू -18.98 प्रतिशत,

लहसुन -10.18 प्रतिशत, अरहर -9.56 प्रतिशत और मटर, चना -7.87 प्रतिशत की गिरावट के साथ राष्ट्रीय स्तर पर सबसे कम महंगाई दर्ज करने वाले शीर्ष 5 प्रमुख आइटम थे। इन सभी में महंगाई दर सालाना आधार पर नकारात्मक रही है। वहीं, दूसरी तरफ चांदी की ज्वैलरी 148.61 प्रतिशत, सोना/हीरा/प्लेटिनम ज्वैलरी 45.92 प्रतिशत, कोपरा 45.52 प्रतिशत, टमाटर (35.99 प्रतिशत और फूलगोभी 34.11 प्रतिशत, राष्ट्रीय स्तर पर सबसे अधिक महंगाई दर्ज करने वाले शीर्ष 5 प्रमुख आइटम थे। इन सभी आइटम में महंगाई दर सालाना आधार पर सकारात्मक रही है।

मार्च में, जिन पांच राज्यों में खुदरा महंगाई दर सबसे अधिक रही है, उनमें तेलंगाना (5.83 प्रतिशत), आंध्र प्रदेश (4.05 प्रतिशत), कर्नाटक (3.96 प्रतिशत), तमिलनाडु (3.77 प्रतिशत) और राजस्थान (3.64 प्रतिशत) शामिल थे। सरकार के मुताबिक, खुदरा महंगाई दर के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा संगठन (एनएसओ), सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) के फील्ड ऑपरेशंस डिवीजन के फील्ड स्टाफ द्वारा साप्ताहिक आधार पर व्यक्तिगत दौरों के माध्यम से सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को कवर करते हुए चयनित 1407 शहरी बाजारों (ऑनलाइन बाजारों सहित) और 1465 गांवों से रियल टाइम प्राइस डेटा एकत्र किया जाता है।

टी-20 वर्ल्ड कप जिताने वाले सूर्यकुमार होंगे टीम इंडिया से बाहर?

नई दिल्ली। भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टीम को टी20 वर्ल्ड कप जिताया जरूर है, लेकिन उनकी बल्लेबाजी फॉर्म अब भी सवालों के घेरे में है। ऐसे में 2028 लॉस एंजेलिस ओलंपिक और ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप को लेकर उनका भविष्य पूरी तरह प्रदर्शन पर निर्भर माना जा रहा है।

जून-जुलाई में होने वाला इंग्लैंड और आयरलैंड दौरा सूर्यकुमार के लिए बेहद अहम होगा। इस दौरे पर उनकी कप्तानी से ज्यादा उनकी बल्लेबाजी पर नजर रहेगी। यही तय करेगा कि उन्हें 2028 तक टीम में बनाए रखा जाएगा या नहीं। यानी इशारा साफ है कि सूर्या की कप्तानी और टीम में जगह दोनों ही दांव पर है।

टीम के हेड कोच गौतम गंभीर अभी भी सूर्यकुमार के समर्थन में हैं और उन्हें 2028 तक जारी रखने के पक्ष में बताए जा रहे हैं। हालांकि, अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति इस पर क्या फैसला लेती है, यह देखना दिलचस्प होगा। खास बात यह है कि ओलंपिक के समय सूर्यकुमार की उम्र करीब 38 साल होगी। अगर उनके हालिया प्रदर्शन की बात करें तो 2025 उनके लिए बेहद खराब रहा था। उनका स्ट्राइक रेट 120 से नीचे चला गया था और वह एक भी अर्धशतक नहीं लगा सके थे। हालांकि 2026 में उन्होंने वापसी की और टी20 वर्ल्ड कप तक चार अर्धशतक लगाए, जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 160 से ज्यादा रहा।

गांव में सूखा: पर आंखों में दर्द का समंदर, छह महीने पीने के पानी के लिए हाहाकार

ग्राम गढ़रीवां : संघर्ष 46 साल का, पानी बूंदभर नहीं

एक-एक बूंद पानी के लिए रतजगा, मनमुटाव, सिर फुटव्वल आम बात

शशांक खरे

रायपुर/नवप्रदेश। संघर्ष का रास्ता कठिन होता है. यह एक शाश्वत सत्य है. किंतु, इतना भी कठिन होता होगा, यह नहीं सोचा था, गढ़रीवां के रहवासियों ने. पिछले 46 सालों से पीने के पानी के लिए यहां के ग्रामीण संघर्ष कर रहे हैं. किंतु, संघर्ष खत्म नहीं हुआ. एक-एक बूंद पानी के लिए रतजगा, सिर फुटौव्वल, मन-मुटाव, झगड़ा-लड़ाई गांव के लोगों के जीवन का अहम हिस्सा हो गया है. पड़ोसी से पड़ोसी की अनबन यहां कोई नई बात नहीं है. कोई बीस-पच्चीस गुंडी पानी ले जा रहा है, तो किसी को एक बूंद पानी नसीब नहीं हो रहा है. भू-जल 450 फुट से नीचे चला गया है. पीने के पानी के लिए धरना-प्रदर्शन, आंदोलन, लिखा-पढ़ी, कागजी कार्रवाई पिछले साढ़े चार दशक से चल रहा है. लेकिन, स्थिति जस की तस है. कभी-कभी तो भोजन करने के पूर्व आचमन करने के लिए पानी नसीब नहीं होता. सबसे गंभीर स्थिति यह है, कि यहां बाहर के लोग अपनी बेटी को ब्याहने से साफ मना कर देते हैं. यानी, रोटी-बेटी का संबंध बनाने से परहेज करते हैं. शादी के लिए लड़की नहीं मिलने से कई युवक बूढ़े हो जा रहे हैं. सामाजिक ताना-बाना बिखरने का दंश भी झेल रहा है ग्राम गढ़रीवां।

राजधानी रायपुर से 28 किमी और नवा रायपुर से 20 किमी की दूरी पर नेशनल हाई-वे से लगभग एक किमी की दूरी पर बसा है ग्राम गढ़रीवां, यह पंचायत आरंग ब्लॉक के अंतर्गत आता है. आरंग विधानसभा के सीटिंग एमएलए गुरु खुशवंत साहेब हैं. वर्तमान में वे विष्णुदेव सरकार में कौशल विकास, तकनीकि शिक्षा और रोजगार विभाग के मंत्री हैं. गांव की आबादी 5000 है. है तो यहां हाईस्कूल, पंचायत सचिव, पटवारी, मास्टर... सब व्यवस्था है, किंतु पानी की व्यवस्था ठीक नहीं होने से यहां की अर्थव्यवस्था, रोजी-रोटी पर इसका गहरा असर पड़ रहा है. लोग पानी के जुगाड़ में रोजी-रोटी तक को त्याग देते हैं. क्योंकि, चौबीसों घंटे एक-एक बूंद के लिए मारामारी यहां आम बात है. गांव में दिन हो या रात, जरिकेन, छोटे ड्रम, बाल्टी, गुंडी आदि लेकर आते-जाते लोगों को देखा जा सकता है. जहां-जहां बोर खुदा है, वहां लोग लाइन लगाए खड़े रहते हैं. सरकारी और निजी मिलाकर लगभग 100 बोर हैं. जलस्तर नीचे चले जाने से बोर से पानी बहुत कम मात्रा में निकलता है. कई बोर तो पूरी तरह सूख चुके हैं।

नवप्रदेश पड़ताल

75 एकड़ का तालाब, जिसमें लगभग 30 एकड़ मिट्टी से पट गया है। जिसके गहरीकरण की दरकार। तालाब की मौजूदा हालात को दिखाते हुए ग्राम गढ़रीवां के सरपंच घसिया राम साहू।

1980 से बिगड़े हालात, कागजों में समस्या का हल ढूंढ़ रहे अधिकारी

73 वर्षीय घसिया राम साहू गढ़रीवां के सरपंच हैं, वे वर्ष 2024 से सरपंच की कुर्सी संभाल रहे हैं. उनकी दिली इच्छा नहीं थी, कि वे सरपंच बने. किंतु पंचायत में पानी समेत दीगर समस्याओं को देखते हुए उन्होंने लोगों के कहने पर मन बनाया. लोगों के भरपूर समर्थन से वे सरपंच बन गए. गांव में शुद्ध पेयजल के संकट की बातें बताते समय उनका गला रूंध गया. आंखों से आंसू निकल गए. सरपंच घसियाराम बताते हैं. पहले गांव में पीने के पानी की कोई समस्या नहीं थी, एक बोर से पूरे गांव में पानी की सप्लाई होती थी. सब कुछ अमन-चैन था. साल 1980 में बोर का पंप गिरकर जमीन के अंदर काफी नीचे चला गया. पंप को निकालने बहुत कोशिश हुई. किंतु, सफलता नहीं मिली. बस, उसी समय से आज तक गांव में पीने के पानी की विकट समस्या बनी हुई. कई बार आंदोलन, धरना-प्रदर्शन, चक्काजाम तक ग्रामीण कर चुके हैं. किंतु, प्रशासन की ओर से स्थायी समाधान नहीं किया गया. जद्दोजहद जारी है. जब बारिश होती है. भू-जल स्तर बढ़ जाता है. छह महीने लोगों को पता नहीं चलता. जैसे ही गर्मी आती है, एक-एक बूंद पानी के लिए संघर्ष चलता है. बकौल सरपंच साहू- 46 साल हो गए, यहां की समस्या का समाधान अफसर कागजों में खोज रहे हैं, हक़ीक़त में कुछ भी नहीं. मैं स्वयं सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटते-काटते थक गया हूं. लेकिन, कागज़ आ रहा है, कागज़ जा रहा है. हो कुछ भी नहीं रहा है. 5000 की आबादी के लिए पानी का जुगाड़ आसान नहीं है. पंचायत के पास इतना पर्याप्त फंड नहीं है, कि इतनी बड़ी समस्या से निपटा जाए. 75 एकड़ का एक तालाब है. जिसमें लगभग 30 एकड़ मिट्टी से पट गया है. यदि इस तालाब का गहरीकरण कर फिल्टर प्लांट लगा दिया जाए, तो ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा. इन बूढ़ी आंखों ने अपने जमाने में इस गांव में जल का वो समंदर देखा है, कि कभी कल्पना नहीं की थी, कि आने वाले कल में एक-एक बूंद पानी के लिए जद्दोजहद करनी पड़ेगी. लोगों को पानी के लिए संघर्ष करते देखता हूं, तो आंखों में दर्द का समंदर छलक आता है. उम्र के जिस पड़ाव पर हूं, मुझे संघर्ष नहीं करना चाहिए, किंतु मेरी जवाबदेही मुझे मजबूती के साथ खड़े रहने विवश कर देती है. लोगों का प्यार, स्नेह और प्रेरणा से मुझे ऊर्जा मिलती है. जब तक सरपंच की कुर्सी पर बैठूंगा, गांव की तरक्की और खुशहाली के लिए मेरा संघर्ष जारी रहेगा. यह मेरा दृढ़ संकल्प है।

सीताराम साहू : समर्पण की मिसाल

बारहों महीना मुफ्त में पानी बांटते हैं जरूरतमंदों को

गढ़रीवां से लगे ग्राम कुकरा निवासी 48 वर्षीय सीताराम साहू सेवा, त्याग और समर्पण की मिसाल हैं. सीताराम अपने घर के सामने एक बोर खुदवाए हुए हैं. उसे पानी की टंकी में स्टोर करते हैं. आठों काल, बारहों महीने, चौबीसों घंटे वे बिना किसी भेदभाव के अपनी ओर से पानी नि:शुल्क देते हैं. वे किसी से ये नहीं पूछते कि किस काम के लिए पानी लेकर जा रहे हैं. वे कहते हैं, कि पानी की जरूरत है, तो उनसे सवाल करना ही व्यर्थ है. यदि का सेवा का भाव हृदय में है, तो मन में कोई सवाल उठना बेमानी है. सीताराम सूखे कंठ को पानी देना, ईश्वर की सेवा मानते हैं. वे अपने को भाग्यशाली मानते हैं. वे कहते हैं, इस जीवन में ऊपर वाले ने जरूरतमंदों की सेवा करने का एक अवसर दिया है. सेवा का ये भाव अंतिम सांस तक रहेगा. एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि, सेवा का भाव मेरे भीतर, तब आया, जब मैं धार्मिक स्थलों की यात्रा पर जाने लगा. वे कहते हैं, कि वे बोलबम सेवा समिति से जुड़े हैं. बोलबम यात्रा में जाते हैं. बोलबम यात्रा में सेवा का जो अलख जगाया जाता है, उस सेवाभाव को देखकर ही मेरे मन में ये बात आई, कि हमें भी अपने स्तर पर जितना अच्छा हो सके, करना चाहिए. कुकरा में वाटर लेवल डेढ़ सौ फुट की गहराई पर मिल जाता है. पानी की कोई कमी नहीं है. सीताराम, खेती-बाड़ी के अलावा मिठाई की दुकान चलाते हैं. उनके लिए व्यवसाय अलग है, सेवा का भाव अलग है. दीन-दुखियों की सेवा के लिए समर्पित सीताराम इस भीषण गर्मी में लोगों को पानी बचाने, पानी दान करने समाज के लोगों से अपील भी करते हैं. वे कहते हैं, जो बन सके, समाज के लिए हर व्यक्ति को कुछ न कुछ करते रहना चाहिए. ग्राम कुकरा साहू बहुल गांव है. लगभग 75 प्रतिशत साहू समाज के लोग रहते हैं।

सीताराम के घर के सामने खुदा बोर, जिससे जरूरतमंद पानी ले जाते हैं।

गांव में पानी के लिए बोर के पास इस तरह महिलाओं की लाईन लगी रहती है।

पिपला फाउंडेशन का योगदान, पानी टंकी लगाने की तैयारी

महेन्द्र पटेल

दूजेराम धीवर

आरंग की समाजसेवी संस्था पिपला फाउंडेशन गढ़रीवां के जलसंकट के दर्द से अपने को अछूता नहीं रख सकती. गढ़रीवां और कुकरा के बीच एक तालाब है. तालाब के पास पिपला फाउंडेशन लोगों को पानी उपलब्ध कराने एक पानी टंकी स्थापित करने जा रहा है. जल्द ही पानी टंकी लगाने तैयारी शुरू कर दी गई है. पिपला फाउंडेशन के अध्यक्ष दूजेराम धीवर और संयोजक महेंद्र पटेल जल संरक्षण की दिशा में विगत सात सालों से विशेष काम कर रहे हैं. धीवर और पटेल की पहल पर यहां पर पानी की टंकी लगाई जाएगी. इस टंकी को लगाने पिपला फाउंडेशन आर्थिक योगदान कर रहा है. लेकिन, विशेष सहयोग (फंडिंग) कुकरा निवासी समाजसेवी सीताराम साहू क कर रहे हैं. पिपला फाउंडेशन और सीताराम साहू संयुक्त रूप से इस कार्य को शीघ्र संपन्न कराएंगे।

सेवा का अलख कुकरा निवासी ईश्वरी साहू भी जगाते हैं

ग्राम कुकरा निवासी ईश्वरी प्रसाद साहू भी सेवा और समर्पण की मिसाल हैं. जैविक खेती को बढ़ावा देते हैं. साथ ही नशा मुक्ति की दिशा में बेहतर काम कर रहे हैं। गायत्री परिवार से जुड़े ईश्वरी प्रसाद सीधे-सहज-सरल व्यक्ति हैं। वे युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति को रोकना चाहते हैं। वे चाहते हैं, कि हमारा छत्तीसगढ़ नशामुक्त राज्य बने। ईश्वरी प्रसाद, लोगों को पानी बचाने प्रेरित करते रहते हैं।

गहरीकरण के बदले सौंदर्यीकरण पर फोकस

सरपंच साहू बताते हैं, कि गांव में 75 एकड़ का सरकारी तालाब है. लगभग 25-30 एकड़ हिस्सा मिट्टी से पट गया है. तालाब गहरीकरण के लिए 5 करोड़ रुपए मंजूर हुए हैं. गहरीकरण के बदले अफसरों ने सौंदर्यीकरण शुरू कर दिया है. 25-30 एकड़ हिस्से से मिट्टी निकाल कर गहरीकरण किया जाता तो जल संचय होता, वहां वाटर फिल्टर प्लांट लगाकर गांव में पाइप लाइन के माध्यम से जलापूर्ति की जा सकती थी. किंतु, मूल काम को छोड़कर सौंदर्यीकरण पर फोकस किया जा रहा है. हम सौंदर्यीकरण के खिलाफ नहीं हैं, किंतु वर्तमान में जलसंकट से निपटना हमारी पहली प्राथमिकता है. एक 13 एकड़ का एक तालाब है. 5-5 एकड़ का पचरी और पुरैना तालाब हैं. गांव में कुल छह तालाब हैं. इन सभी तालाबों में भी काम करने की जरूरत है।

82 साल के रिटायर्ड डीएसपी और उनकी पत्नी को पन्ना पुलिस ने बनाया क्रिमिनल

■ भड़का छत्तीसगढ़ प्रदेश सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी कल्याण एसोसिएशन

भिलाई /नवप्रदेश। मध्य प्रदेश के पन्ना जिले में 07 अप्रैल को 82 वर्षीय रिटायर्ड डीएसपी भरत सिंह चौहान और उनकी पत्नी 78 साल की श्रीमती राजश्री चौहान के साथ पुलिस बदसलूकी का मामला गरमा गया है। सीट बेल्ट के विवाद में दंपति पर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है, जिससे छत्तीसगढ़ प्रदेश सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी कल्याण एसोसिएशन में भारी रोष है, सेवानिवृत पुलिस अधिकारियों ने इस घटना की करें शब्दों में निंदा करते हुए मध्य प्रदेश के पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना से इस मामले में दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्यवाही करने एवं दर्ज अपराध को खत्मा करने की मांग की है, पुलिस अधिकारियों का यह रवैया सेवानिवृत पुलिस अधिकारी एवं सीनियर सिटीजन के साथ अमानवीय कृत्य है, जिसकी जितनी निंदा की जाए उतना कम है इस मामले में पन्ना के पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू की भी भूमिका संदिग्ध है पूरी कार्यवाही इस बात को इंगित करती है की सीनियर सिटीजन एवं रिटायर्ड पुलिस अधिकारियों के साथ पुलिस का बर्ताव काफी गंभीर मुद्दा बन गया है। उल्लेखनीय है कि भरत सिंह चौहान ने छत्तीसगढ़ में दुर्ग जिले में छावनी, राजधानी रायपुर में कोतवाली, एवं बिलासपुर में सिविल लाइन थाने में अपनी सेवाएं दे चुके हैं,

पन्ना पुलिस की कार्यवाही की निंदा करने वालों एसोसिएशन के संरक्षक आर.पी शर्मा, अध्यक्ष सेवानिवृत अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक बी बी एस ठाकुर,संतोष सिंह गौर, व्ही. एस. दवे, भारत भूषण शर्मा, सुरेश चंद्र गोस्वामी, आर. के. राय, उदय भान सिंह चौहान,अजीत यादव, विश्वास चंद्राकर, कविलाश टंडन, राकेश जोशी, सचिन देव शुक्ला, राजेंद्र प्रसाद शर्मा, एन. के. साहू, रविंद्र उपाध्याय, महेश सिंन्हा, राजेंद्र प्रसाद यादव, लल्लन सिंह, सुरेश तिवारी, जगदीश उइके, रोहित बघेल, जी.सी. पति, के.एम.एस. खान, शौकत अली, वीरेंद्र सतपति, विनोद कुमार पहाड़े,नरेंद्र हरियाणो, विजय शर्मा, दिनेश कुमार त्रिपाठी, नवीन शंकर चौबे, अशोक जोशी, राजेंद्र सिंह, प्रमुख रूप से शामिल है।

रायपुर बार एसोसिएशन चुनाव पर रोक 15 दिन बढ़ी

रायपुर/नवप्रदेश। हाई कोर्ट ने रायपुर जिला बार एसोसिएशन के आगामी चुनाव की प्रक्रिया पर रोक 15 दिन और बढ़ा दी है। याचिकाकर्ता को स्टेट बार काउंसिल में अभ्यावेदन देने के निर्देश दिए हैं। मामले पर जस्टिस नरेश कुमार चंद्रवंशी की सिंगल बेंच में सुनवाई हुई। रायपुर के जिला कोर्ट में प्रैक्टिस कर रही महिला वकील शमीम रहमान ने एडवोकेट हमीदा सिद्दिकी के जरिए हाई कोर्ट में याचिका लगाई है, इसमें चुनाव प्रक्रिया की वैधानिकता को चुनौती दी गई है। कहा कि चुनाव की अधिसूचना के अनुसार कुल 18 पदों में से 9 पद केवल पुरुष अधिवक्ताओं के लिए आरक्षित कर दिए गए थे। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट के योगमाया विरुद्ध केंद्र सरकार के मामले में महिला अधिवक्ताओं के लिए 30% आरक्षण का निर्देश दिया था, जिसका पालन नहीं किया गया।

कांग्रेस संगठन को 16 अप्रैल तक कार्यकारिणी गठन की समयसीमा

■ नहीं बनने पर प्रदेश नेतृत्व करेगा प्रक्रिया

रायपुर/नवप्रदेश। इंडियन नेशनल कांग्रेस के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने के लिए जिला कांग्रेस समितियों को 16 अप्रैल तक अपनी कार्यकारिणी घोषित करने का निर्देश दिया गया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने स्पष्ट कर दिया है कि निर्धारित समयसीमा में कार्यकारिणी का गठन नहीं होने पर संबंधित जिलों में पर्यवेक्षक भेजे जाएंगे और उनकी मौजूदगी में पूरी प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। जानकारी के अनुसार, पहले ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी द्वारा 31 मार्च तक कार्यकारिणी गठन की समयसीमा तय की गई थी, लेकिन रायपुर और बिलासपुर सहित कई जिलों में यह प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई। इसके बाद प्रदेश स्तर पर हुई बैठक में समयसीमा बढ़ाकर 16 अप्रैल कर दी गई।

सूत्रों का कहना है कि तय अवधि तक भी यदि जिला अध्यक्ष अपनी कार्यकारिणी घोषित नहीं कर पाते हैं, तो प्रदेश कांग्रेस कमेटी सीधे हस्तक्षेप करेगी। इसके तहत संबंधित जिलों में पर्यवेक्षक भेजे जाएंगे, जो स्थानीय स्तर पर रायशुमारी कर नामों की सूची तैयार करेंगे। इसके आधार पर प्रदेश नेतृत्व द्वारा कार्यकारिणी की घोषणा की जाएगी।

इधर, दंतेवाड़ा में जिला कांग्रेस अध्यक्ष के इस्तीफे के बाद नए अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं हो पाई है, जिससे वहां कार्यकारिणी गठन की प्रक्रिया फिलहाल अटकी हुई है। वहीं बिलासपुर में शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के विभाजन को लेकर कार्यकारिणी गठन में देरी हो रही है। यहां अतिरिक्त वार्डों को शहर कांग्रेस में शामिल करने का प्रस्ताव भी विचाराधीन है। रायपुर में कांग्रेस भवन, गांधी मैदान में आयोजित बैठक में नवनियुक्त वार्ड अध्यक्षों को जमीनी स्तर पर सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए। उन्हें अपने-अपने क्षेत्रों में शीघ्र समिति गठन, बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने और जनसमस्याओं को उठाने पर जोर दिया गया। साथ ही सरकार की नीतियों के विरोध में जनजागरण अभियान चलाने की रणनीति पर भी चर्चा हुई। प्रदेश में कई जिलों में कार्यकारिणी गठन लंबित होने के कारण अब संगठन की नजर 16 अप्रैल की समयसीमा पर टिकी है। इसके बाद आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

हवाला कारोबारी के कर्मचारी से रायपुर में 35 लाख रुपए की ठगी

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के वीआईपी तिराहा के पास मुंबई के एक हवाला कारोबारी के कर्मचारी से 35 लाख रुपए की ठगी हो गई। घटना वीआईपी रोड स्थित राम मंदिर के पास हुई। कर्मचारी की शिकायत पर पुलिस ने ठगी का केस दर्ज कर लिया है। मौके के आसपास लगे सीसीटीवी में संदिग्ध का फुटेज मिला है और फोन नंबर के आधार पर आरोपी की तलाश की जा रही है। पुलिस के मुताबिक, मुंबई निवासी करण शर्मा अपने मालिक के कहने पर 11 अप्रैल को रायपुर आया था। वीआईपी रोड स्थित एक कॉम्प्लेक्स में उसने नोट का आधा हिस्सा दिखाकर व्यापारी से 35 लाख रुपए लिए। इसके बाद मालिक ने उसे वहीं रुकने और दूसरे व्यापारी को रकम देने को कहा। दूसरे व्यापारी ने तीसरे व्यक्ति का नंबर और नोट का सीरियल भेजा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, समाचार संपादक-संदीप दीवान, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com